सच, सिर्फ सच

**

# वॉयस ऑफ लखनऊ

गुरुवार, 13 मार्च, 2025 लखनऊ, महानगर, वर्ष 20, अंक 71, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## सेंसेक्स में 73 अंकों की गिरावट

स्थानीय शेयर बाजार में मामूली गिरावट आयी और सेंसेक्स लगातार चौथे कारोबारी सत्र में 73 अंक के नुकसान में रहा। } 14

## राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नवाचार को दे रहे बढ़ावा

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पीयू में अनुसंधान, नवाचार और वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। } 16



## होली की हार्दिक शुभकामनाएं



## पाक में ट्रेन हाईजैक मामला : 30 उग्रवादियों को सेना ने किया ढेर

एजेंसी

कराची/इस्लाबामाद। पाकिस्तान के अशांत बलूचिस्तान प्रांत में सुरक्षा बलों ने अपहृत की गई रेलगाड़ी के 190 यात्रियों को बचाते हुए 30 उग्रवादियों को मार गिराया। सुरक्षा अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। बलूच उग्रवादियों ने मंगलवार को एक सुरंग में हमला कर इस रेलगाड़ी पर कब्जा कर लिया था।

अधिकारियों ने बताया कि सुरक्षा बलों एवं उग्रवादियों के बीच मुठभेड़ लगातार दूसरे दिन बुधवार को भी जारी रही। अधिकारियों ने बताया कि नौ डिब्बों में लगभग 400 यात्रियों को लेकर जाफर एक्सप्रेस ट्रेन क्वेटा से खैबर पख्तूनख्वा के पेशावर जा रही थी तभी उग्रवादियों ने विस्फोटकों का इस्तेमाल कर ट्रेन को बेपटरी कर दिया और उस पर कब्जा कर लिया।



बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने मंगलवार को इस हमले की जिम्मेदारी ली। उग्रवादियों ने छह सैनिकों की हत्या कर दी हालांकि पाकिस्तानी अधिकारियों ने अब तक मारे गये लोगों की पुष्टि नहीं की है।

सेना और फ्रंटियर कोर सहित सुरक्षा बल क्वेटा से 160 किलोमीटर दूर एक सुरंग में गुडलार और पीरू कुनरी के पहाड़ी इलाकों के पास ट्रेन पर नियंत्रण करने वाले उग्रवादियों का मुकाबला कर रहे हैं। बलूचिस्तान सरकार के प्रवक्ता शाहिद रिंद ने कहा कि जब तक सभी यात्रियों को बचा नहीं लिया जाता, तब तक अभियान जारी रहेगा। रिंद ने कहा कि बंधक स्थिति के कारण सुरक्षा बल अतिरिक्त सावधानी बरत रहे हैं। अधिकारियों ने बताया कि आत्मघाती जैकेट पहने कुछ उग्रवादियों ने महिलाओं और बच्चों को एकत्र कर उन्हें अपने पास बैठने के लिए मजबूर किया। उन्होंने बताया कि आत्मघाती हमलावरों के साथ महिलाओं और बच्चों की मौजूदगी के कारण अभियान को बेहद सावधानी से अंजाम दिया जा रहा है।

सुरक्षा सूत्रों ने बताया कि बचाव अभियान में अब तक 30 उग्रवादी मारे गए हैं जबकि 190 यात्रियों को बचा लिया गया है। सूत्रों के मुताबिक, घायल हुए करीब 30 लोगों को अस्पताल भेजा गया है। सूत्रों ने बताया कि अभियान के दौरान ट्रेन के मुख्य इंजन में सवार दो चालक और आठ सुरक्षाकर्मी मारे गए। यह पहली बार है जब बलूचिस्तान ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संक्षेप

### मृत्यु पूर्व बयान के लिए भी पुष्टि साक्ष्य जरूरी

नयी दिल्ली। उच्चतम न्यायालय ने कहा है कि पुष्टि साक्ष्य के अभाव में मृत्यु पूर्व दिए गए संदिग्ध बयान के आधार पर किसी को दोषी ठहराना उचित नहीं है। शीर्ष अदालत ने इस टिप्पणी के साथ एक व्यक्ति को उसकी पत्नी की हत्या के आरोप से बरी कर दिया। न्यायमूर्ति सुधांशु धूलिया और न्यायमूर्ति अहसानुद्दीन अमानुल्लाह की पीठ ने कहा कि मृत्यु पूर्व दिया गया बयान एक महत्वपूर्ण साक्ष्य है और केवल इसी के आधार पर दोषसिद्धि की जा सकती है, क्योंकि आपराधिक कानून में इसका अत्यधिक महत्व है। हालांकि, इस तरह का भरोसा मृत्यु पूर्व दिए गए बयान की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और किसी मामले के संपूर्ण तथ्यों पर विचार करने के बाद ही किया जाना चाहिए। न्यायालय ने यह टिप्पणी करते हुए सितंबर 2008 में पत्नी को जलाकर उसकी हत्या करने के आरोप में दोषी ठहराए गए व्यक्ति को बरी कर दिया। पीठ ने चार मार्च के अपने फैसले में कहा दूसरे शब्दों में, यदि व्यक्ति के मृत्यु-पूर्व दिए गए बयान पर संदेह हो या उसके मृत्यु-पूर्व दिए गए बयानों में विरोधाभास हो, तो अदालतों को यह पता लगाने के लिए पुष्टि साक्ष्यों पर गौर करना चाहिए कि मृत्यु-पूर्व दिए गए किस बयान पर विश्वास किया जाए।

### रमजान मुबारक



| शिया | | सुन्नी | |
|---|---|---|---|
| अफ्तार | सेहरी | अफ्तार | सेहरी |
| 6:23 | 4:54 | 6:14 | 5:03 |

### अवकाश की सूचना

होली पर 'वॉयस ऑफ लखनऊ' के सुधी पाठकों, विज्ञापन दाता व समाचार पत्र वितरक बंधुओं और प्रदेशवासियों को ढेरों शुभकामनाएं।

13 व 14 मार्च यानी गुरुवार व शुक्रवार को वॉयस ऑफ लखनऊ कार्यालय बंद रहेगा। अगला अंक 16 मार्च रविवार को प्रकाशित होगा। -संपादक



### आज का मौसम

अधिकतम : 31.06 डिसे.
न्यूनतम : 16.04 डिसे.

### भीतर पढ़ें


- अन्नपूर्णा भवनों के पास बनेंगे ग्रामीण हाट बाजार (पृष्ठ–02)
- सूर्यगढ़ की तर्ज पर यूपी में बनेंगे तीन हेरिटेज होटल (पृष्ठ–02)
- जनवरी में औद्योगिक उत्पादन पांच प्रतिशत बढ़ा (पृष्ठ–14)
- रुपया दो पैसे बढ़कर 87.19 प्रति डॉलर पर (पृष्ठ–14)
- मप्र बजट का परिव्यय बढ़कर 4.21 लाख करोड़ (पृष्ठ–14)


# पूरी दुनिया कर रही भारत का अनुसरण : योगी

○ मुख्यमंत्री ने 'मंथन : महाकुम्भ एण्ड बियोण्ड' का किया शुभारम्भ ○ आस्था का सम्मान करना जानता है नया भारत

### विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर भारत

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि यह सदी भारत की सदी है। पूरी दुनिया भारत का अनुसरण कर रही है। नया भारत आस्था का सम्मान करना जानता है। दुनिया की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है। विश्व के कल्याण का मार्ग यहीं से प्रशस्त होगा। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को दुनिया हाथों हाथ लेकर उनका सम्मान करते हुए स्वयं को गौरवान्वित अनुभव कर रही है। प्रयागराज महाकुम्भ-2025 का आयोजन दुनिया को सनातन धर्म के वास्तविक स्वरूप से अवगत कराने का माध्यम साबित हुआ है। महाकुम्भ सनातन धर्म के विराट स्वरूप की एक झलक थी। इस अवसर पर दुनिया ने भारत के सामर्थ्य को नजदीक से देखा है।

मुख्यमंत्री बुधवार को एक हिन्दी व अंग्रेजी साप्ताहिक समाचार पत्र द्वारा आयोजित 'मंथन : महाकुम्भ एण्ड बियोण्ड' कार्यक्रम का शुभारम्भ करने के पश्चात अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश को दुनिया के सामने अपना परसेप्शन प्रस्तुत करने का अवसर प्राप्त हुआ। दुनिया इस आयोजन को कौतूहल की निगाह से देख रही थी। महाकुम्भ का आयोजन भारत की हजारों वर्षों की विरासत का हिस्सा है। महाकुम्भ ने देश-विदेश के हजारों श्रद्धालुओं और पर्यटकों को अपनी ओर आकर्षित किया। त्रिवेणी के संगम में देश-विदेश के श्रद्धालुओं को जाति, पंथ, मजहब, सम्प्रदाय आदि के भेद के बिना डुबकी लगाने का अवसर प्राप्त हुआ। यही 'एक भारत, श्रेष्ठ भारत' का वास्तविक रूप है। मुख्यमंत्री ने कहा कि सनातन धर्म के प्रति श्रद्धा का भाव होना आवश्यक है। तुलसीदास कहते हैं कि श्रद्धावान लभते ज्ञानम। यदि आपके मन में श्रद्धा का भाव है, तो आगे का मार्ग स्वयं ही प्रशस्त हो जाएगा। महाकुम्भ के आयोजन के दौरान पूज्य सन्तों का सहयोग और सानिध्य अभिनन्दनीय था। वर्ष 2019 में उन्हें पहली बार कुम्भ से जुड़ने का अवसर प्राप्त हुआ। प्रधानमंत्री के मार्गदर्शन में टीम भावना के साथ कार्य किया गया है। वर्ष 2019 का कुम्भ स्वच्छता के लिए जाना जाता है। वर्ष ...शेष पृष्ठ 14 पर



### उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ परिवारों को फ्री सिलेंडर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मातृशक्ति के सशक्तिकरण के लिए वर्ष 2016 में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना प्रारम्भ की थी। यह योजना खाना बनाते समय माताओं, बहनों की आंखों को धुएं से बचाने में कारगर सिद्ध हुई है। इस योजना के अन्तर्गत पूरे देश में 10 करोड़ परिवारों और उत्तर प्रदेश में लगभग 2 करोड़ परिवारों को निःशुल्क रसोई गैस कनेक्शन प्रदान किये गये हैं। प्रधानमंत्री के 'सबका साथ सबका विकास' के मंत्र को अपनाते हुए बिना भेदभाव के इस योजना का लाभ गरीबों को प्रदान किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री बुधवार को लोक भवन में प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के प्रदेश के 1.86 करोड़ परिवारों को 1,890 करोड़ रुपये की धनराशि के रिफिल सिलेंडर सब्सिडी वितरण कार्यक्रम के अवसर पर अपने विचार व्यक्त कर रहे थे। इससे पूर्व, मुख्यमंत्री ने बटन दबाकर प्रदेशव्यापी रसोई गैस रिफिल सिलेंडर सब्सिडी अन्तरित की। ज्ञातव्य है कि राज्य सरकार द्वारा प्रत्येक सिलेंडर रिफिल पर 508.14 रुपये की सब्सिडी...शेष पृष्ठ 14 पर

### संसद ने तेलक्षेत्र संशोधन विधेयक को दी मंजूरी

नयी दिल्ली। संसद ने बुधवार को खनिज तेल उत्खनन के लिए सिंगल परमिट प्रणाली लाने और समग्र ऊर्जा परियोजनाओं के विकास के लक्ष्य वाले विधेयक को मंजूरी प्रदान की।

लोकसभा में विधेयक पर चर्चा और फिर केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी के जवाब के बाद सदन ने तेलक्षेत्र (विनियमन तथा विकास) संशोधन विधेयक, 2024 को ध्वनिमत से मंजूरी दी। राज्यसभा इस विधेयक को पहले ही मंजूरी दे चुकी है। चर्चा का जवाब देते हुए पुरी ने कहा कि भारत की ऊर्जा सुरक्षा उपलब्धता, किफायती होने और टिकाऊपन पर आधारित है। उनका कहना था हम ऊर्जा की आपूर्ति के स्रोत को लेकर किसी तरह का भेदभाव नहीं करते हैं। पुरी ने कहा वैश्विक बाजार में बहुत अधिक तेल की आपूर्ति हो रही है। ब्राजील, गुयाना, सूरीनाम और कनाडा से आपूर्ति हो रही है। आपूर्ति की कोई कमी नहीं है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने केंद्रीय उत्पाद शुल्क कम किया है, लेकिन कांग्रेस शासित राज्यों में वैट की बढ़ोतरी हो रही है। पुरी ने इस बात पर जोर दिया, पड़ोस में पेट्रोलियम उत्पादों की कीमतें भारत के ...शेष पृष्ठ 14 पर

## फिट-हेल्दी उत्तराखण्ड का आह्वान

### सशक्त भारत विजन को साकार करने की दिशा में धामी सरकार

प्रमुख संवाददाता

देहरादून। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के स्वस्थ भारत, सशक्त भारत के विजन को साकार करने के लिए उत्तराखण्ड की पुष्कर सिंह धामी सरकार आगे आयी है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए उत्तराखंड सरकार ने फिट उत्तराखण्ड अभियान का आगाज कर दिया है। इस अभियान के तहत नागरिकों को संतुलित आहार, नियमित व्यायाम और स्वस्थ जीवनशैली अपनाने के लिए प्रेरित किया जायेगा।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने स्वस्थ उत्तराखंड की दिशा में एक और बड़ा कदम उठाते हुए भारतीय खाद्य सुरक्षा और मानक प्राधिकरण (एफएसएसएआई) द्वारा संचालित ईट राइट इंडिया अभियान के प्रभावी



कार्यान्वयन की घोषणा की है। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए हैं कि इस अभियान को तेजी से लागू किया जाए। इसके लिए नोडल अधिकारियों की तैनाती कर दी गयी है। जन-प्रतिनिधियों के साथ ही, सभी सचिव, जिलाधिकारी, विभागध्यक्ष और अन्य संबंधित अधिकारी इसके लिए पूर्ण समन्वय के साथ कार्य करेंगे। यही नहीं बदलती जीवनशैली को देखते हुए आमजन को कम तेल, कम चीनी और कम नमक की खपत करने के लिए भी प्रेरित किया जा रहा है।

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देश पर उत्तराखंड शासन अभियान को सफल बनाने में जुट गया है। अभी सचिवालय परिसर, सुद्धोवाला जेल, पेट्रोलियम यूनिवर्सिटी को ईट राइट कैम्पेन के तहत सर्टिफाइट किया गया है। इसके अलावा विश्वविद्यालयों, महाविद्यालय, अस्पताल, मेडिकल कॉलेज और जेल परिसरों को ईट राइट कैंपस और ईट राइट स्कूल प्रमाणन के लिए पात्र बनाया गया है। प्रदेश के स्वास्थ्य सचिव डॉ आर राजेश कुमार की ओर से सभी शिक्षण संस्थानों और विभागों को इस संबंध में दिशा निर्देश जारी किए गए हैं।

## भारत-मॉरीशस के बीच आठ समझौतों पर हस्ताक्षर

### समुद्री डाटा साझा करना, धनशोधन से निपटने में संयुक्त कार्य व एमएसएमई में बढ़ायेंगे सहयोग

एजेंसी

पोर्ट लुइस। भारत और मॉरीशस ने अपने संबंधों का विस्तार करते हुए इन्हें विस्तारित रणनीतिक साझेदारी के स्तर तक पहुंचाया और व्यापार एवं समुद्री सुरक्षा सहित कई क्षेत्रों में सहयोग बढ़ाने के लिए आठ समझौतों पर हस्ताक्षर किए। वहीं, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने ग्लोबल साउथ के विकास के लिए एक महत्वाकांक्षी दृष्टिकोण की घोषणा की। हस्ताक्षरित समझौतों में सीमा पार लेनदेन के लिए राष्ट्रीय मुद्राओं के उपयोग को बढ़ावा देना, समुद्री डाटा साझा करना, धनशोधन से निपटने में संयुक्त कार्य और एमएसएमई (सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्यम) क्षेत्र में सहयोग बढ़ाना शामिल है। पोर्ट लुइस की अपनी दो दिवसीय यात्रा के दूसरे और अंतिम



दिन मोदी ने मुख्य अतिथि के रूप में मॉरीशस के राष्ट्रीय दिवस समारोह में भाग लिया। भारतीय नौसेना के एक युद्धपोत और भारतीय वायुसेना की आकाशगंगा स्काईडाइविंग टीम के साथ भारतीय सशस्त्र बलों की एक टुकड़ी ने भी समारोह में भाग लिया। मॉरीशस के अपने समकक्ष नवीनचंद्र रामगुलाम के साथ वार्ता के बाद मोदी ने ग्लोबल साउथ के लिए भारत के नए दृष्टिकोण की घोषणा की और इसे महासागर या क्षेत्रों में सुरक्षा एवं विकास के लिए पारस्परिक और समग्र उन्नति (म्यूचुअल एंड होलिस्टिक एडवांस्मेंट फॉर सिक्योरिटी एंड ग्रोथ एक्रॉस रीजन्स) नाम दिया। यह नीतिगत दृष्टिकोण हिंद महासागर में अपने प्रभाव का विस्तार करने के चीन के अथक प्रयासों की पृष्ठभूमि में आया है। मोदी ने कहा कि एक स्वतंत्र, मुक्त, सुरक्षित और संरक्षित हिंद महासागर भारत और मॉरीशस की साझा प्राथमिकता है। उन्होंने और रामगुलाम ने इस बात पर सहमति जताई कि रक्षा सहयोग एवं ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

### आईआईटी दिल्ली और मुंबई ने 26वां और 28वां स्थान प्राप्त किया

## वर्ल्ड रैंकिंग में नौ भारतीय विश्वविद्यालय व संस्थान

एजेंसी

नयी दिल्ली। क्यूएस विषयवार रैंकिंग में दुनिया के शीर्ष 50 में नौ भारतीय विश्वविद्यालय और संस्थान शामिल हैं जबकि सूची में शामिल कुछ शीर्ष संस्थानों जैसे तीन आईआईटी, दो आईआईएम और जेएनयू के स्थान में पिछले साल के मुकाबले गिरावट आई है। बुधवार को घोषित क्यूएस वर्ल्ड यूनिवर्सिटी रैंकिंग के 15वें संस्करण के अनुसार, भारत ने विषयवार रैंकिंग और व्यापक संकाय क्षेत्रों में शीर्ष 50 में 12 स्थान हासिल किए हैं।

इस मामले में भारतीय खनन विद्यालय (आईएसएम), धनबाद अग्रणी रहा है जो इंजीनियरिंग-खनिज




और खनन विषय के लिए विश्व स्तर पर 20वें स्थान पर है। भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) मुंबई और खड़गपुर को इंजीनियरिंग-खनिज और खनन विषय के लिए 28वें एवं 45वें स्थान पर रखा गया है। हालांकि, दोनों संस्थानों की रैंकिंग में गिरावट देखी गई है। आईआईटी दिल्ली और मुंबई, जो इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी विषय के लिए 45वें स्थान पर थे, ने अपनी स्थिति में सुधार करते हुए क्रमशः 26वां और 28वां स्थान प्राप्त किया है। दोनों संस्थानों ने इंजीनियरिंग-इलेक्ट्रिकल और इलेक्ट्रॉनिक्स में भी अपनी रैंकिंग में सुधार किया है और शीर्ष 50 की सूची में प्रवेश किया है। भारतीय प्रबंधन संस्थान (आईआईएम) अहमदाबाद और बेंगलुरु व्यवसाय और प्रबंधन अध्ययन विषय के लिए दुनिया के शीर्ष 50 में बने हुए हैं, लेकिन उनकी रैंकिंग में पिछले वर्ष के मुकाबले गिरावट आई है। आईआईएम अहमदाबाद की रैंकिंग 22 से गिरकर 27 पर आ गई जबकि आईआईएम बेंगलुरु की रैंकिंग 32 से गिरकर 40 पर आ गई। आईआईटी मद्रास (पेट्रोलियम इंजीनियरिंग) और जवाहरलाल नेहरू विश्वविद्यालय (जेएनयू) (विकास अध्ययन) विश्व के शीर्ष 50 में बने रहे, लेकिन उनकी रैंकिंग में कुछ स्थानों की गिरावट भी आई। क्यूएस ...शेष पृष्ठ 14 पर

### सात माह के निचले स्तर पर मुद्रास्फीति

नयी दिल्ली। सब्जियों, अंडे एवं अन्य प्रोटीन-युक्त उत्पादों की कीमतों में नरमी आने से फरवरी महीने में खुदरा मुद्रास्फीति घटकर सात महीने के निचले स्तर 3.61 प्रतिशत पर आ गई। बुधवार को जारी सरकारी आंकड़ों में यह जानकारी दी गई।

उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित खुदरा मुद्रास्फीति जनवरी माह में 4.26 प्रतिशत और फरवरी, 2024 में 5.09 प्रतिशत रही थी। खुदरा मुद्रास्फीति का पिछला निचला स्तर जुलाई, 2024 में देखा गया था। नवंबर, 2024 से ही उपभोक्ता मूल्य सूचकांक भारतीय रिजर्व बैंक के सुविधाजनक दायरे में बना हुआ है। इससे आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति की अगले महीने होने वाली ...शेष पृष्ठ 14 पर

## कानपुर : गंभीर आरोप में एसीपी मोहसिन खान सस्पेंड

विशेष संवाददाता

कानपुर। उत्तर प्रदेश के कानपुर के एसीपी रहे मोहसिन खान सस्पेंड किया गया। उन पर कानपुर आईआईटी की पीएचडी स्कॉलर से रेप का आरोप है। तीन महीने पहले 12 दिसंबर 2024 को छात्रा ने एसीपी के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई थी। उसके बाद एसीपी मोहसिन खान को लाइन अटैच किया गया था। बीते सात दिन पहले पीड़िता ने डीजीपी प्रशांत कुमार को एक शिकायती पत्र भी लिखा था। जिसमें उसने आरोप लगाया था कि वर्दी वाला होने की वजह से उसके खिलाफ कार्रवाई नहीं हो रही। अब पुलिस कमिश्नर की रिपोर्ट के आधार पर



निलंबन किया गया। गौरतलब है कि 7 दिन पहले पीड़ित छात्रा ने डीजीपी प्रशांत कुमार को लेटर लिखा था। इसमें लिखा था-आरोपी खाकी वर्दी वाला है। इस वजह ...शेष पृष्ठ 14 पर

# दांडी मार्च आज भी अन्याय के खिलाफ अहिंसक तरीके से लड़ने की प्रेरणा देता है : योगी



**लखनऊ।** यूपी के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भारत के स्वतंत्रता संग्राम में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले महात्मा गांधी के नेतृत्व वाले दांडी मार्च की 95वीं वर्षगांठ पर बुधवार को कहा कि यह आंदोलन आज भी लोगों को अन्याय के खिलाफ अहिंसक तरीके से लड़ने की प्रेरणा देता है। आदित्यनाथ ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर लिखा, कि आज के दिन ही 1930 में स्वतंत्रता संग्राम को एक नयी दिशा देने के लिए राष्ट्रपिता महात्मा गांधी ने नमक सत्याग्रह साबरमती आश्रम से प्रारंभ किया था। यह ऐतिहासिक सत्याग्रह आज भी हमें अन्याय के विरुद्ध अहिंसक संघर्ष की प्रेरणा देता है। उन्होंने कहा, कि दांडी मार्च के समस्त सत्याग्रहियों को कोटि-कोटि नमन। महात्मा गांधी ने औपनिवेशिक भारत में नमक पर कर लगाए जाने और ब्रिटिश नमक के एकाधिकार के विरोध में दांडी मार्च शुरू किया था। उन्होंने अहमदाबाद के साबरमती आश्रम से मार्च शुरू किया और 24 दिन की पैदल यात्रा के बाद दांडी पहुंचे। इस मार्च के बाद ब्रिटिश नमक कानून के विरुद्ध पूरे भारत में प्रदर्शन हुए और इसमें बड़ी संख्या में भारतीयों ने भाग लिया था।

# सूर्यगढ़ की तर्ज पर यूपी में बनेंगे तीन हेरिटेज होटल

## पर्यटन विभाग ने गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** राज्य की विरासत संपत्तियों को नया स्वरूप देने के साथ ही उसके पुराने वैभव को लौटाने और आय स्रोत को मजबूत करने का प्रदेश सरकार का प्रयास आकार लेने लगा है। लखनऊ में स्थित रोशन-उद-दौला, छतरमंजिल और मीरजापुर जिले में स्थित चुनार फोर्ट के विकास के लिए बुधवार समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर हुआ। यह एग्रीमेंट पर्यटन विभाग और गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस प्राइवेट लिमिटेड के साथ हुआ है। तीनों विरासत संपत्तियों को सूर्यगढ़ जैसलमेर की तर्ज पर हेरिटेज होटल की रूप में विकसित किया जाएगा।

- **रोशन-उद-दौला, छतरमंजिल और चुनार फोर्ट के विकास के लिए हुआ एग्रीमेंट : जयवीर सिंह**





पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि उक्त तीनों प्रापर्टी को गोल्डेन ट्रायंगल, राजस्थान को पीपीपी मोड पर विकसित करने के लिए दिया गया है। गोल्डन ट्रायंगल फोर्ट एंड पैलेस की आतिथ्य इकाई ब्रांड सूर्यागढ़ कलेक्शन, जो जैसलमेर में सूर्यागढ़, बीकानेर में नरेंद्र भवन और बिनसर में मैरी बुडेन एस्टेट का संचालन करती है, अब इन विरासत स्थलों की रूपरेखा तैयार करने, विकसित करने और प्रबंधन का कार्य करेगी। विशेष बात यह कि प्रापर्टी को उसके पुराने स्वरूप में रखते हुए विकास किया जाएगा। पुनरुद्धार का तरीका इतिहास और लोककथाओं की रिसर्च से निकलेगा, जिस पर कल्पना की एक परत जोड़ी जाएगी। इस पूरी प्रक्रिया में उन सामग्रियों का इस्तेमाल किया जाएगा, जो मूल निर्माण के वक्त इस्तेमाल हुई थीं, लेकिन उन्हें आज के इनोवेशन के साथ अपनाया जाएगा। विभाग की इस पहल से उत्तर प्रदेश में विरासत पर्यटन के साथ-साथ डेस्टिनेशन वेडिंग बढ़ेंगे। प्रापर्टी के विकास और संचालन में स्थानीय लोगों को प्राथमिकता के आधार पर रोजगार दिया जाएगा। इसके साथ ही ओडीओपी प्रोडक्ट को प्रमोट किया जाएगा। स्थानीय परंपराओं, पाक-कला, उत्सवों और शिल्प को बढ़ावा देने वाले अनुभव विकसित किए जाएंगे। विरासत संपत्तियों के नजदीक स्थित एक-एक गांव को गोद लेकर वहां का विकास किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश में बड़ी संख्या में किले, राजमहल और कोठियां हैं।

विभाग का प्रयास इन्हें उपयोगी बनाकर पर्यटकों को आकर्षित करना है। पर्यटन विभाग 'विकास भी, विरासत भी' के मूलमंत्र को आगे बढ़ा रही है। अब हेरिटेज टूरिज्म विकसित करने का हमारा प्रयास है। पीपीपी मॉडल के तहत आगे बढ़ रहे हैं। प्रदेश के हेरिटेज प्लेसेज, किले, हवेलियां, हॉन्टेड प्लेसेज, कोठी आदि धरोहरों को विकसित करने के लिए यूपी टूरिज्म की सुविधाजनक नीतियां हैं, जो विकास का आधार बनेगी। विभाग का लक्ष्य इन्हें उपयोगी बनाकर पर्यटकों को आकर्षित करना है।






# अन्नपूर्णा भवनों के पास बनेंगे ग्रामीण हाट बाजार

**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य के नेतृत्व व निर्देशन में ग्राम्य विकास विभाग के माध्यम से विभिन्न विकासोन्मुखी योजनाओं का संचालन किये जाने के साथ ही ग्रामीण महिलाओं की आजीविका संवर्धन के बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं।

महात्मा गांधी नरेगा योजना के अंतर्गत ग्रामीण क्षेत्र में निवास कर रहे परिवारों के वयस्क सदस्यों को मांग के अनुसार अकुशल श्रम रोजगार उपलब्ध कराते हुए स्थायी परिसम्पत्तियों का सृजन किया जाना राज्य सरकार की महत्वपूर्ण प्राथमिकता है। ज्ञात हो कि महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत अन्य विभागों के सहयोग से ग्रामीण अवस्थापना संबंधी कार्य खाद्य गोदाम (अन्नपूर्णा भवन) का सृजन किया जा रहा है। इसके साथ ही मनरेगा योजना के अन्तर्गत रूरल हॉट निर्माण कार्य भी अनुमन्य योजना के अन्तर्गत निर्मित किये जाने वाले खाद्य गोदाम के स्थल के निकट भूमि की उपलब्धता के अनुसार सामर्थ्य मैनुअल में दिये गये डिजाइन के अनुरूप रूरल हॉट का निर्माण कार्य भी कराया जाना है। ग्राम पंचायतों में योजना के अतंर्गत खाद्य गोदाम (अन्नपूर्णा भवन) के निकट ग्रामीण हाट बाजारों का निर्माण कराये जाने हेतु शासन स्तर से समस्त जिलाधिकारियों को निर्देश निर्गत कर दिये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्रों में खाद्य गोदाम के निकट बनने वाले रुरल हाट बाजार का संचालन राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन से जुड़े स्वयं सहायता समूह की महिलाओं द्वारा किया जाएगा। इससे अन्नपूर्णा भवन के पास ही वस्तुओं को क्रय करने का विकल्प राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन की महिलाओं को हो जाने से उनकी आजीविका संवर्द्धन में वृद्धि हो सकेगी। छोटे और निर्धन किसानों को लाभ पहुंचाना तथा उनको उनकी उपज की बिक्री हेतु उचित स्थान मिल सके ,इस उद्देश्य से सरकार द्वारा ग्रामीण हाट बाजारों को विकसित किया जा रहा है। गांवों में महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम और अन्य सरकारी योजनाओं का उपयोग करके भौतिक बुनियादी ढांचे को मजबूत कर हाट बाजार विकसित किए जा रहे हैं। ये हाट बाजार किसानों को उपभोक्ताओं और थोक खरीदारों को सीधे बिक्री करने की सुविधा प्रदान करने में बहुत ही सहायक सिद्ध हो रहे हैं। योजना के अन्तर्गत निर्मित किये जाने वाले खाद्य गोदाम के स्थल के निकट भूमि की उपलब्धता के अनुसार सामर्थ्य मैनुअल में दिये गये डिजाइन के अनुरूप रूरल हाट का निर्माण कार्य कराने के निर्देश दिये गये हैं। ग्रामीण क्षेत्र में स्थित बाजारों को मूलभूत सुविधाओं से लैश कर हाट बाजारों के रूप में विकसित किया जा रहा है।

- **खाद्य गोदामों के पास ग्रामीण हाट बाजार बनाने के निर्देश जारी**
- **मनरेगा से ग्राम पंचायतों में बन रहें हैं अन्नपूर्णा भवन और हाट बाजार**
- **ऐसे ग्रामीण हाट बाजारों का संचालन स्वयं सहायता समूह की महिलाएं करेंगी**









# दोषियों को दंडित कराया जायेगा : अनिल दुबे

लखनऊ। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने बुधवार को महोली में दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के पिता महेंद्र कुमार बाजपेई और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद करने का ढांढस बंधाया और कहा कि संकट की इस घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल पत्रकार राघवेंद्र के परिवार के साथ हैं और हम सरकार से मदद दिलायेंगे। उनके परिजनों से मुलाकात के बाद सीतापुर में पत्रकार वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। दोषियों को किसी कीमत पर दंडित कराया जाएगा और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर हत्यारों को कड़ा दंड दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद संवेदनशील हैं और अपराधियों को लेकर उनका रुख कड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को रालोद मुखिया चौधरी जयंत सिंह ने भी गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि रालोद प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चौहान और जिला इकाई को पत्रकार राघवेंद्र के परिजनों से संपर्क में रहने के लिए निर्देशित किया गया है। दुबे ने बताया कि राघवेंद्र बाजपेई के परिजनों की मांग है कि प्रकरण का सही खुलासा हो और किसी निर्दोष को फंसाया न जाय जो हत्यारे हैं उनको कठोर दंड मिले और राघवेंद्र की पत्नी को योग्यतानुसार कहीं समायोजित किया जाए। इस मांग का हम समर्थन करते हैं और हमारी पार्टी पत्रकार परिवार को इंसाफ दिलाने का हर संभव प्रयास करेगी और इस संबंध में हम उच्चाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिजनों की आर्थिक मदद की जाय। इस दौरान रालोद प्रदेश सचिव अफसर अली, उमा शंकर बाजपेई, सत्य प्रकाश तिवारी, शाहरुख अंसारी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, लक्ष्मी मिश्रा, आदित्य जायसवाल आदि मौजूद थे।

- **रालोद के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के पिता से मुलाकात कर व्यक्त की शोक संवेदना**



इंडियन बैंक की ओर से हमारे सभी ग्राहकों एवं प्रदेश वासियों को होली पर्व की हार्दिक शुभकामनाएं

हमारी कामना है कि रंगोत्सव के इस त्योहार में आपके परिवार को सुख-समृद्धि, धन-धान्य, सौभाग्य एवं आरोग्य प्राप्त हो।

हमारी समस्त शाखाओं में जमा तथा ऋण से संबंधी सभी बैंकिंग सुविधाएं उपलब्ध हैं। बैंक द्वारा त्यौहार के शुभ अवसर पर विभिन्न ऋण उत्पाद सस्ती दरों पर उपलब्ध कराई जा रही हैं। आप इन सुविधाओं का लाभ उठाएं और अपने सपनों को साकार कर खुशियां अपने घर लाएं।

!!शुभहोली!!
(प्राणेशकुमार)
अंचल प्रबंधक, लखनऊ



संक्षेप

## 30 लीटर शराब बरामद

प्रतापगढ़। कोतवाली पुलिस ने अवैध रूप से बरामद तीस लीटर शराब मामले में आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। कोतवाली के दरोगा विवेक कुमार यादव ने मुखबिर की सूचना पर दस मार्च को जगन्नाथपुर स्थित प्राथमिक विद्यालय के पास से तीस लीटर अवैध शराब के साथ गांव के दीपक उर्फ दीपू पुत्र शुक्लान को गिरफ्तार किया है।

## चार के खिलाफ मारपीट व धमकी का केस दर्ज

प्रतापगढ़। घर में घुसकर मारपीट व गालीगलौज की घटना को लेकर पुलिस ने चार आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। लालगंज कोतवाली के वीरभद्रपुर वीरशाहपुर गांव निवासी अनिल कुमार शुक्ल पुत्र ओमप्रकाश शुक्ल ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि दो मार्च की शाम करीब छः बजे जमीनी रंजिश को लेकर गांव के नीरज व अम्बुज पुत्रगण घनश्याम मिश्र तथा लिटिल शनि पुत्रगण राधेश्याम मिश्र उसके दरवाजे पर पहुंचे और गालीगलौज करने लगे। आरोपियों ने पीड़ित को मारापीटा। शोर मचाने पर घर में घुसकर पीड़ित की भयाहू सुशीला देवी को भी मारापीटा तथा घरेलू सामानों में तोड़फोड़ करते हुए धमकी दी। कोतवाल नीरज यादव का कहना है कि जांच के बाद चार लोगों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

## निराधार निकला पुलिस द्वारा बुजुर्ग की पिटाई का मामला

प्रतापगढ़। सांगीपुर पुलिस के द्वारा बुजुर्ग की कथित पिटाई को लेकर मंगलवार को एक वायरल वीडियो चर्चा में आया। मामले में पीड़ित ने तहरीर देकर पुलिस के द्वारा उसके साथ मारपीट किये जाने की बात को निराधार बताया है। पीड़ित के मुताबिक उसने कुछ लोगों के बहकावे में आकर पुलिस के खिलाफ बयान दे दिया। सांगीपुर थाना के शाहबारी गांव निवासी शंभुशरण सिंह ने वायरल वीडियो मे सांगीपुर पुलिस पर आरोप लगाते हुए कहा कि थाने के एक दरोगा उसके घर आये और उसे मारपीट कर घायल कर दिया। जबकि पुलिस ने पीड़ित के साथ किसी भी प्रकार की अविधिक कार्रवाई से इंकार किया है। एसओ मनीष तिवारी ने बताया कि पीड़ित शंभुशरण ने स्वेच्छा से दी गई तहरीर में कहा है कि उसे चोट उसके गिर जाने के कारण लगी। पुलिस द्वारा उसके साथ मारपीट नहीं की गयी। कुछ लोगों के बहकावे में आकर वीडियो वायरल हो गया।

## दफन हुआ वृद्ध का शव

प्रतापगढ़। मारपीट में घायल वृद्ध की इलाज के दौरान मौत हो गयी थी। परिजनों ने बुधवार को मृतक के शव को दफन कर दिया। उधर पुलिस घटना में आरोपियों की तलाश कर रही है। लीलापुर थाना क्षेत्र के नागपुर तिलौरी गांव निवासी अब्दुल सलाम पुत्र मो. रईश ने पुलिस को दी गई तहरीर में कहा है कि बीती चार मार्च की सुबह करीब दस बजे घर के बाहर हैण्डपम्प पर नहाने के दौरान उसके दादा हदीश अहमद 93 को मारपीट कर घायल कर दिया गया था। इलाज के दौरान सोमवार की रात उनकी मौत हो गयी थी। मामले में पुलिस ने गांव के नवीनउल्ला उर्फ आसिफ व इबाद अली पुत्रगण जोधा, मुन्ना पुत्र मुबारकअली तथा रफीक अहमद पुत्र शोहराब अली के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पुलिस आरोपी इबाद अली को गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। एसओ अरूण कुमार सिंह का कहना है कि परिजनों ने शव को दफन कर दिया। मुकदमें में नामजद आरोपियों की तलाश की जा रही है, शीघ्र ही शेष सभी को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

# स्टे की जमीन पर हो रहा अवैध निर्माण

जिला संवाददाता (vol)

● पीड़िता उर्मिला देवी ने पुलिस अधीक्षक से लगायी न्याय की गुहार

बलरामपुर। उर्मिला देवी ने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र देकर गुहार लगाई है कि उसके विवादित जमीन पर कोर्ट के यथा स्थिति आदेश के बावजूद उभय पक्ष द्वारा करा रहे निर्माण को रुकवाया जाए। पीड़िता के प्रार्थना पत्र को संज्ञान में लेते हुए अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव द्वारा संबंधित थाना अध्यक्ष को अदालत द्वारा पारित आदेश का अनुपालन करने हेतु निर्देशित किया गया है। ज्ञातव्य होकि थाना श्री दत्त गंज अंतर्गत ग्राम मुजहना निवासी उर्मिला देवी स्वर्गीय राम सागर ने पुलिस अधीक्षक को दिए गए प्रार्थना पत्र में स्पष्ट उल्लेख किया है कि बंटवारे को लेकर विवादित जमीन गाटा संख्या 280 /0.6480 पर बाद संख्या एस ए 443 /2025 उर्मिला देवी बनाम वीरेंद्र कुमार न्यायालय राजस्व परिषद उत्तर प्रदेश द्वारा उभय पक्ष को यथा स्थिति बनाए रखे जाने हेतु आदेशित कर रखा है। स्थगन आदेश 11 अप्रैल 2025 तक सुनवाई की तिथि तकवैध है। पीड़िता ने अपने प्रार्थना पत्र में बताया कि उक्त आदेश की सत्यापित प्रति उर्मिला देवी द्वारा थाना अध्यक्ष श्री दत्तगंज को 2 फरवरी 25 को प्राप्त करा दिया गया था बावजूद इसके उभय पक्ष द्वारा राजस्व न्यायालय का आदेश न मानकर विवादित जमींन पर निर्माण कर रहा है। वह बार-बार निर्माण का रुकवाने के लिए पुलिस की चौखट पर दस्तक दे रही है लेकिन उसकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है।वही वह पक्ष से संपर्क करने पर प्रयास किया गया लेकिन संपर्क नहीं हो पाया।



## फ्रंट साइड के बीमारी जमीन पर किया जा रहा है अवैध कब्जा : आजाद वर्मा



पीड़िता उर्मिला देवी के दामाद आजाद वर्मा कहते हैं कि जिस जमीन के बंटवारे का विवाद है जमींन रोड साइड पर 400 फिट है। उसके सास का आधा हिस्सा होता है लेकिन उस पक्ष द्वारा मनमानी तरीके से उक्त जमीन को क्रॉस नाप कर उसके सास को महज 130 फिट दिया जा रहा है। जबकि उसके हिस्से में 200 फीट जमीन मिलनी चाहिए। इसके लिए राज्य से परिषद न्यायालय उत्तर प्रदेश में उसकी सास ने वाद आयोजित कर किया। उक्त याचिका पर न्यायालय ने संज्ञान लेते हुए 11 अप्रैल 2025 तक के लिए यथास्थिति बनाए रखने का आदेश पारित किया गया है। लेकिन उभय पक्ष न्यायालय के आदेश का समादर ना करके विवादित स्टे के जमींन पर अवैध रूप से जबरदस्ती नव निर्माण कर रहे हैं। वह पुलिस को बार-बार सूचना देने के बावजूद पुलिस पीड़िता की नहीं सुनती है।वह उभय पक्ष की तरफदारी कर निर्माण कार्य रुकवाने में कोई रूचि नहीं ले रही है।

इस प्रकरण पर अपर पुलिस अधीक्षक नम्रता श्रीवास्तव ने अपना पक्ष देने से इनकार करते हुए कहा कि मामला राजस्व विभाग से वह विवाद से जुड़ा है इसलिए हम कोई वर्जन नहीं देंगे। राजस्व भूमि विवाद का मामला है एसडीएम से बात कीजिए। मेरे समक्ष पीड़िता द्वारा प्रार्थना पत्र दिया गया है जिसे उचित कार्रवाई हेतु श्री दत्तगंज थाना अध्यक्ष को संदर्भित कर दिया गया है न्यायालय के आदेशों का पुलिस पालन करेगी।

# 150 जोड़ों का विवाह सकुशल सम्पन्न



बलरामपुर। मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजनान्तर्गत में जिलाधिकारी पवन अग्रवालके कुशल निर्देशन एवं मार्गदर्शन में विकास खंड परिसर बलरामपुर में दिनांक 12 मार्च, 2025 को सामूहिक विवाह कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें विकास खण्ड बलरामपुर के 32, हरैया सतघरवा के 20, तुलसीपुर के 22, गैसडी के 15, पचपेड़वा के 05, उत्तरौला के 12, रेहरा बाजार के 29, गैण्डास बुर्जुग के 04, श्रीदत्तगंज के 10 व नगर पालिका परिषद बलरामपुर के 01 जोडों, इस प्रकार कुल 150 जोडों का सामूहिक विवाह धार्मिक रीति-रिवाज के अनुसार सकुशल सम्पन्न कराया गया। जिसमें अल्पसंख्यक वर्ग के 37 जोडे एवं अन्य वर्ग के 113 जोडे सम्मिलित हुए।

विकास खण्ड परिसर बलरामपुर में सम्पन्न कार्यक्रम में मुख्य अतिथि श्री पल्टूराम, मा० विधायक सदर बलरामपुर, समस्त खण्ड विकास अधिकारी के साथ समस्त ब्लाक प्रमुख, सहित अन्य गणमान्य जनप्रतिनिधियों के साथ डा० राहुल गुप्ता, जिला समाज कल्याण अधिकारी, के साथ विकास खण्ड के समस्त अधिकारीगण एवं कर्मचारी उपस्थित रहे। समस्त जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारीगणों द्वारा सभी नव-दम्पत्तियों को आशीर्वाद देते हुए सुखद व मंगल वैवाहिक जीवन की कामना की गयी।

## सूने घर में चोरी से मचा हड़कंप

भरथना, इटावा। भरथना कोतवाली कस्बा के मोहल्ला बृजराज नगर विकास पब्लिक स्कूल वाली गली में बुधवार की दोपहर 2 बजे मोहल्ले में उस समय हड़कंप मच गया जब इसी मोहल्ला निवासी राजवीर कटियार पुत्र लालाराम कटियार के सूने पड़े घर में दीवार फांद कर कमरों के ताले काटकर अलमारी बक्सों में रखे सोने का एक मंगलसूत्र, किलो बजनी चांदी की एक करधनी,एक जोड़ी पायलें गैस चूल्हा सिलेंडर, पीतल के सभी बर्तन और कीमती कपड़े आदि समेत दो हजार की नगदी चोरी हो जाने की जानकारी हुई। गृहस्वामी को चोरी की जानकारी बुधवार की दोपहर तब हो सकी जब विगत 4 मार्च को दिल्ली अपने रिश्तेदार की शादी से भाग लेकर घर लौटे। गृहस्वामी राजवीर ने जैसे ही अपने घर के मैने दरवाजे में लगा ताला खोल कर अन्दर प्रवेश किया जिसपर अन्दर कमरों के ताले कटे जमीन पर पड़े और अलमारी बक्सा आदि का सामान बिखरा देख गश खाकर जमीन पर गिर गया।

पूर्वोत्तर रेलवे
शुद्धिपत्र
संदर्भः ई प्रापण निविदा सं.
उप मु०इं०—नि०—सा०—जी.के.पी—22—2024
सन्दर्भित निविदा में शिड्यूल का कार्य का विवरण के सम्बन्ध में निम्नलिखित संशोधन किया जाता है।
**क्रमांक 1:— पूर्व में दिया गया मानक:** प्रोवाइडिंग एण्ड लेइंग डिजाइन मिक्स कंट्रोल कंक्रीट एम 45/एम 55 इन प्री—कास्ट, प्री—टेंशनड/पोस्ट टेंशनड पी०एस०सी स्लैब इंक्लूडिंग ट्रांसपोर्टेशन टू साइट एंड लॉन्चिंग इन पोजिशन यूजिंग वेल ग्रेडेड स्टोन एग्रीगेट आफ 20 एम0एम0 नॉमिनल साइज। पेमेंट टू बी रिलीजड इन टू स्टेज: (i) 50% ऑन कास्टिंग एंड स्ट्रेशिंग आफ स्लैब (ii) 20% आन ट्रांसपोर्टेशन आफ स्लैब टू द साइट (iii) 20% आफ्टर लांचिंग द स्लैब इन पोजिशन; एंड (iv) बैलेंस 10% ऑन कम्प्लीशन ऑफ बैलेंस वर्क।
**संशोधित मानक:** प्रोवाइडिंग एण्ड लेइंग डिजाइन मिक्स कंट्रोल कंक्रीट एम 45/एम 55 इन प्री—कास्ट, प्री—टेंशनड/पोस्ट टेंशनड पी०एस०सी स्लैब इंक्लूडिंग ट्रांसपोर्टेशन टू साइट एंड लॉन्चिंग इन पोजिशन यूजिंग वेल ग्रेडेड स्टोन एग्रीगेट आफ 20 एम०एम० नॉमिनल साइज। पेमेंट टू बी रिलीजड इन टू स्टेज: (i) 50% ऑन कास्टिंग एंड स्ट्रेशिंग आफ स्लैब (ii) 20% आन ट्रांसपोर्टेशन आफ स्लैब टू द साइट (iii) 20% आफ्टर लांचिंग द स्लैब इन पोजिशनय; एंड (iv) बैलेंस 10% ऑन कम्पलीशन ऑफ बैलेंस वर्क, नोट:— द पेमेंट ऑफ रिफोर्समेंट स्टील, प्री स्ट्रेसिंग केबल, सीमेंट ट्रांसपोर्ट एंड लॉन्चिंग का गर्डर विल बी पेड एक्स्ट्रा एज पर आइटम का शेड्यूल। अन्य शर्ते पूर्वतः की भाँति लागू रहेगी। शुद्धि पत्र वेब साइट http://www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है।
उप मुख्य इन्जी0/निर्माण/सा0
मुजाधि/डब्लू—440 गोरखपुर
गाड़ियों की छतों व पावदान पर कदापि यात्रा न करें।

## डीएम व एसएसपी ने की पैदल गश्त

जसवंतनगर, इटावा। आगामी होली पर्व व जुमे की नमाज को लेकर कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु जिलाधिकारी अवनीश राय व वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार सिंह वर्मा ने नगर में संयुक्त रूप से पैदल गश्त किया। इस दौरान अधिकारियों ने संवेदनशील स्थानों का निरीक्षण कर स्थानीय लोगों से संवाद स्थापित किया। डीएम व एसएसपी ने रामलीला तिराहे से रामलीला मार्ग, बड़ा चैराहा होते हुए गोलेवाली मस्जिद तक भ्रमण किया। वहां उन्होंने ईदगाह इटावा के पेश इमाम मौलाना हाफिज कमालुद्दीन अशरफी से वार्ता कर शांति व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग का अनुरोध किया। इसके बाद अधिकारी सराय खाम मार्ग होते हुए फक्कड़पुरा पहुंचे, जहां उन्होंने दुकानदारों व राहगीरों से वार्ता कर सुरक्षा का अहसास दिलाया।

# श्रावस्ती एयरपोर्ट पर आपातकालीन स्थिति से निपटने का अभ्यास

श्रावस्ती। आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए श्रावस्ती एयरपोर्ट पर व्यापक स्तर पर मॉक ड्रिल (अभ्यास) किया गया। इस दौरान पुलिस प्रशासन, विशेष सुरक्षा बल, स्वास्थ्य विभाग और दमकल विभाग की संयुक्त टीमों ने पूरी मुस्तैदी के साथ अपनी जिम्मेदारियों का निर्वहन किया। अभ्यास के दौरान एयरपोर्ट पर किसी संभावित आपातकालीन घटना को दशार्ते हुए रेस्क्यू ऑपरेशन को अंजाम दिया गया, जिसमें घायलों को सुरक्षित निकालने, प्राथमिक उपचार देने और आग जैसी स्थिति में दमकल विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई करने की प्रक्रिया को प्रदर्शित किया गया।

इस अभ्यास में पुलिस विभाग, स्वास्थ्य विभाग, दमकल विभाग, प्रशासनिक अधिकारी और एयरपोर्ट




प्रबंधन के अधिकारी-कर्मचारी शामिल रहे। सुरक्षा बलों ने आपात स्थिति में राहत और बचाव कार्यों को तेजी से अंजाम देने की रणनीति पर काम किया। वहीं, स्वास्थ्य विभाग की टीम ने घायलों को प्राथमिक उपचार देकर अस्पताल तक पहुंचाने की प्रक्रिया को प्रभावी ढंग से पूरा किया। आपातकालीन अभ्यास के दौरान मौके पर एसडीएम इकौना सतीश चंद्र शर्मा, तहसीलदार ओमप्रकाश, पुलिस विभाग के वरिष्ठ अधिकारी, एयरपोर्ट प्रशासन के अधिकारी-कर्मचारी और स्थानीय प्रशासन के अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे। इस दौरान अधिकारियों ने पूरी प्रक्रिया पर पैनी नजर रखी और आवश्यकता पड़ने पर सुधारात्मक सुझाव भी दिए। अभ्यास के दौरान स्थानीय गणमान्य नागरिकों को भी बुलाया गया, ताकि वे इस प्रक्रिया को समझ सकें और सुरक्षा उपायों की जानकारी ले सकें। अधिकारियों ने बताया कि इस प्रकार के अभ्यास से न केवल प्रशासन बल्कि आम नागरिकों को भी आपातकालीन स्थितियों से निपटने की बेहतर समझ मिलती है।

इस अभ्यास का मुख्य उद्देश्य आपातकालीन परिस्थितियों में तेजी और समन्वय के साथ कार्रवाई करना था, जिससे किसी भी अनहोनी की स्थिति में जान-माल के नुकसान को न्यूनतम किया जा सके। अधिकारियों ने कहा कि भविष्य में भी ऐसे अभ्यास किए जाते रहेंगे, ताकि किसी भी आपात स्थिति में त्वरित और प्रभावी प्रतिक्रिया दी जा सके।

पूर्वोत्तर रेलवे
ई—निविदा सूचना
निम्नलिखित कार्यों के लिए "खुली" निविदा वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सा०, पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ के द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से आमंत्रित की जाती है। **निविदा सं०:—** वमंविइ—लजं०—को०—05A—2024, **कार्य का विवरण:—** गोरखपुर और लखनऊ डिपो के ईओजी प्रकार के एलएचबी एसी कोचों और पावर कारों के स्विच बोर्ड कैबिनेट (एस०बी०सी०) के एच०टी० खण्ड में रोडेंट के प्रवेश को रोकने के लिए मल्टी—डाईमेन्सनल वाले हैलोजन मुक्त ईपीडीएम मॉड्यूल के साथ केबल ट्रांजिट एंट्री सीलिंग और फुलप्रूफ सुरक्षा प्रणाली की सप्लाई और इंस्लेटासन का कार्य।, **अनुमानित लागत:—** रु० 43,23,129.30, **बयाना राशि:—** रु० 86,500.00, **निविदा मूल्य:—** रु० 00.00, **कार्य सम्पादन की अवधि:—** 04 माह, **उक्त निविदा बन्द होने की अंतिम तिथि व समय 03.04.2025 को 15.00 बजे, नोट:—** इस निविदा के विरुद्ध मैनुअल आफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। ऐसे प्राप्त मैनुअल आफर को उपेक्षित कर दिया जायेगा। विस्तृत विवरण व निविदा जमा करने हेतु, कृपया भारतीय रेलवे की वेबसाइट **http://www.ireps.gov.in** को देखें।
वरिष्ठ मंडल विद्युत इन्जीनियर/सामान्य, लखनऊ
मुजाधि/विद्युत—256
ट्रेनों में बीड़ी/सिगरेट न पियें


## ग्लूकोमा मरीज के लिए जागरूकता कार्यक्रम आयोजित

मेरठ। लाला लाजपत राय स्मारक मेडिकल कॉलेज मेरठ पश्चिमी उत्तर प्रदेश का एक प्रसिद्ध चिकित्सालय है। जहां आए दिन गंभीर मरीजो का इलाज विशेषज्ञ चिकित्सा के द्वारा जनहित में किया जाता है। 12 मार्च को नेत्र रोग विभाग मेडिकल कॉलेज मेरठ में अंतरराष्ट्रीय ग्लूकोमा सप्ताह जो की 9 मार्च से 15 मार्च के मध्य मनाया जा रहा है, के तत्वाधान में रोगियों हेतु जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जागरूकता कार्यक्रम का उद्घाटन प्राचार्य डॉ आरसी गुप्ता द्वारा किया गया। डॉ आरसी गुप्ता ने मरीजों को 40 वर्ष की आयु के पश्चात अपनी आंखों की नियमित जांच कराये जाने हेतु जागरूक किया। जागरूकता कार्यक्रम में नेत्र रोग विभाग के विभागाध्यक्ष डॉ लोकेश कुमार सिंह ने मरीजो को मेडिकल स्टोर से बिना विशेषज्ञ चिकित्सक की सलाह के बिना दवाई न लेने हेतु एवं डायबिटीज, उच्च रक्तचाप एवं जिन लोगों के परिवार में काला मोतिया संबंधी इतिहास है, को उनकी आंखों की नियमित जांच करने हेतु प्रेरित किया।

## प्रतिलिप्याधिकार अधिनियम 1957 पर एक दिवसीय कार्यशाला

मेरठ। सरदार पटेल सुभारती लॉ कॉलेज, स्वामी विवेकानंद सुभारती विश्वविद्यालय द्वारा एक दिवसीय कार्यशाला बौद्धिक संपदा अधिकार विषय पर आयोजित की गई। इस कार्यशाला का आयोजन सुभारती लॉ कॉलेज के डायरेक्टर राजेश चंद्रा (पूर्व न्यायमूर्ति, उच्च न्यायालय, प्रयागराज, उत्तर प्रदेश) के दिशा निर्देशन तथा प्रो. (डॉ.) वैभव गोयल भारतीय, संकायाध्यक्ष, सुभारती लॉ कॉलेज के संरक्षण में किया गया। कार्यक्रम का आयोजन बीए एलएलबी प्रथम वर्ष के विद्यार्थियों के लिए किया गया।कार्यक्रम में आशुतोष देशवाल ने विद्यार्थियों को बताया कि कॉपीराइट से तात्पर्य किसी व्यक्ति के वास्तविक एवं मौलिक कार्य पर उसके अधिकारों से है, अर्थात कॉपीराइट के द्वारा व्यक्ति के पास अपने बौद्धिक अधिकार को संरक्षित करने का अधिकार होता है। उन्होंने बताया कि कॉपीराइट साहित्यिक, नाटकीय, संगीत में और कलात्मक कार्यों के रचनाकारों और सिनेमा फोटोग्राफ, फिल्मों, और ध्वनि रिकॉर्डिंग के निमार्ता को कानून द्वारा दिया गया अधिकार है। वास्तव में यह अधिकारों का एक समूह है, जिसमें अन्य बातों के साथ-साथ पुनः उत्पादन जनता से संचार कार्य के अनुकूलन और अनुवाद के अधिकार भी शामिल हैं कार्य के आधार पर अधिकारों की संरचना में थोड़ा बदलाव हो सकता है।

# चकबंदी में अनियमितता और हेराफेरी से किसान परेशान



लैबुढ़वा (श्रावस्ती)। जिले के लैबुढ़वा गांव में चकबंदी प्रक्रिया में अनियमितता, हेराफेरी और प्रशासनिक लापरवाही के चलते किसानों को भारी नुकसान उठाना पड़ रहा है। वर्ष 2014 में शुरू हुई चकबंदी आज तक अधूरी पड़ी है, जिससे ग्रामीणों को कई तरह की समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। गांव के किसान अलख राम यादव और अन्य ग्रामीणों ने आरोप लगाया है कि चकबंदी के दौरान अनावश्यक चकमार्ग बनाए गए और भूमि के मालियत निर्धारण में भारी हेराफेरी की गई। इससे कुछ जालसाज कास्तकारों को अनुचित लाभ पहुंचाया गया, जबकि अन्य किसानों को उनके हक से वंचित कर दिया गया। किसानों का कहना है कि चकबंदी प्रक्रिया में समस्त बचत भूमि (नूनि) इधर-उधर कर दी गई, जो ग्रामवासियों के अधिकारों में अनाधिकृत हस्तक्षेप के समान है। लैबुढ़वा गांव बाढ़ और नदी कटान से प्रभावित क्षेत्र है। हाल के वर्षों में घाघरा नदी के कटान के कारण इस क्षेत्र की 50% से अधिक भूमि नदी में समाहित हो चुकी है। बावजूद इसके, चकबंदी प्रक्रिया में किसानों के हितों की अनदेखी कर दी गई। कटान से प्रभावित किसानों को उनकी जमीन का सही मुआवजा या बदले में अन्य भूमि आवंटित नहीं की गई, जिससे वे गंभीर संकट में हैं। गांव के गाटा संख्या 176 में प्राथमिक विद्यालय के लिए भूमि आरक्षित की गई थी, लेकिन महामहिम के नाम बैनामा नामांतरण न होने के कारण यह सरकारी भूमि असुरक्षित हो गई। इससे सरकारी संपत्ति को भारी क्षति पहुंची है, जो निष्पक्ष जांच का विषय है। इसके अलावा, चकबंदी के दौरान कुछ लोगों को अनुचित लाभ देने के लिए पृथक भूमि की मालियत भी मनमाने ढंग से लगाई गई, जिससे किसानों को आर्थिक नुकसान झेलना पड़ा। किसानों ने मांग की है कि यदि चकबंदी का उद्देश्य केवल कुछ लोगों को लाभ पहुंचाना और अन्य किसानों की अनदेखी करना ही रह गया है, तो इस प्रक्रिया को निरस्त कर पूर्व चकबंदी व्यवस्था को पुनः लागू किया जाए। इसके साथ ही, कटौती की गई भूमि को किसानों को वापस लौटाने का आदेश दिया जाए, ताकि वे अपनी आजीविका को सुरक्षित रख सकें। किसानों ने जिला प्रशासन और शासन से अनुरोध किया है कि चकबंदी प्रक्रिया में हुई अनियमितताओं की निष्पक्ष जांच कराई जाए और सार्वजनिक जमीनों को सुरक्षित किया जाए।


## NOTICE INVITING TENDER

1. Tender applications are invited for auctioning of 'Surya Nursery' at 'Surya Sainik Suvidha Parisar' (SSSP) at Atal Road, Lucknow Cantt (near Command Canteen).
2. Sealed tender is invited for the following :-

| S. No. | Name of Shop | Service to be Provided | Min Rebate (in Rs.) |
|---|---|---|---|
| (a) | Surya Nursery | Seasonal flowering piants, evergreen plants, indoor / money plants, bonsai plants, hybrid variety of veg plants, No 1 selection grade grass, nilgiri grass, bermuda grass, succulents and cactus etc. Various types and sizes of earthen and hanging plastic pots as per requirement. Gardening pots as per requirement. Gardening equipment to include hedge scissors, shovels pipes, sprinklers, garden compost, fertilizers and allied materials. | 12,000.00 |

3. **Eligibility Criteria** War widows/widows of defence personnel killed while on duty/ disabled soldiers/ex-servicemen and spouses/ widows of ex-servicemen etc are eligible to apply for allotment of Nursery. **4.** The prospective vendors can visit the actual Nursary location between 1000 Hr to 1600 Hr on all days (less Tuesdays and Holidays) with prior information of Officer Incharge, SSSP. **5.** Interested persons/ parties to drop their sealed tenders for the above mentioned Nursery by **25 Mar 2025** by 1600 Hr at: Nursery (SSSP) tender box located at Atal Road, Lucknow Cantonment (near Command Canteen). **6.** For application form for tender or any clarification, the interested parties/ persons may contact Officer Incharge, SSSP, Mobile No 8105674455 between 1000 Hr to 1400 Hr. **7. Allotment of Nursery:-** (a) The Nursery in SSSP will be allotted to the highest bidderin an auction process for a lease period of one year. The period will be counted from the date of **01 May 2025** and ended by one year i.e. **30 Apr 2026.** (b) The prospective vendors/applicants are required to mention their bid for maximum monthly rebate to be paid. (c) The applicants are compulsorily required to indicate services to be provided along with Minimum Reserve Price (MRP) **for rebate** in their sealed bids for auctioning. **8. No bids will be accepted after the expiry of last day for submission of bids i.e. 1600 Hr on 25 Mar 2025.**

## NOTICE INVITING TENDER

1. Tender applications are invited for auctioning of 'Regt Shops' at 'Surya Sainik Suvidha Parisar' (SSSP) at Atal Road, Lucknow Cantt (near Command Canteen).
2. Sealed tender is invited for the following shops:-

| S. No. | Name of Shop | Service to be Provided | Plinth area of Shop | Minimum Reserve Price of rebate for auction (in Rs) |
|---|---|---|---|---|
| (a) | Jewellery & Cosmetic Shop | All beauty & cosmetic items of ladies | 358.26 square feet | 21,495.60 (excluding Rent & allied and maintenance charges) |
| (b) | Multi Brand Footwear | All type of shoes | 592.97 square feet | 35,578.20 (excluding Rent & allied and maintenance charges) |
| (c) | Ladies Beauty Parlour | Ladies hair cutting, skin treatment and cosmetic treatment and other services of Ladies Parlour | 468.51 square feet | 28,110.60 (excluding Rent & allied and maintenance charges) |
| (d) | Army Personnel Kit Store | Army pers kit store items | 206.64 square feet | 12,398.40 (excluding Rent & allied and maintenance charges) |
| (e) | Optician and Watch Shop | All type of spectacles, optical tools and watch repair | 187.26 square feet | 11,235.60 (excluding Rent & allied and maintenance charges) |
| (f) | Meat Shop | Dressed Chicken, Meat and Fish | 206.64 square feet | 12,398.40 (excluding Rent & allied and maintenance charges) |

3. **Eligibility Criteria** 100% reservation for war widows/widows of defence personnel killed while on duty/ disabled soldiers/ex-servicemen and spouses/ widows of ex-servicemen etc shall be followed for allotment of shops. **4.** The prospective vendors can visit the actual shops location at SSSP between 1000 Hr to 1600 Hr on all days (less Tuesdays and Holidays) with prior information of Officer Incharge, SSSP. **5.** Interested persons/ parties to drop their sealed tenders for the above mentioned shops by 25 **Mar 2025** by 1600 Hr at SSSP tender box located at Atal Road, Lucknow Cantonment (near Command Canteen). **6.** For application form for tender or any clarification, the interested parties/ persons may contact Officer Incharge, SSSP, Mobile No 8105674455 between 1000 Hr to 1400 Hr. **7. Allotment of Shops:-** (a) The shops in SSSP will be allotted to the highest bidder in an auction process for a lease period of five years. The period will be counted from the date of **01 Apr 2025** and will end on completion of five years i.e. **31 Mar 2030.** (b) The prospective vendors/applicants are required to mention their bid for monthly rebate to be paid. (c) The applicants are compulsorily required to indicate the type of shop and services to be provided along with Minimum Reserve Price (MRP) for rebate in their sealed bids for auctioning. **8. No bids will be accepted after the expiry of last day for submission of bids i.e. 1600 Hr on 25 Mar 2025.**


# सामाजिक और विधिक मूल्यों के प्रति सदैव ईमानदार रहे पं. कृपाशंकर ओझा : रामसेवक

● वकील परिषद में समारोहपूर्वक मनायी गयी पूर्व अध्यक्ष स्व. ओझा की द्वितीय पुण्यतिथि

जिला संवाददाता (vol)




प्रतापगढ़। जाने माने समाजवादी तथा वकील परिषद के पूर्व अध्यक्ष एवं लोकतंत्र सेनानी स्व0पं0 कृपाशंकर ओझा की द्वितीय पुण्यतिथि यहां कलेक्टेज्ट कचहरी स्थित वकील परिषद के सभागार में समारोहपूर्वक मनायी गयी। कार्यक्रम का शुभारंभ लोकतंत्र सेनानी एवं प्रख्यात कानूनविद समाजसेवी पं. रामसेवक त्रिपाठी तथा वकील परिषद के अध्यक्ष आनन्द पाण्डेय ने स्व0 कृपाशंकर ओझा के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलन कर किया। बतौर मुख्य अतिथि पूर्व अध्यक्ष पं. रामसेवक त्रिपाठी ने कहा कि सामाजिक चेतना को बनाए रखने तथा लोकतंत्र में लोगों की अधिकारों की रक्षा के लिए कानूनविद स्व0 पं0 कृपाशंकर ओझा का अदम्य साहस और निडर व्यक्तित्व सदैव अविस्मरणीय रहेगा। उन्होने कहा कि स्व. कृपाशंकर ओझा ने इमरजेंसी के दौरान जेल की यातना सहकर भी लोकतंत्र की आवाज को बुलंद करने का अदम्य साहस जीवन्त बनाए रखा। कार्यक्रम में जाने माने साहित्यकार राज नारायण शुक्ल राजन तथा वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. श्यामशंकर शुक्ल श्याम ने स्व. ओझा के कृतित्व व व्यक्तित्व पर केन्द्रित काव्यपाठ कर समारोह को ऊंचाईयां प्रदान की। वहीं अधिवक्ता सलीम ने शेरो शायरी के जरिए ओझा जी के जिंदगानी के यादगार लम्हों को बयां किया। धमार्चार्य अनिरूद्ध रामानुजदासानुदास ओमप्रकाश पाण्डेय ने स्व. पं. कृपाशंकर ओझा के संघर्ष भरे जीवन पर प्रकाश डाला। राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी तथा कांग्रेस विधानमण्डल दल की नेता आराधना मिश्रा मोना की ओर से मीडिया प्रभारी एवं रूरल बार के राष्ट्रीय अध्यक्ष ज्ञानप्रकाश शुक्ल ने वकालत के मिशन में स्व. ओझा के प्रतिपादित सिद्धांतों को प्रेरणास्पद ठहराया। कार्यक्रम के संयोजक एवं रूरल बार एसोशिएसन के प्रदेश अध्यक्ष एवं स्व. कृपाशंकर ओझा के सुपुत्र मुक्तेश्वर नाथ ओझा मुक्कू ने उनके जीवनवृत्त पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे वकील परिषद के अध्यक्ष आनंद पाण्डेय ने पूर्व अध्यक्ष स्व. कृपाशंकर ओझा के द्वारा न्यायिक क्षेत्र में दिये गये योगदान पर प्रकाश डाला। समारोह में आयोजन समिति द्वारा लोकतंत्र सेनानी एवं वरिष्ठ अधिवक्ता पं. रामसेवक त्रिपाठी को अंगवस्त्रम तथा माल्यार्पण एवं भगवान श्रीराम जी की प्रतिमा भेंट कर पं. कृपाशंकर ओझा स्मृति सम्मान से भी नवाजा गया। समारोह में बतौर विशिष्ट अतिथि बार एसोशिएसन के अध्यक्ष बृजेश सिंह गौतम तथा जूनियर बार एसोशिएसन के अध्यक्ष भानु प्रताप सिंह तथा महामंत्री विवेक त्रिपाठी विशिष्ट अतिथि रहे। जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिलाध्यक्ष रामअचल वर्मा ने पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व कैबिनेट मंत्री कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भइया व एमएलसी कुंवर अक्षय प्रताप सिंह गोपाल की ओर से स्व. कृपाशंकर ओझा को पुष्पांजलि अर्पित की। कार्यक्रम का संचालन पूर्व अध्यक्ष आचार्य ओमप्रकाश मिश्र ने किया। आभार प्रदर्शन वकील परिषद के महामंत्री विजय पाण्डेय ने किया।

संक्षेप

## किशोरी से दुष्कर्म का आरोपित पुलिस के हत्थे चढ़ा

इकदिल, इटावा। नाबालिग को शादी का झांसा देकर उसको अगवा कर लेजाकर उसके साथ दुष्कर्म किया पुलिस ने आरोपी के खिलाफ दुष्कर्म और पॉस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आरोपी को पकड़ने के लिए उसकी तलाश कर रही थी। तभी नाबालिग के साथ दुष्कर्म करने के आरोपित को पुलिस ने ग्वालियर बाईपास हाइवे के पास से पकड़ लिया। एसआई करनवीर सिंह ने बताया कि बुधवार को सटीक सूचना मिली की दुष्कर्म करने वाला आरोपी कहीं जाने की फिराक में उपरोक्त स्थान पर खड़ा है जिस पर फोर्स के साथ सुबह नो बजे मौके पर पहुंचकर के जिला आगरा थाना व गांव जैतपुर का रहने वाला राहुल पुत्र सर्वेश कुमार को गिरफ्तार कर लिया गया।

## तम्बाकू नियंत्रण दिवस पर शपथ दिलाई

इटावा। राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण दिवस के अवसर पर वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन पहुँचकर पुलिस कार्यालय के सभी शाखाओं एवं पुलिस लाइन में नियुक्त समस्त अधिकारी, कर्मचारी को शपथ दिलाई गई। शपथ दिलाते हुये कहा कि मै शपथ लेता हूं कि अपने कार्यालय को धूम्रपान एवं तम्बाकू मुक्त बनाये रखने के महाअभियान में सच्चे मन के साथ सक्रिय रुप से भाग लूंगा व व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जन स्वास्थ्य की दृष्टि से मै स्वयं तम्बाकू का सेवन नहीं करूंगा तथा समाज के सभी लोगों को तम्बाकू न सेवन करने के लिए प्रेरित करूंगा तथा भविष्य में अपने कार्यालय को धूम्रपान एवं तम्बाकू मुक्त बनाये रखने के लिए किये जा रहे प्रयासों को अनवरत रूप से जारी रखने की दिशा में सामुदायिक सहभागिता के लिए सदैव संकल्पबद्ध रहूंगा।

## झगड़े में चाकू चले चार घायल

बकेवर, इटावा। स्थानीय कस्वे के किदवई नगर मुहाल में किसी बात को लेकर हुई जीजा साले में कहा सुनी गाली-गलौज और मारपीट के दौरान चले चाकू से चार लोग हुए गंभीर रूप से घायल। घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया जहाँ स्थानीय चिकित्सक ने इलाज किया गंभीर हालत को देखते हुए चिकित्सक ने जिला अस्पताल रेफर कर दिया। पुलिस ने पीड़ित के शिकायत पर मामला दर्ज किया। स्थानीय कस्वे के किदवई नगर मुहाल में बुधवार की सुबह जीजा साले में किसी बात को लेकर आपस में गाली-गलौज हो रही थी उसी दौरान दोनो पक्षो के आमने सामने होकर एक दूसरे को गाली-गलौज करते हुए लाठी डंडो से मारपीट करने लगे इसी दौरान मुहम्मद जुबैर, यादिल, उस्मान, अब्दुल रहमान को चाकू मारकर घायल कर दिया घटना की सूचना पर पहुँची पुलिस ने सभी घायलो को इलाज के लिए 50 शैय्या अस्पताल बकेवर भिजवाया जहाँ स्थानीय चिकित्सक ने इलाज करने के बाद चारो की गंभीर हालत को देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया जहाँ घायलो का इलाज चल रहा है। पुलिस ने मुहम्मद जुबैर के शिकायती पत्र पर हलीम उर्फ पप्पू, नजमा पत्नी हलीम, तौफीक, फैजान निवासीगण किदवई नगर मुहाल बकेवर के विरुद्ध मामला दर्ज किया। प्रभारी निरीक्षक बकेवर भूपेंद्र सिंह राठी ने बताया जीजा साले में किसी बात को लेकर आपस में गाली-गलौज मारपीट हो गयी थी जिसमे चार लोगो के विरुद्ध मामला दर्ज कर आरोपितो की तलाश शुरू कर दी है।

## सुलेख प्रतियोगिता सम्पन्न

इकदिल, इटावा। आदर्श प्राथमिक विद्यालय एवं इंडियन एकेडमी मुहल्ला कायस्थान इकदिल में सुलेख प्रतियोगिता का आयोजन किया गया स जिसमें बच्चों ने बड़ी संख्या में भाग लिया और सुंदर लेख से अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया स सुलेख प्रतियोगिता में प्राची शाक्य ने प्रथम, पंकज तिवारी द्वितीय, भारती राजपूत, अवनी सिंह ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। एकेडमी के प्रधानाचार्य डॉ. सुशील सम्राट ने कहा कि सभी बच्चों को प्रतियोगिताओं में बढ़चढ़ कर भाग लेना चाहिए। इससे बच्चों में छिपी प्रतिभा का निखार होता है।

### सूचना

सूचित हो कि मैने अपने पुत्र मो. कैफ को उसके व्यवहार, चाल चलन ठीक न होने के कारण अपनी समस्त चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर दिया है। भविष्य में उसके द्वारा किये गये किसी भी कृत्य की जिम्मेदारी मेरी व मेरे परिवार की नहीं होगी। **हसीब खॉ पुत्र वहाब खान नि.- पलका पोस्ट बेहटा पलका जनपद लखनऊ।**

# पीपीए ने पदयात्रा निकाल किया विरोध -प्रदर्शन



गोला, गोरखपुर। सीतापुर में पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या को लेकर पत्रकारों का आक्रोश थमने का नाम नही ले रहा है। बुधवार को उपनगर गोला में पूर्वांचल पत्रकार एसोसिएशन (पीपीए) के प्रांतीय संगठन मंत्री घनश्याम कसौधन के नेतृत्व में संगठन के सदस्यों ने पदयात्रा निकाल विरोध प्रदर्शन किया। तथा हत्यारों की गिरफ्तारी, आर्थिक मदद व पत्रकार सुरक्षा के विभिन्न मांगो से संबंधित मुख्यमंत्री को संबंधित ज्ञापन तहसीलदार गोला कृष्ण गोपाल त्रिपाठी को सौंपा। प्रांतीय संगठन मंत्री घनश्याम कसौधन व तहसील अध्यक्ष ने कहा कि पत्रकार लोकतन्त्र का चौथा स्तंभ है पर आए दिन पत्रकारों पर हो रहे हमले एंव उत्पीड़न से पूरा पत्रकार समाज खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है। संगठन ने पत्रकारों को मानदेय तथा सुरक्षा देने की भी मांग की। पत्रक के माध्यम से संगठन ने सीतापुर जिले के पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की हत्या पर रोष व्यक्त किया तथा हत्यारों की तुरंत गिरफ्तारी, मृतक पत्रकार को आर्थिक व अन्य मदद, पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने आदि की मांग की। सदस्यों ने तहसीलदार से मांगों को उच्च स्तर पर पहुंचाने की अपील किया। पत्रक देने के दौरान प्रांतीय संगठन मंत्री घनश्याम कुमार, महासचिव मंडल गोरखपुर आरएस मिश्र, जिला मंत्री राजेश पाण्डेय, तहसील अध्यक्ष राजेश शर्मा, महामंत्री ज्ञानवेन्द्र मिश्र, मंत्री दिवाकर तहसील संरक्षक राकेश यादव, अखिलेश तिवारी, बसंत यादव, राजकुमार हिंदुस्तानी, चन्द्र प्रकाश विश्वकर्मा, अरुण गुप्ता व सर्वेश दुबे आदि पत्रकार मौजूद रहे।

## कैम्पियरगंज के पत्रकारों ने तहसीलदार को सौंपा 5 सूत्रीय ज्ञापन



गोरखपुर। सीतापुर मे पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई हत्याकांड को लेकर तहसील कैम्पियरगंज में पीपीए के तहसील अध्यक्ष सुनिल जायसवाल के नेतृत्व में संगठन सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने तहसील मुख्यालय पर विरोध प्रदर्शन किया। तथा मुख्यमंत्री को संबोधित पांच सूत्रीय ज्ञापन तहसीलदार कैम्पियरगंज को सौंपा। पीपीए सदस्यों के प्रतिनिधिमंडल ने पत्रक के माध्यम से पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों की अविलम्ब गिरफ्तारी व कठोर कार्रवाई करने, पीड़ित परिवार को एक करोड रुपए की आर्थिक सहायता एवं उनकी पत्नी को आजीविका चलाने हेतु सरकारी नौकरी देने की मांग की है। साथ ही प्रदेश में पत्रकारो की सुरक्षा को लेकर पत्रकार सुरक्षा कानून बनाने की मांग किया। पत्रकारों को 60 साल के बाद पेंशन बीमा एवं नए पत्रकारों को सरकार के माध्यम से मानदेय प्रदान करने की मांग की गई। इस दौरान सत्यप्रकाश त्रिपाठी, धर्मेन्द्र त्रिपाठी, चन्दन जायसवाल, कौशल जायसवाल, सुग्रीव यादव व धर्मेन्द्र सहानी आदि लोग मौजूद रहे।

## पत्रकार संगठनों ने मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन तहसीलदार को सौंपा



चौरीचौरा, गोरखपुर। सीतापुर के पत्रकार राघवेन्द्र वाजपेई की गत दिनों की गई निर्मम हत्या के विरोध में चौरीचौरा के पत्रकार संगठनों ने अपनी 8 सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा की अनुपस्थिति में तहसीलदार चौरीचौरा निशा श्रीवास्तव को सौंपा।

पत्रकार हत्या के विरोध में बुधवार को चौरीचौरा थाना मुख्यालय गेट से काली पट्टी बांध कर विरोध जताते हुए प्रदर्शन किया। तथा तहसील मुख्यालय पहुंच कर अपनी अपनी आठ सूत्रीय मांगों का मुख्यमंत्री को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी चौरीचौरा की अनुपस्थिति में तहसीलदार चौरीचौरा निशा श्रीवास्तव को सौंपा गया। मांगों में पत्रकार हत्याकांड में संलिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी, पचास लाख रुपए की आर्थिक सहायता, परिवार के भरण-पोषण के लिए सरकारी नौकरी आदि प्रमुख हैं। उक्त अवसर पर दिलशाद आलम, ओमप्रकाश गुप्ता, अजय जायसवाल, विकास भरद्वाज, धनंजय पाण्डेय, रामानंद पाण्डेय, ललित मोहन त्रिपाठी, भुवनेश्वर दूबे, जेपी यादव, राम सिंह गौतम विनय कुमार दूबे, आशुतोष पाण्डेय, महेश पासवान, सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

## दुकान संचालक ने पत्रकार से की बदसलूकी

मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र में न्यूज कवरेज करने गये पत्रकार को दुकान संचालक द्वारा बदसलूकी करने का मामला प्रकाश में आया है जानकारी के मुताबिक मंगलवार को एरिया के हाटा बाजार में खाद्य विभाग के अधिकारी एक प्रतिष्ठित दुकान में जांच करने पहुंचे थे. कार्रवाई की सूचना पाकर एक पत्रकार खबर का संकलन करने मौके पर पहुंचे थे। इस दौरान दुकान का संचालक पत्रकार को देखते ही भड़क गया। उसने पत्रकार से कहा कि यहां क्या काम है। पत्रकार के बताने पर कि वह सूचना पाकर आये है। पत्रकार का नाम सुनते ही संचालक भड़क गया और पत्रकार को वहां से चले जाने को कहा. बात बढ़ने पर दुकान पर मौजूद अधिकारियों और अन्य पत्रकार साथी के समझाने पर मामला शांत हुआ।

# सत्यम के घर पहुंचा सपा का प्रतिनिधिमंडल

- मृतक सत्यम के परिवार से मिलकर बंधाया ढांढस, हर संभव मदद का जताया भरोसा
- दलित युवक सत्यम की कुछ दिन पहले चाकू से गोदकर हुई थी नृशंस हत्या



**गोला, गोरखपुर।** गोला थाना क्षेत्र के खिरकीटा दीगर निवासी दलित युवक सत्यम की बीते दिनों चाकू से गोदकर नृशंस हत्या कर दी गई थी। घटना को लेकर सपा शीर्ष नेतृत्व के निर्देश पर जिलाध्यक्ष ब्रजेश कुमार गौतम के नेतृत्व में पार्टी पदाधिकारियों का का एक प्रतिनिधिमंडल बुधवार को खिरकिटा दीगर गांव पहुंचकर मृतक के परिजनों से मुलाकात किया। उनके दुख को सांझा करते हुए उन्हें ढांढस बताया तथा न्याय की लड़ाई में उन्हें हर संभव मदद का भरोसा जताया। तथा पुलिस-प्रशासन से हत्यारोपितों के खिलाफ कठोर कार्रवाई की मांग किया। सपा प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व करते हुए जिलाध्यक्ष श्री गौतम ने कहा कि प्रदेश में अराजकता का माहौल है। अपराध व भ्रष्टाचार का बोलबाला है। दलित-पिछड़े व वंचित समाज को तिरस्कार व जुल्मों सितम का सामना करना पड़ रहा है। दलित सत्यम की हत्या इसकी गवाही दे रहा है। सीएम के गृह जनपद में यह हाल है तो पूरे प्रदेश का क्या होगा। समय आने पर इस अराजक सरकार से जनता खुद हिसाब करेगी। प्रतिनिधिमंडल ने शासन-प्रशासन से पीड़ित परिवार को आर्थिक सहायता समेत विभिन्न मांगों को रखा। प्रतिनिधिमंडल में सपा के प्रदेश सचिव अवधेश यादव, पूर्व प्रमुख विजय कुमार यादव, जिपंस संजय पासवान, विधानसभा अध्यक्ष अमरजीत यादव, दयाशंकर निषाद, धनंजय सिंह सैंथवार, अजय कुमार कन्नौजिया के साथ नगर अध्यक्ष सपा श्रीकांत यादव, विधान सभा अध्यक्ष बांसगांव रामनिरंजन यादव सहित ढेर सारे लोग उपस्थित रहे।

## आबकारी व पुलिस ने कच्ची शराब के खिलाफ चलाया अभियान



मझगांवा, गोरखपुर। गगहा थाना क्षेत्र के पांडेपार, कौवाडील, ऊंचेर और गजपुर में आबकारी विभाग और पुलिस ने संयुक्त रूप से अवैध कच्ची शराब के ठिकानों पर दबिश दी। इस कार्रवाई में कुल 1.5 कुंतल लहन नष्ट किया गया। आबकारी निरिक्षक जी पी सिंह के नेतृत्व में हुई इस कार्रवाई में थाना प्रभारी गगहा गौरव वर्मा, चौकी प्रभारी गजपुर अनीश सिंह, उपनिरिक्षक अंकुर यादव, उपनिरिक्षक रविन्द्र प्रताप, कांस्टेबल सोनू यादव, कांस्टेबल सुबोध वर्मा, महिला आरक्षी निशा कुमारी सहित कई अन्य अधिकारी और जवान मौजूद थे। यह कार्रवाई अवैध शराब के कारोबार पर अंकुश लगाने के लिए की गई है। पुलिस और आबकारी विभाग की इस संयुक्त कार्रवाई से अवैध शराब के कारोबारियों में हड़कंप मच गया है।

## गोला के युवक की दक्षिण अफ्रीका में मौत, परिवार में मचा कोहराम



गोला, गोरखपुर। गोला कस्बे के वार्ड-19 मोहल्ला भिखीगंज के रहने वाले एक युवक की दक्षिण अफ्रीका में मंगलवार की देर रात आकस्मिक निधन हो गया। वह वहां कमाने गया था। वहां से मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है। जानकारी के मुताबिक, कस्बे के वार्ड संख्या-19 मोहल्ला भिखीगंज दुर्गविजय प्रजापति (45) वर्ष पुत्र स्व हीरालाल एक महीना दस दिन पहले ही दक्षिण अफ्रीका कमाने गया था। वह दक्षिण अफ्रीका डीन बिल्डर्स नामक कंपनी में सिविल वर्क में गया था। मंगलवार की देर शाम कंपनी के साइट इंजीनियर ने मोबाइल पर फोन करके दुर्गविजय की तबियत ज्यादा खराब होने की बात कहते हुए वही पर अस्पताल में भर्ती करने की बात बताई। हालत बिगड़ने पर आईसीयू और कुछ घंटे बाद देर रात लगभग डेढ बजे अस्पताल में इलाज के दौरान निधन होने की सूचना दी। दुर्गविजय की मौत की सूचना घर पहुंचते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल रहा। पत्नी और बच्चें कंपनी के इंजीनियर के पास फोन करके शव को भेजने की गुहार लगा रहे थे। लेकिन वह इसमें काफी खर्चा होने की बात कहते असमर्थता जताई तथा वहीं पर हिंदू रीति-रिवाज से शव का दाह-संस्कार कर अस्थियां भेजने का आश्वासन दिया। मृतक को दो बेटे राहुल व सुमित तथा तीन बेटियां खुशी, सोनम व अनामिका है।

## अधिवक्ताओं ने कर्मचारियों के साथ सांकेतिक होली खेली

ऊसराहार, इटावा। अधिवक्ताओं ने तहसीलदार व अन्य कर्मचारियों के साथ खेली सांकेतिक होली। तहसील परिसर में सोमवार को अधिवक्ताओं ने तहसीलदार मोहम्मद असलम व अन्य कर्मचारियों के साथ सांकेतिक होली खेली। रंगों और फूलों की इस होली में आपसी सौहार्द और भाईचारे का अनूठा नजारा देखने को मिला। कार्यक्रम में अधिवक्ताओं ने गुलाल लगाकर तहसीलदार और अन्य कर्मचारियों को होली की शुभकामनाएं दीं। सभी ने एक-दूसरे को मिठाइयाँ खिलाईं और खुशियों को साझा किया।

# पति महाकुंभ में, थाना सैफई में मुकदमा दर्ज

## एसएसपी से लगायी न्याय की गुहार



सैफई, इटावा। महाकुंभ स्नान करने गए पति मुनीश कुमार को थाना सैफई पुलिस द्वारा हत्या के मुकदमे में झूठा नामजद करने, पुत्र व देवर आनंद को फर्जी जेल भेजने व मुकदमे की जांच के लिए सुनीता देवी ने एसएसपी से मिलकर न्याय की मांग की है। पीड़िता की शिकायत पर एसएसपी ने सीओ सैफई को जांच सौंपी है।

पीड़िता सुनीता कुमारी पत्नी मुनीष कुमार ग्राम रमैयापुर थाना सैफई ने बताया कि मैं अपने पति मुनीष कुमार व अन्य गांव के लोग व रिश्तेदारों के साथ 18 फरवरी को रात 9 बजे इटावा से ट्रेन द्वारा प्रयागराज महाकुंभ में स्नान करने के लिए गई थी। प्रार्थिनी 19 फरवरी को सुबह लगभग 4 बजे कुंभ में पहुंची और कुंभ में स्नान करके 19 फरवरी को सुबह लगभम 5.30 बजे ट्रेन में बैठकर 11 बजे इटावा रेलवे स्टेशन पर उतरी और लगभग 12 बजे रात्रि अपने घर रमैयापुर पहुँची। महाकुंभ में मेरे साथ मेरे पति के पड़ोसी दुकानदार सुखराम मो. 8859621859, व उसकी पत्नी, सीता पत्नी सुरेंद्र रमैयापुर व उसका बेटा लकी, व उसके अन्य रिश्तेदार साथ गए थे। मेरे गांव के रमाकांत पुत्र रक्षपाल के टेम्पो से हम सब लोग प्रयागराज जाने के लिये ट्रेन पकड़ने के लिए 7 बजे टेम्पो से इटावा छोड़ने गए थे। कुंभ में पहुँचने के दौरान साथ गए मेरे पड़ोसी दुकानदार सुखराम यादव, व लकी से मेरे ससुर विद्याराम मो० 8979586522 मेरे पुत्र अभिषेक मो. 7409324604 नंबर पर मेरी व मेरे पति की बातचीत हुई। मेरे साथ गए लकी के मोबाइल में मेरे व मेरे पति के सभी फोटो सभी वीडियो मौजूद है जिसमें समय व तारीख भी मौजूद है। मेरी देवरानी कमलेश पत्नी उमेश उर्फ पप्पू के द्वारा थाना सैफई में 26 मई 2024 को मुकदमा धारा 506, 504, 323 दर्ज कराया था जिसमें मृतक सनी उर्फ राहुल पुत्र ब्रजमोहन व दीपक पुत्र महेश निवासी रमैयापुर नामजद था इन्होंने मेरे बेटे अभिषेक का सिर फाड़ दिया था। जिसमे चार्जशीट न्यायालय भेजी जा चुकी है। इसी रंजिश की बजह से मृतक की मां विमला देवी ने थाना सैफई में मुकदमा में मेरे पति मुनीश कुमार को झूठा नामजद किया है। मेरे पति मुनीश घटना के समय प्रयागराज में थे। मैंने व पति ने घटना के दिन शाम को 5.31 पर प्रयागराज से इटावा आने की टिकट लिया था उसके बाद हम सब लोग 12 बजे गांव पहुँचे थे।

# डकैती के मामले की गुत्थी चार दिन बाद भी नहीं सुलझी

ऊसराहार, इटावा। महिला के साथ मारपीट कर डकैती के मामले की गुत्थी चार दिन बाद भी नही सुलझ पाई है घटना के चार दिन बीतने के बाद भी पुलिस पूरे मामले को उजागर नही कर सकी है पुलिस भले ही घटना को फर्जी बता रही है लेकिन महिला की आंखो मे मिर्ची पाउडर किसने डाला उसके साथ मारपीट किसने की इसकी पटाक्षेप चार दिन बीतने के बाद भी नहीं हो पाया है।

ऊसराहार थाना क्षेत्र के खरगपुर सरैया गांव से कुछ दूरी पर बने उमेश कुमार के मकान पर शनिवार की रात बदमाशों ने घर मे घुसकर उमेश की पत्नी सीमा के साथ मारपीट की थी घटना बाले दिन सीमा ने एक लाख रूपए नगद और पांच सोने की अंगूठी ब्रजबाला सोने की चूडी तोडिया सहित नौ लाख रूपए के जेबरात की डकैती बताई थी मामला रविवार को मीडिया मे आया तो पुलिस सक्रिय हुई क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान व थानाध्यक्ष मंसूर अहमद जांच के लिए गए जांच के बाद सीमा व उसके ससुर कार्यवाही करने से मना कर रहे हैं जबकि घटना वाली रात सीमा की हालत खराब होने पर उसे पहले समथर मे डाक्टर के पास आंखो के इलाज के लिए लाया गया जहां डाक्टर ने आंखो मे मिर्च पाउडर डालने की बात कही सीमा की वहन के मुताबिक सीमा का तीन माह पहले ही एक आप्रेशन हुआ था जिसमे टांके लगे थे मारपीट के बाद टांको मे सूजन आने पर उसे इटावा के निजी अस्पताल मे भर्ती कराया गया उस समय तक पूरा परिवार कार्यवाही के लिए तैयार था पुलिस ने घटना को फर्जी बताया है सीमा कह रही है घटना झूंठी है तो क्या उसे जो चोटे आई वह भी झूठी है असली सोने के जेवर चले गए हैं लेकिन अब उसे कोई कार्यवाही नही करनी है भले ही सीमा कोई कार्यवाही न चाह रही हो तब भी तो पुलिस को पूरे मामले का पटाक्षेप करना चाहिए दस लाख की डकैती की सूचना यदि परिजनों ने गलत दी है तो फिर गलत सूचना देने पर कार्यवाही की जानी चाहिए यदि डकैती नही डाली गई है तो फिर सीमा के साथ किसने मारपीट की है किसने सीमा की आंखो मे मिर्ची पाउडर डाला है उसकी खोज करनी चाहिए और उसके विरूद्ध कार्यवाही करनी चाहिए फिलहाल पुलिस की जांच जो जेवरात गए है उनमे असली नकली पर अटकी पडी है थानाध्यक्ष मंसूर अहमद के मुताबिक बदमाश सब असली ले गए और नकली छोड गए ऐसा कैसे हो सकता है सीमा ने घटना वाले दिन पांच सोने की अंगूठी जाना बताया है वह अंगूठी कहा है इसका भी कोई ठोस जबाब नही है क्षेत्राधिकारी भरथना अतुल प्रधान ने बताया सीमा ने जो चूड़ियों का बदमाशों द्वारा ले जाना बताया है वह चूडियां किसी दुकान पर उसने पहले ही गिरवी रख रखी है अंगूठी की जांच की जा रही है पता चला है कुछ अंगूठी मायके मे है कुल मिलाकर फिलहाल चार दिन बीत चुके हैं और पुलिस घटना सही है या फर्जी उसे साबित नही कर पाई है इस संबध में थानाध्यक्ष मंसूर अहमद से बात की गई तो वह बोले इस मामले मे कुछ नही कहना चाहते हैं हम जो कहते हैं वह आप छाप देते हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद, देवरिया

**Office of The Municipal Board, Deoria**

पता अबुबकर नगर दक्षिणी, देवरिया, उ.प्र.- 274001

Website- http://nppdeoria.in e-mail-conppdeo@gmail.com

पत्रांक 3548 कर वि.-2024-25/ देवरिया दिनांक 12/03/2025

### अति अल्पकालिक नीलामी सूचना

एतद् द्वारा ई-निदिया प्रणाली के पंजीकृत ठेकेदारों / फर्मों / का समूह को सूचित किया जाता है कि न.पा.परि., देवरिया द्वारा नगर क्षेत्र में होर्डिंग बोर्ड के वित्तीय वर्ष 2025-26, 31 मार्च, 2026 तक संचालन हेतु निलामी ई-निविदा पोर्टल https://www.etender.up.nic.in के माध्यम से दिनाक 12.03.2025 से दिनांक 24.03.2025 को 03 बजे तक डाउनलोड व अपलोड की जा सकती है। निविदा के साथ यथेष्ठ मूल्य की धरोहर धनराशि तथा बिना वापसी निविदा मूल्य की धनराशि को UP e-tender online Account में नेट बैंकिंग के माध्यम से जमा कर प्राप्ति रसीद निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा। ई- निलामी के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी विज्ञापन अनुभाग नगर पालिका परिषद, देवरिया में किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है।

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | ई-नीलामी डाउनलोड की प्रारम्भ तिथि व समय | 12/03/2025 | 03 बजे |
| 2. | ई-नीलामी डाउनलोड की अन्तिम तिथि व समय | 24/03/2025 | 03 बजे |
| 3. | ई-नीलामी बिड् खोले जाने की तिथि व समय | 25/03/2025 | 10 बजे |

| क्र.सं. | कार्य का विवरण | न्यूनतम बोली | जमानत धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|---|
| 1 | होर्डिंग बोर्ड का संचालन कार्य। | 11,08,965-00 | 1,11,000-00 | 1810.00 |

1 नीलामी को स्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी न.पा.परि., देवरिया में निहित होगा।
2 निविदादाता को जी.एस.टी. नम्बर, आधार कार्ड, पैन कार्ड निविदा के साथ अपलोड करना अनिवार्य होगा।
3 यह कि होर्डिंग बोर्ड जैसे सार्वजनिक स्थान पर नहीं लगाई जायेगी, जिससे प्रशासन अथवा पालिका को हकतलफी हो।
4 यह कि होर्डिंग सड़क के धरातल से 12 फीट की ऊचाई से कम प्रदर्शित नहीं किया जायेगा।
5 यह कि ठेके के लिए अधिक दर (धनराशि) आने पर ठेकेदार के पक्ष में अध्यक्ष / अधिशासी अधिकारी की स्वीकृति के पश्चात ही मानी जायेगी। उच्चतम बोलीदाता की जमानत की धनराशि ठेके की धनराशि में समायोजित की जायेगी। उच्चतम बोलीदाता द्वारा सम्पूर्ण कार्यवाही पूर्ण न करने पर प्रथम उच्चतम बोलीदाता की बोली निरस्त कर जमानत की धनराशि जब्त कर ली जायेगी।
6 बोलीदाता को बोली में दिये गये सभी प्रपत्र के सत्यता एवं सूचना के सम्बन्ध में शपथ प्रमाण पत्र मूल रूप में अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद देवरिया को सम्बोधित करते हुए निविदा प्रपत्र के साथ जमा करना अनिवार्य होगा।
7 यह कि उक्त होर्डिंग बोर्ड की वसूली पालिका द्वारा प्रदत उपविधि के अनुसार किया जायेगा। यदि कोई शिकायत या अनियमितता पायी जाती है तो बिना कारण बताये ठेका जनहित में निरस्त कर दिया जायेगा।
8 बोलीदाता के पक्ष में आदेश होने के उपरान्त 50% धनराशि 15 दिवस के अन्दर एवं शेष 50% धनराशि 3 माह के अन्दर पालिका में जमा करना अनिवार्य होगा अन्यथा उक्त ठेका निरस्त कर दिया जायेगा।
9 ठेकेदार को अवैध होर्डिंग की सूचना पालिका को देना अनिवार्य होगा । संख्या से अधिक होर्डिंग पर पालिका एक नोटिस के उपरान्त कार्यवाही करेगी।
10 सरकारी कार्यक्रमों हेतु पालिका अपनी सुविधानुसार अतिरिक्त होर्डिंग लगवा सकेगी अथवा पूर्व से लगे होर्डिंग का इस्तेमाल कर सकती है।
11 ठेकेदार यह सुनिश्चित करेगा कि होर्डिंग से ट्रैफिक का आवागमन अथवा अन्य सार्वजनिक सुविधाए बाधित न हो।
12 ठेकेदार का दायित्व होगा कि होर्डिंग एकरूपता रहे तथा सभी होर्डिंग की एक कोड को साथ लगे जिससे होर्डिंग की पहचान किया जा सके।
13 किसी भी प्रकार की दुर्घटना घटित होने पर इसकी समस्त जिम्मेदारी ठेकेदार की होगी।

**कोडिंग का प्रारूप**

| वार्ड संख्या | वार्ड का नाम | होर्डिंग क्रमांक | कुल होर्डिंग की संख्या |
|---|---|---|---|
| 17 | Raghav Nagar Purvi (RNP) | 7 | 23 |

CODE- 17RNP723

**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया।**

**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद, देवरिया।**

संक्षेप

## महिला ने दो लोगों पर दर्ज कराया दलित उत्पीड़न का मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) कोतवाली क्षेत्र निवासी एक महिला ने उसे और उसके पुत्रों के साथ जातिसूचक गाली गलौज, मारपीट कर जान से मारने की धमकी देने का आरोप लगाते हुये दो युवकों के खिलाफ दलित एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कराया है। ग्राम मूडा सवारान निवासी मीरा देवी पत्नी दाताराम ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि 10 मार्च की सुबह उसका पुत्र दिव्यांशु बाइक से घर आ रहा था। इसी दौरान रास्ते में गांव निवासी आफिस पुत्र मजहर व षाहरूख उर्फ विक्की पुत्र जलीस व तीन चार अज्ञात लोग जातिसूचक गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोग उसके पुत्र को लाठी - डन्डो से मारा पीटा। उसका पुत्र हिमांशु और वह जब बीच बचाव करने लगे तो उक्त लोगो ने उसके साथ भी मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी।

## चार के खिलाफ मारपीट का मुकदमा

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) हैदराबाद थाना क्षेत्र में सडक पर भैंस नहलाने को लेकर दो पक्षो में मारपीट हो गई। पुलिस ने पीडित की तहरीर पर चार लोगों पर मुकदमा दर्ज किया है। ग्राम तकिया निवासी रामस्वरूप पुत्र कल्लू ने दर्ज कराई रिपोर्ट में कहा है कि वह सडक पर भैंस नहला रहा था कि जिससे नाराज होकर गांव निवासी मिथलेष पुत्र राजेन्द्र प्रसाद, मानसिंह पुत्र बहादुरलाल, अनुज पुत्र हरीलाल व षत्रोहन लाल पुत्र राजेन्द्र प्रसाद गाली गलौज करने लगे। विरोध करने पर उक्त लोगोंने मुझे मारापीटा। बीच बचाव करने आई मेरी गर्भवती पुत्री मोहिनी व रंजना देवी के साथ भी मारपीट करते हुये जान से मारने की धमकी दी। फिलहाल पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

## बिजली सप्लाई बाधित होने से हुई परेशानी

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) बुधवार को बिजली का तेज धमाके के साथ शहर समेत पूरा इलाका ब्लैक आउट हो गया। घंटों की मशक्कत के बाद सप्लाई चालू हो पाई। बुधवार को दोपहर बाद हाइडिल में 132 केवी लाइन पर तेज धमाका और स्पर्किंग के साथ शहर के आलावा पूरे ग्रामीण इलाके की बिजली सप्लाई गुल हो गई। लोग परेशान होने लगे। बिजली कर्मियों ने घंटो मशक्कत की तब जाकर बिजली सप्लाई शुरू हुई तब लोगों ने राहत महसूस की। संविदा बिजली कर्मचारियों की हड़ताल के चलते फाल्ट ठीक कराने में समय लगा। बिजली विभाग के एसडीओ का कहना है कि 132 केबी लाइन में जम्पर उड़ जाने से सप्लाई ठप हो गई थी। जिसे ठीक करा लिया गया है।

## बैठक 20 को

आजमगढ़। अपर जिलाधिकारी प्रशासन/उप जिला निर्वाचन अधिकारी राहुल विश्वकर्मा ने बताया है कि मुख्य निर्वाचन अधिकारी, उप्र, लखनऊ द्वारा विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों के निरन्तर पुनरीक्षण-2025 के अन्तर्गत विभिन्न निर्देशों से अवगत कराने विषयक मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्यीय राजनैतिक दलों के साथ बैठक किये जाने के निर्देश प्राप्त है। उक्त निर्देश के अनुपालन में राजनैतिक दलों के साथ विचार-विमर्श किये जाने हेतु जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी की अध्यक्षता में 20 मार्च 2025 को अपराह्न 1 बजें कलेक्ट्रेट सभागार, आजमगढ़ में बैठक आयोजित है।

# सीएम ने मंदिरों में भेजा होली का उपहार और पूजन सामग्री



जिला संवाददाता(vol)

- वाल्मीकि मंदिर पहुंचे डीएम-एसपी, दर्शन कर वाल्मिकी समाज के संग मनाई होली
- डीएम-एसपी ने वाल्मीकि मंदिर के पुरोहित को सौंपा होली उपहार

लखीमपुर खीरी। होली के पावन पर्व पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की ओर से जिले के प्रमुख प्राचीन मंदिरों में मिष्ठान, पूजा सामग्री, ग्रीटिंग कार्ड युक्त होली उपहार भेजा गया है। इसी कड़ी में बुधवार की दोपहर जिला मुख्यालय के मोहल्ला गोटैय्याबाग स्थित वाल्मीकि मंदिर पहुंचकर डीएम दुर्गा शक्ति नागपाल, एसपी संकल्प शर्मा ने दर्शन किए और वहां के पुरोहित को उक्त सामग्री और उपहार भेंट कर होली की शुभकामनाएं भी दी। डीएम-एसपी ने मंदिर परिसर में मौजूद वाल्मीकि समाज के लोगों को अपने हाथों से गुजिया खिलाई और होली की शुभकामनाएं दी। डीएम एसपी को अपने बीच पाकर वाल्मीकि समाज के लोग खुश नजर आए। भारत माता की जय के जयघोष भी किया। इस अवसर पर महंत, पुजारियों, वाल्मीकि समाज के लोगों ने योगी आदित्यनाथ जी के उत्तम स्वास्थ्य व दीर्घाऊ की कामना के साथ उनके नेतृत्व में उत्तर प्रदेशवासियों की सुख, शांति, खुशहाली व समृद्धि की कामना किया। इस मौके पर तहसीलदार सदर सुशील प्रताप सिंह, अधिशासी अधिकारी नगर पालिका परिषद लखीमपुर संजय कुमार मौजूद रहे।

## होली और रमजान को लेकर बड़ागांव में पीस कमेटी की बैठक



लखीमपुर खीरी। होली एवं रमजान को शान्ति पूर्ण निपटाने को लेकर बड़ागांव में अलग अलग पीस कमेटी की बैठक हुई संपन्न। एसडीएम सदर अश्वनी सिंह एवं सीओ सीटी रमेश कुमार तिवारी के कुशल नेतृत्व में थाना शारदा नगर के क्षेत्र में होली और रमजान को लेकर प्राथमिक विद्यालय बड़ागांव में आयोजित हुई पीस कमेटी की बैठक।

आप को बताते चले होली और रमजान के सौहार्द त्यौहार को लेकर ग्राम पंचायत बड़ागांव में पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें भाईचारे के साथ मिल कर शांति पूर्ण होली और रमजान के त्यौहारो को मनाने की अपील की गई। दिनांक 12 मार्च 2025 को नायाब तहसीलदार सुनील कुमार, लेखपाल शैलेन्द्र कुमार श्रीवास्तव, लेखपाल रामकृपाल तिवारी ने लोगों से शांति पूर्ण त्यौहार मनाने की अपील की। उसके बाद प्रथमिक विद्यालय बड़ागांव में एसडीएम सदर अश्विनी सिंह, एवं सीओ सीटी रमेश तिवारी के कुशल नेतृत्व में एसओ बृजेश कुमार मौर्य की अध्यक्षता में बैठक की गई बैठक में दोनों समुदाय के लोगों से शांति पूर्ण से त्यौहार मनाने की अपील किया गया दोनों पक्षों ने शांति पूर्ण आपसी सौहार्द के साथ मनाने का आश्वासन दिया इस बैठक में उपनिरीक्षक ऋषिराज पांडे, उपनिरीक्षक राजकुमार भारती, हे. का. रावेंद्र यादव, का. कर्ण कुमार, एवं पुलिस बल के साथ साथ गांव के तमाम संभ्रांत व्यक्ति मौजूद रहे।

## संदीप और श्रद्धा को मिला सम्मान





गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) जिले के सर्वश्रेष्ठ विवेकानंद यूथ पुरस्कार से संदीप कुमार वर्मा और श्रद्धा दीक्षित को नवाजा गया है। दोनों को युवा कल्याण एवं प्रांतीय रक्षक दल विभाग की तरफ से 25-25 हजार रुपये प्रदान किए गए। उनको पुरस्कार मिलने पर युवाओं और ग्रामीणों में खुशी है। क्षेत्रीय युवा कल्याण अधिकारी सुधीर सिंह ने बताया कि विकासखंड कुम्भी गोला की ग्राम पंचायत बेलवा के रहने वाले संदीप कुमार वर्मा युवक मंगल दल के अध्यक्ष हैं। वह वर्ष 2018 से सामाजिक कार्यों में सक्रिय हैं। वह रक्तदान, पौधारोपण, नशा मुक्ति अभियान, जल संरक्षण, स्वच्छता अभियान, मतदाता जागरूकता व महिला स्वास्थ्य आदि के प्रति जागरूकता अभियान में सहभागिता और सहयोग करके जिले के युवाओं को जागरुक कर रहे हैं। जिसके लिए इन्हें विभिन्न सामाजिक संस्थाओं द्वारा एवं इस बार के स्वतंत्रता दिवस के राष्ट्रीय समारोह दिल्ली में विशिष्ट अतिथि के रूप में आमंत्रित कर सम्मानित किया जा चुका है। वहीं मोहम्मदी विकास खंड के शाहपुर राजा गांव के रहने वाली श्रद्धा दीक्षित महिला मंगल दल की अध्यक्ष हैं। वह भी मतदाता जागरूकता, महिला सशक्तिकरण जैसे सामाजिक जागरूकता के लिए कार्य कर रही है। इन दोनों युवाओं को वर्ष 2024- 25 के लिए चयन समिति द्वारा चयन किया गया है। जिला युवा कल्याण अधिकारी अनिल कुमार तिवारी ने खुशी जाहिर करते हुए दोनों युवाओं को शुभकामनाएं दी।

## स्वास्थ्य परीक्षण व पोषण के प्रति जागरूकता अभियान

कोन/सोनभद्र। डिजिटल साथी फाउंडेशन द्वारा बुधवार को स्वास्थ्य जांच शिविर (हेल्थ चेकअप कैंप) का आयोजन किया गया, जिसमें बच्चों, पुरुषों और महिलाओं का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। शिविर में विशेषज्ञ डॉक्टर पवन कुमार की टीम द्वारा शुगर, ब्लड प्रेशर, बच्चों की लंबाई एवं वजन की जांच की गई। इस शिविर का मुख्य उद्देश्य क्षेत्र के लोगों को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करना और बच्चों में कुपोषण जैसी समस्याओं को रोकना था। इस अवसर पर 75 बच्चों को बाल पोषाहार किट भी वितरित किए गए, जिससे बच्चों को आवश्यक पोषण प्राप्त हो सके और उनका शारीरिक विकास बेहतर हो सके। इस सराहनीय पहल में डाईरेक्टर ऋषि कुमार युवा अनस्टावेबल, गुजरात का विशेष सहयोग रहा। जिनके समर्थन से इस कार्यक्रम को सफलतापूर्वक संपन्न किया गया। डिजिटल साथी फाउंडेशन के सीईओ वेद प्रकाश ओझा ने बताया कि इस प्रकार के स्वास्थ्य जांच शिविर समय-समय पर आयोजित किए जाते रहेंगे, ताकि जिले के गरीब और जरूरतमंद परिवारों को स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराई जा सकें।

## संदिग्ध परिस्थिति में किशोर की मौत

जौनपुर। केराकत कोतवाली के सिपाह निवासी एक किशोर की सचिन संदिग्ध परिस्थिति में मौत हो गई। बताते है कि निषाद पुत्र दिनेश 17 वर्ष कल रात को गोमतेश्वर महादेव पर भंडारा खाकर घर को निकल गया। परिजनों की माने तो युवक घर पर ही विधुत सही कर रहा था की उसे विधुत का झटका लग गया और वह अचेत हो गया जिसे लेकर परिजनों ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गए। जहाँ चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस भी सूचना पाते ही शव को कब्जे में लेकर आवश्यक कार्यवाही में जुट गयी।

## 10 मार्च को हुई हत्या का पुलिस ने किया खुलासा



लखीमपुर खीरी। 10 मार्च 2025 को लखीमपुर शहर के मिश्राना चौकी के पास देव सेठ उर्फ अमोघ की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। घटना के तीन दिन बाद आज बुधवार को हत्या का खुलासा पुलिस अधीक्षक संकल्प शर्मा के निर्देश पर कोतवाली सदर पुलिस ने घटना का खुलासा करते हुए तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार कर लिया है। अभियुक्तों के पास अवैध तमंचा-कारतूस बरामद किया गया।

10 मार्च 2025 को लखीमपुर शहर के मिश्रण चौकी के पास देव सेठ उर्फ अमोघ की गोली मारकर की गई हत्या की गई। कोतवाली सदर पुलिस मुख्य अभियुक्त अनमोल पुरी उर्फ बाला पुत्र अमरनाथ पुरी निवासी ग्राम दरेरी थाना पदुआ, शान्तनु अवस्थी पुत्र शरद अवस्थी निवासी मो० सरवती देवी कालोनी थाना कोतवाली सदर, उत्कर्ष सिंह पुत्र शैलेन्द्र सिंह निवासी ग्राम कैमीभूड़ थाना मितौली मो० शिवकालोनी थाना कोतवाली लखीमपुर को रेलवे स्टेशन लखीमपुर के बाहर ग्राउण्ड से गिरफ्तार कर मुख्य अभियुक्त अनमोल पुरी उर्फ बाला उपरोक्त की निशादेही पर घटना में प्रयुक्त आला कत्ल, 01 अवैध तमंचा 315 बोर व दो जिन्दा कारतूस एवं एक खोखा कारतूस 315 बोर बरामद किया गया घटना का संक्षिप्त विवरण 10 मार्च 2025 को समय करीब 19.20 बजे मिश्राना चौराहा लखीमपुर शहर स्थित पुष्पा बुक डिपो के सामने, पूर्व की आपसी रंजिश को लेकर अभियुक्तगण द्वारा देव सेठ उर्फ अमोघ पुत्र भरत सेठ नि० मो० अर्जुनपुरवा सेठ कालोनी थाना कोतवाली लखीमपुर उम्र करीब 19 वर्ष की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। पुष्पा बुक डिपों में कार्य करने वाले आदित्य कश्यप पुत्र दिनेश कश्यप नि० मो० हाथीपुर बक्सा मार्केट थाना कोतवाली सदर जिला खीरी के हाथ में गोली लगी थी। घटना के संबंध में मृतक देव सेठ उर्फ अमोघ के पिता भरत सेठ पुत्र स्व० नारायन किशोर सेठ नि० मो० अर्जुनपुरखा सेठ कालोनी थाना कोतवाली सदर जनपद लखीमपुर खीरी की लिखित तहरीर के आधार पर थाना कोतवाली सदर पर मामला पंजीकृत हुआ था। अभियुक्त गण घटना के पश्चात मौके से फरार हो गये थे।

## मिलावटी खोवा से और मिठाइयों से बाजार भरी

जौनपुर। जनपद में होली के त्योहार पर मिलावटी खोवा से और मिठाइयां बाजार दुकानें भरी है और खाद्य अधिकारी मिलावट खोरों से लाभ लेने में व्यस्त हैं। त्योहार पर मिलावटी खोवा मिलने से लोगों के त्यौहार फीके पड जाते हैं लेकिन मिलावट खोरी रोकने का दावा करने वाले फूड इंस्पेक्टर खोवे के मिलावट खोरी को रोकने को तैयार नहीं दिखाई पड रहे हैं। छज्ञपेमारी के नाम पर औपचारिता निभाई जा रही है। गांव और अन्य जिलो से खोवा लेकर पहुंचने वाले सैकडो लोगों से अधिक बाजार में प्रतिदिन पहुंच रहे हैं जहां हजारों किलो खोवा सुबह-सुबह बिक जाता है जो मिलावटी होता है इस त्योहार में खोया की जरूरत तो सभी जानते हैं लेकिन बाजार में बिकने वाले खोया की गुणवत्ता को लेकर प्रश्न चिन्ह लगने लगे हैं। होली आते ही बाजार में खोया की मांग बढ जाती है। खोया की बढती मांग के चलते मिलावटखोर भी सक्रिय हो जाते हैं। ये लोग सिंथेटिक खोया बनाकर बाजार में खपाना शुरू कर देते हैं। ज्ञात हो कि दूध को आधा जलाने के बाद उसमें अरारोट आलू सहित तमाम सामान डालकर उसे खोया बना दिया जाता है जो घर जाने के बाद लोगों के उपयोग लायक नहीं रहता है यद्यपि जब खाद्य सुरक्षा टीमें नमूना भरने लग जाती हैं तो मिलावटी खोया बेचने वालों पर अंकुश लग जाता है। जबकि होली के त्योहार में मात्र दो दिन ही शेष बचे हैं और परिवारों में इसकी तैयारियां शुरू हो गयी हैं बाजार में मिलावटी खोया की भरमार हो गयी।। लोग शुद्ध खोया के नाम पर मिलावटी खोया खरीदने को मजबूर हैं। जानकार बताते हैं कि इसे बनाने में दूध ग्लूकोस व रिफाइण्ड का इस्तेमाल किया जाता है। दूध पानी व ग्लूकोस के घोल में रिफाइण्ड या पाम ऑयल मिलाकर नकली खोया बेखौफ तरीके से तैयार किया जाता है। इसे खराब होने से बचाने के लिए चीनी के साथ केमिकल और हाइड्रोजन परॉक्साइड का प्रयोग किया जाता है। इसकी पहचान प्रयोगशाला में ही सम्भव है। आम ग्राहक मिलावटी खोवा नहीं पहचान पाते हैं और घटिया सामग्री लेकर त्यौहार मनाते हैं फूड इंस्पेक्टर मिलावट खोरों से धन वसूली में मस्त हैं। छापामार और नमूने लेने के नाम पर खानापूर्ति हो रही है।

## होली के पर्व को लेकर बाजारों में उमड़ी भीड़

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) होली की खरीदारी के लिए बाजारों में ग्राहकों की भीड़ उमड़ने लगी है। बुधवार को षहर के विभिन्न रोडों पर जाम की स्थिति बनी रही।



रगों का त्योहार होली पर्व को लेकरब बुधवार को सुबह से ही बाजारों मे लोग खरीददारी के लिये टूट पडे। रंग गुलाल, पिचकारी, मुखौटे, मिठाइयां और नमकीन, रेडीमेड गारमेंट्स सहित पूरे शहर में सजे सीजनल बाजार में गहमागहमी का दौर देर शाम तक चलता रहा। हालांकि बाजार अमूमन दस बजे से खुलता है लेकिन ग्राहकों की जरूरत और अपना फायदा देखते हुये जहां एक ओर मार्केट की दुकानें भी समय से पहले खुल गयी थीं और साथ ही लखीमपुर रोड, सदर चौराहा, अलीगंज रोड, मोहम्मदी रोड, मेला मैदान, सब्जी मंडी, मिल रोड, खुटार रोड व लखीमपुर रोड सहित पूरे शहर के चौराहों और गली गलियारों तक में लगी पर्व सामग्री की सीजनल दुकानों पर लोगों की भीड़ दिखायी देने लगी थी। खरीदारी के लिए आए लोगों और वाहनों के बेतरतीब खड़े होने से जाम की स्थिति बनी रही। दुकानों के बाहर वाहनों को खड़ा कर दिए जाने से लोगों को आवागमन में काफी दिक्कतें हुईं। हालांकि चहुंओर मंहगाई की छाप हर सामान पर थी लेकिन लोगों ने साल भर के इस त्योहार को खुशियों के साथ मनाने में कोई कसर नहीं छोड़ी। बाजार में रंग, गुलाल और पिचकारियों की दुकानें सजी हुईं हैं। कई तरह की पिचकारियां और रंग लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन रही है। खासतौर पर छोटा भीम, सुपरमैन व इलेक्ट्रॉनिक पिचकारी बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रही है।

## होली व रमजान एक ही दिन पड़ने के चलते बेहद सतर्क है पुलिस

गोला गोकर्णनाथ, खीरी। (वीओएल) होली और रमजान की जुमा एक साथ पड़ने के कारण पुलिस प्रशासन पूरी तरह से चैकस है। किसी भी अप्रिय हालात से निपटने और अफवाह फैलाने वालों से पुलिस सख्ती से निपटने के लिए कमर कस चुकी है।

इस बार होली पर्व पर थाना क्षेत्र में कुल 169 होलिका दहन स्थल चिन्हित किए गए हैं। साथ ही इसमें मुन्नुगंज, अलीगंज, भुडवारा व जलालपुर अतिसंवेदनशील स्थलों में दर्ज है। इसी के साथ गोला शहर क्षेत्र में करीब 19 होलिका दहन स्थल बनाए गए हैं। इस लेकर इन स्थलों सहित समूचे थाना क्षेत्र में पुलिस तैनाती मुकम्मल कर ली गई है। कोतवाल चंद्रशेखर सिंह ने बताया कि दो समुदाय के पर्व एक साथ पड़ रहे हैं। इसके लिए किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पूरी तैयारी की जा चुकी है। होलिका दहन स्थलों की पूरी तरह से कड़ी निगरानी कराई जा रही है। सुरक्षा व्यवस्था के तहत आठ मोबाइल टीम, चार पीआरबी दो कोबरा, दो इंस्पेक्टर, दो महिला दरोगा, 15 सब इंस्पेक्टर, 28 होमगार्ड, 19 पीआरडी, 53 चौकीदार तैनात किए गए हैं।

## अब समाधान दिवस 17 को

आजमगढ़। जिलाधिकारी नवनीत सिंह चहल ने बताया है कि शासनादेश में प्रदत्त व्यवस्था के क्रम में प्रत्येक माह के प्रथम एवं तृतीय शनिवार को जनसमस्याओं के समयबद्ध गुणवत्तापूर्ण निस्तारण हेतु ्सम्पूर्ण समाधान दिवस् आयोजित करने के निर्देश निर्गत हैं। उक्त शासनादेश के अनुसार सम्पूर्ण समाधान दिवस के दिन यदि सार्वजनिक अवकाश पड़ता है तो उक्त तिथि का सम्पूर्ण समाधान दिवस अगले कार्य दिवस को आयोजित किया जायेगा। माह मार्च, 2025 के तृतीय शनिवार, 15 मार्च 2025 को ्सम्पूर्ण समाधान दिवस् का आयोजन तहसीलों में किया जाना प्रस्तावित है परन्तु 15 मार्च 2025 को होली का स्थानीय अवकाश घोषित है। इस अवकाश के उपरान्त अग्रिम कार्य दिवस 17 मार्च 2025 को है।

## पांच अभियुक्त गिरफ्तार

जौनपुर। थाना जफराबाद पुलिस द्वारा जमीनी विवाद को लेकर पांच अभियुक्तों को निवारक कार्यवाही मे अन्तर्गत धारा 170 बीएनएसएस में गिरफ्तार किया है। सहायक पुलिस अधीक्षक/क्षेत्राधिकारी नगर, आयुष श्रीवास्तव ने बताया कि उ0नि0 संजय कुमार द्वारा जमीनी विवाद मे प्रथम पक्ष के विनोद पुत्र स्व0 नन्दलाल ,जीवता पत्नी स्व0नन्दलाल ग्राम पिण्डरा थाना जफराबाद व द्वितीय पक्ष के रन्नो देवी पत्नी असामी , पार्वती पत्नी देवव्रत , घनश्याम निषाद पुत्र रामलखन निषाद पिण्डरा थाना जफराबाद जनपद जौनपुर को समझाने बुझाने के दौरान आमादा फसाद पर उतारू होने पर उभय पक्षो को गिरफ्तार कर न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तारी के दौरान मा0 सर्वोच्च न्यायालय व राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन किया गया।

## ईआरओ ने की बैठक, आयोग के निर्देशों से कराया अवगत

जिला संवाददाता(vol)

लखीमपुर खीरी। उप जिला निर्वाचन अधिकारी संजय कुमार सिंह ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग की ओर से सूचित किया गया कि भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं।

आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है। इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त श्री ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत कर, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के अन्दर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें।

आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। उन्होंने बताया कि संविधान और वैधानिक ढ़ांचे के अनुसार चुनाव प्रक्रिया के सभी पहलुओं को कवर करने वाले वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में यह भी कहा कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951; मतदाताओं का पंजीकरण नियम, 1960; चुनाव संचालन नियम, 1961; माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेशों और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निदेर्शों, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

इस संदर्भ में मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश के निर्देशों के क्रम में विधान सभा निर्वाचन क्षेत्र स्तर पर 11 मार्च, 2025 को सभी निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारी द्वारा समस्त मान्यता प्राप्त राष्ट्रीय एवं राज्य राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ बैठक कर उनको भारत निर्वाचन आयोग एवं मुख्य निर्वाचन अधिकारी उत्तर प्रदेश द्वारा दिए गए निदेर्शों से अवगत कराते हुए अनुरोध किया गया कि वे बूथ लेवल एजेंट को नियुक्त करते हुए निर्वाचक नामावली में सुधार एवं सुझाव के अनुसार सहयोग प्रदान करें जिससे निर्वाचक नामावली एवं निर्वाचन से संबंधित अन्य महत्वपूर्ण कार्य में किसी प्रकार की कोई कढ़िनाई न उत्पन्न हो।

## अपात्रों को आवास देने के मामले में वीडीओ निलंबित

पलियाकलां-खीरी। अपात्रों को आवास देने और उनसे वसूली न करने के मामले में ग्राम विकास अधिकारी वीरेश शर्मा को निलंबित कर दिया गया है। ब्लॉक मुख्यालय से अटैच करते हुए पूरे मामले की जांच खंड विकास अधिकारी को सौंपी गई है। पलिया ब्लॉक की ग्राम पंचायत निबुआ बोझ में प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री आवास योजना के लाभार्थियों का स्थलीय सत्यापन परियोजना निदेशक शोभनाथ चौरसिया ने किया था। सत्यापन में पता चला कि ग्राम पंचायत निबुआबोझ में दो और पलियाकलां में एक लाभार्थी अपात्र होने के बाद भी उनका आवास स्वीकृत कर धनराशि भी जारी करा दी गई है। निबुआ बोझ सुरेश कुमार पुत्र ज्वाला प्रसाद लाभार्थी सुरेश कुमार दिव्यांग को मकान स्वीकृत करते हुए 1,10000 रुपए दिए गए हैं दो भाई के परिवार में दो कमरे बरामदा सहित पक्का मकान बना है। दूसरे मामले में हसीन बानो पत्नी शफीक अहमद का आवास स्वीकृत के साथ 40,000 दिए गए हैं ग्राम बमनगर में पहले से दो कमरों का पक्का मकान बना हुआ है। तीसरा मामला नंदलाल पुत्र श्री राम ग्राम पंचायत अतरिया का निवासी है वहां उसका मकान बना हुआ है पुनः ग्राम पंचायत पलिया में फर्जी तरीके से आवास का लाभ दिया गया है 1,20000 रुपए आवास के लिए निर्गत किए गए हैं।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद नगीना जनपद बिजनौर

पत्रांकः- 20/न.पा.परि.नगीना/ई.-नि./2024-25 दिनांकः-06-03-2025

**ई-निविदा आमन्त्रण सूचना**

समस्त शासकीय कार्यदायी संस्थाओं में पंजीकृत ठेकेदार/फर्मों/सेवा प्रदाताओं को सूचित किया जाता हैं कि नगर पालिका परिषद नगीना(बिजनौर) 15वॉ वित्त आयोग (बुनियादी) की द्वितीय किश्त के अन्तर्गत शासन द्वारा आवंटित धनराशि से निर्माण कार्य सम्पादित कराना चाहती है। उक्त रजिस्टर्ड ठेकेदार/फर्म्स/सेवा प्रदाता से निविदायें दिनांक 10-03-2025 से 18-03-2025 तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन आमंत्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तें वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18-03-2025 तक उपलब्ध रहेगी, जहां से इसे डाउनलोड कर देखा जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 18-03-2025 प्रातः 11:00 बजे तक वेबसाईट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाईन अपनी निविदा दर/दरें डाल सकते हैं।

| | |
|---|---|
| Tender Reference | 20/NPPNAGINA/E-T/2024-25 |
| Publish date and time for Ref: | 10-03-2025 को अपराह्न 05:00 बजे। |
| Last date and time for Submission of E Tender | 18-03-2025 को अपराह्न 04:00 बजे। |
| Date and time of Opening E-Tender | 18-03-2025 को प्रातः 11:00 बजे। |
| Place of opening E-Tender | Executive Officer/Administrator Npp Nagina |
| E-Tender Security | 10% of Estimate Cost . |
| E-Tender Document Processing | As per E-Tender list. |

नोटः-1-धरोहर धनराशि (10 प्रतिशत) आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी./एफ.डी.आर. के रूप में प्रत्येक कार्य की अलग-अलग निम्नलिखित खाते में जमा करनी अनिवार्य होगी। एवं निविदा मूल्य धनराशि प्रत्येक कार्य की अलग-अलग नगर पालिका परिषद नगीना के भारतीय स्टेट बैंक नगीना में खुले खाता संख्या 11121345108 IFSC CODE SBIN0000581 में केवल आर.टी.जी.एस./एन.ई.एफ.टी. के माध्यम से ही स्वीकृत की जायेगी। एफ.डी.आर. निविदा प्रकाशन के उपरान्त की तिथि की ही मान्य होंगी। यदि किसी भी निविदा दाता के द्वारा ई-निविदा के प्रकाशन के पूर्व की एफ.डी.आर. संलग्न की गयी तो वह निविदा स्वतः ही निरस्त मानी जायेगी। अन्य किसी भी रूप में जमानत धनराशि/निविदा मूल्य स्वीकार नहीं किया जायेगा। सभी निविदाताओ को सूचित किया जाता है कि निविदा डालने से पूर्व सभी नियम व शर्तों का भली भॉति अध्ययन कर लें किसी भी त्रुटि के लिये नगर पालिका परिषद नगीना जिम्मेदार नही होगी।

**(सन्दीप कुमार सक्सैना)**
**अधिशासी अधिकारी**
**नगर पालिका परिषद् नगीना**

**(ताहिरा बेगम)**
**अध्यक्ष**
**नगर पालिका परिषद् नगीना**

संक्षेप

## जिला जज ने अधिवक्ताओं के साथ खेली होली

**अयोध्या।** बुधवार को जनपद न्यायाधीश रणविजय वर्मा ने अधिवक्ताओं को जहां होली की शुभकामनाएं बधाई वहीं एक दूसरे को रंग भी लगाया। कचेहरी परिसर में फैजाबाद अयोध्या बार एसोसिएशन के अधिवक्ताओं ने जमकर रंगों की होली खेली और ,अबीर गुलाल, लाल रंग एक दूसरे पर डालकर बधाई दी।

बार एसोसिएशन के अध्यक्ष सूर्य नारायण सिंह, महामंत्री गिरीश चंद तिवारी ने अधिवक्ताओं को होली की शुभकामनाएं और बधाई दी ,बार एसोसिएशन के उपाध्यक्ष चंद्रभान सिंह, राजीव शुक्ला, आलोक खरे, आनंद श्रीवास्तव, प्रेम मालवीय, शासकीय अधिवक्ता श्रीधर मिश्र, विजय वर्मा, विजय कुमार द्विवेदी, विजय बहादुर सिंह, रघुवंश वर्मा, कुलदीप सिंह, धनुष श्रीवास्तव मनोज कुमार सिंह राहुल सिंह आदि ने भी जमकर रंगों की होली खेली।

# एडीएम ने नगर पंचायत बैतालपुर का निरीक्षण किया

जिला संवाददाता(vol)



**देवरिया ।** एडीएम (प्रशासन) जैनेंद्र सिंह ने नगर पंचायत बैतालपुर कार्यालय का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान अधिशासी अधिकारी अमिताभ मणि त्रिपाठी उपस्थित थे। कार्यालय में कुल 9 कर्मचारी कार्यरत हैं, जिनमें से दो कर्मचारी अनुपस्थित पाए गए। उपस्थिति पंजिका भी

- **कर्मचारियों की अनुपस्थिति और सफाई व्यवस्था पर जताई नाराजगी**

अद्यतित नहीं थी। पूछताछ करने पर बताया गया कि ये कर्मचारी टेंडर की कार्यवाही के लिए जिला मुख्यालय गए हैं।सामान्य दिनों में सभी कर्मचारी कार्यालय में उपस्थित रहते हैं एडीएम प्रशासन ने निर्देश दिया कि सभी कर्मचारियों की भ्रमण पंजिका कार्यालय में रखी जाए, जिसमें उनके कार्यालय से बाहर जाने का कारण और समय अनिवार्य रूप से अंकित किया जाए।इसके अलावा, नगर पंचायत क्षेत्र में सफाई व्यवस्था के रोस्टर का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।

निरीक्षण के दौरान कार्यालय में स्थित शौचालय को खुलवाकर देखा गया।

शौचालय की स्थिति ठीक थी, लेकिन सफाई का अभाव पाया गया। इसे तत्काल साफ कराने के निर्देश दिए गए कर निर्धारण और कर वसूली के संबंध में पूछताछ करने पर अधिशासी अधिकारी ने बताया कि बैतालपुर नगर पंचायत नवसृजित है, इसलिए अभी कर निर्धारण की कार्यवाही नहीं हुई है। एडीएम प्रशासन ने निर्देशित किया कि वित्तीय वर्ष 2024-25 का अंतिम माह चल रहा है, इसलिए विकास से संबंधित सभी योजनाओं, जिनमें शासन या निदेशालय से धन आवंटित हुआ है, का यथासंभव शत-प्रतिशत उपयोग सुनिश्चित किया जाए, ताकि बजट अनुपयोगी न रहे।

## बुलडोजर बाबा चाप रहे है माफिया भाग रहे हैं..

**अयोध्या।** माँ कामाख्या धाम मंदिर परिसर में आयोजित 7 दिवसीय माँ कामाख्या धाम महोत्सव के छठवें दिन भोजपुरी स्टार और सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ के मंच पर पहुंचते ही न्यास के मुख्य संरक्षक विधायक राम चन्द्र यादव व न्यास अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने माता जी चुनरी भेंटकर उनका स्वागत किया।

भोजपुरी स्टार और सांसद दिनेश लाल यादव निरहुआ ने कहा कि मां कामाख्या जी का आशीर्वाद ही है कि आज पूर्वांचल से चलकर मां कामाख्या जी के दरबार में हाजिरी लगाने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है। रुदौली विधायक रामचंद्र यादव का धन्यवाद देते हुए कहा कि माँ कामाख्या धाम पर "पटना से पाकिस्तान 2" फिल्म की शूटिंग को छोड़कर आना हुआ।जो मेरे लिए सौभाग्य की बात है। उन्होंने चलते-चलते कहा कि रुदौली वालों ने इतिहास रच दिया है। कार्यक्रम से पूर्व सेल्फी लेने वालों की होड़ लग गई,सेल्फी लेने के लिए लोग आतुर दिखे।

## 10 हजार से 25 हजार तक के गैर-न्यायिक स्टाम्पपत्र 31 मार्च के बाद हो जायेंगे अमान्य

**देवरिया ।** वरिष्ठ कोषाधिकारी अतुल पाण्डेय ने बताया है कि स्टाम्प एवं रजिस्ट्रेशन विभाग, उत्तर प्रदेश द्वारा अधिसूचना दिनांक 11 मार्च 2025 के तहत ?10,000/- से ?25,000/- तक मूल्यवर्ग के भौतिक गैर-न्यायिक स्टाम्पपत्रों को निष्प्रयोज्य (चलन से बाहर) घोषित किया गया है। यह निर्णय 11 मार्च 2025 से प्रभावी होगा। इस अधिसूचना के अनुसार, 11 मार्च 2025 से पूर्व खरीदे गए ऐसे स्टाम्पपत्रों का उपयोग एवं वापसी केवल 31 मार्च 2025 तक ही मान्य होगी। इसके बाद इन स्टाम्पपत्रों का कोई कानूनी मान्यकरण नहीं रहेगा आम जनता से अपील की है कि यदि उनके पास इस मूल्यवर्ग के स्टाम्पपत्र उपलब्ध हैं, तो वे उन्हें निर्धारित समय-सीमा के भीतर उपयोग कर लें या कोषागार में वापस कर दें। इस संबंध में नागरिकों को जागरूक करने के लिए व्यापक प्रचार-प्रसार किया जा रहा है, ताकि उन्हें किसी प्रकार की असुविधा का सामना न करना पड़े। उन्होंने यह भी बताया है कि 11 मार्च के पूर्व खरीदे गए स्टांप यदि अप्रयुक्त है तो उनकी वापसी सहायक महानिरीक्षक स्टाम्प(निबंधन) के माध्यम से कोषागार को भेजी जाएगी।10000 से 25000 मूल्य तक गैर न्यायिक स्टांप की निबंध व वापसी 31 मार्च 2025 तक ही विधिमान्य होंगे।

## माटी के बेटी का नर्सिंग अधिकारी के पद पर चयन

**भटनी (देवरिया)।** स्थानीय विकास खण्ड के घाँटी खास की बेटी का चयन नर्सिंगअधिकारी के पद पर चयन होने पर गाँव परिवार मे खुशी की लहर है ।ग्रामीणों ने माल्यार्पण व मिठाई खिलाकर किया माटी के बेटी का स्वागत। घाँटी खास निवासी सुरेश यादव की पुत्री नीलम यादव का चयन यूपीपीएससी मे नर्सिंग अधिकारी के पद पर हुआ है ।इससे पहले नीलम यादव यथार्थ नर्सिंग कालेज चन्दौली मे प्रवक्ता के पद कार्यरत है ।इनका चयन नर्सिंग अधिकारी के पद पर हो जाने परक्षेत्र के सम्मानित लोगो ने चयन के बाद पहली बार घर आगमन पर माल्यार्पण व मिष्ठान खिलाकर जोरदार स्वागत किया ।स्वागत करने वालो मे मुख्य रूप से अनिल चौरसिया, रमेश यादव अजयनाथ तिवारी श्रीकांत यादव, यादवलाल कुशवाहा , शम्भू यादव सूरज श्रीवास्तव सहित अन्य लोगो ने भी ग्रामीण क्षेत्र के धरती की बेटी के प्रतिभा पर खुशी का इजहार करते हुए मगलमय भविष्य की कामनाओं के साथ बधाई दिया ।

# रंग गुलाल समिति ने होली मिलन समारोह उत्साह और उमंग के साथ मनाया



**नगीना, बिजनौर।** हवन होली रंग गुलाल समिति द्वारा आयोजित होली मिलन समारोह सनातन परम्परा के अनुसार उत्साह व उमंग के साथ मनाया गया।समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता ने समिति के अध्यक्ष प्रमोद चैहान का पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया। समिति के संरक्षक मंडल ने समिति के पदाधकारियों सौरभ मित्तल, विनय अग्रवाल, दीपक अरोड़ा, अभिषेक अग्रवाल, धर्मेन्द्र राठी, सचिन शर्मा, लवी मित्तल, अरुण शर्मा का पगड़ी व पटका पहनाकर स्वागत किया।

समिति के संरक्षक प्रभात चंद गुप्ता ने समिति की मूल भावना व इतिहास विकास पर प्रकाश डाला। समिति के अध्यक्ष प्रमोद चैहान ने समिति की उपलब्धि पर प्रकाश डालते हुए व सभी का आभार व्यक्त करते हुए कहा कि समिति के नेतृत्व में निकलने वाले गुलाल जुलूस को एतेहासिक बनाने में समिति के सभी सदस्यों का महत्त्वपूर्ण योगदान है।समिति के सभी सदस्यों के प्रयास से जुलूस हर नए साल में नई उपलब्धि हासिल कर रहा है। उन्होंने कहा कि जुलूस को आकर्षक बनाने के लिए हर वर्ष कुछ न कुछ नया प्रयोग किया जाता है जिससे जुलूस में आकर्षण पैदा हो, जुलूस में अपार जनसहभागिता भी इस बात का परिचायक है कि जुलूस को नगरवासियों का भी भरपूर सहयोग व समर्थन मिल रहा है। उन्होंने लोगो से अपील करते हुए कहा कि लोग अधिक से अधिक संख्या में जुलूस में शामिल होकर जुलूस की शोभा को बढ़ाएं। अंत में जुलूस की जिम्मेदारियों का कार्य विभाजन किया गया। होली मिलन समारोह में सभी ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनायें दी। संचालन पंडित सचिन शर्मा ने किया।समारोह में फूलों की होली भी खेली गई। समारोह में विश्व हिन्दू परिषद के जिला उपाध्यक्ष प्रदीप गर्ग, शीतल अग्रवाल, हिन्दू इंटर कालेज के प्रबंधक साहू कपिल अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, परितोष कौशिक, व्यापार प्रकोष्ठ के जिला सह संयोजक सौरभ मित्तल, संजय वर्मा, अनमोल कंसल, अध्यक्ष दीपक अग्रवाल, राजकुमार सेठी, डॉ रतेंद्र विश्नोई, आलोक चैधरी, लवी मित्तल, डॉ दिनेश चैहान, प्रमोद जैन, अमित जैन, दीपक अरोरा, पवन मित्तल, राजकुमार विश्नोई, सचिन विश्नोई, सिद्धार्थ चैधरी आदि उपस्थित रहे।

## सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से अधिकारियों की रैंकिंग की समीक्षा की जायेगीः डीएम



जिला संवाददाता(vol)

**बिजनौर।** जिलाधिकारी जसजीत कौर ने कहा कि जिन विभागों की रैंकिंग अच्छी है, उनके विभागीय अधिकारी प्रगति को बनाए रखें तथा सीएम डैशबोर्ड के अन्तर्गत जिन विभागों द्वारा रैंकिंग में कम प्रगति प्राप्त की गयी है, उसको पूरी गंभीरता के साथ बढ़ाने के निर्देश दिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिये कि रैंकिंग में विशेष ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें की किसी भी स्तर पर रैंकिंग कम न होने पाये। उन्होंने सीएम डैशबोर्ड पर शिक्षा विभाग के अन्तर्गत मिड डे मील वितरण एवं बच्चों की कम उपस्थिति से प्रभावित होने वाली रैंक पर विशेष फोकस करने के निर्देश दिये। उन्होंने निर्देश दिए कि सभी विभागीय अधिकारी सतत प्रयास करें के कार्यों की प्रगति किसी भी स्तर पर प्रभावित न होने पाए।

जिलाधिकारी जसजीत कौर मंगलवार की शाम कलेक्ट्रेट सभागार में सीएम डैश बोर्ड की प्रगति की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता करते हुए उपस्थित विभागीय अधिकारियों को निर्देश दे रही थी। उन्होंने स्पष्ट करते हुए बताया कि सीएम डैशबोर्ड के माध्यम से ही विभिन्न स्तर के अधिकारियों की समीक्षा उपलब्ध सूचनाओं के माध्यम से की जाएगी तथा खराब प्रदर्शन वाले अधिकारियों को चिन्हित कर उनके कार्यों में सुधार के लिए प्रयास किया जाएगा। उन्होंने समस्त जिला स्तरीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि पोर्टल पर सही डाटा फीड करने तथा वेरीफाई के लिए मुख्यालय से लगातार संपर्क बनाए रखें और उसकी मॉनिटरिंग करें। बैठक में सीएम डैशबोर्ड पर जिलाधिकारी ने विभागवार यथा-ऊर्जा, उद्यान, कृषि, ग्राम्य विकास, ग्रामीण अभियंत्रण, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य, दुग्ध, दिव्यांगजन सशक्तिकरण, पंचायती राज, जल निगम, पर्यटन, वन एवं प्राथमिक शिक्षा, पशुधन, पिछड़ा वर्ग कल्याण, मत्स्य, महिला एवं बाल विकास, माध्यमिक शिक्षा, युवा कल्याण, लोक निर्माण, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम, समाज कल्याण, सहकारिता, सिंचाई एवं जल संसाधन आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए की जिन विभागों की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर कम प्राप्त होती है, वह अपने कार्य प्रगति पर विशेष फोकस रखते हुए शत प्रतिशत डाटा की फीडिंग सीएम डैशबोर्ड पर करना सुनिश्चित करेंगे ताकि उनकी रैंकिंग में सुधार हो सके। उन्होंने सभी विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिए कि सीएम डैशबोर्ड पर जिले की प्रगति को किसी भी स्तर पर न गिरने दें और समयपूर्वक पोर्टल को अपडेट करते रहें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी पूर्ण बोरा, परियोजना निदेशक ज्ञानेश्वर तिवारी, जिला विकास अधिकारी रचना गुप्ता, जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी लक्ष्मी देवी सहित समस्त विभागीय अधिकारी मौजूद थे।

## उज्ज्वला योजना के तहत 1करोड़ 86 लाख पात्र परिवारों को गैस सब्सिडी का वितरण



**देवरिया ।** होली के शुभ अवसर पर प्रदेशवासियों को खुशियों का उपहार देते हुए, प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को 1,890 करोड़ रुपये की गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी प्रदान की गई।इस राशि का वितरण माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा लोक भवन सभागार, लखनऊ से किया गया। जनपद देवरिया में आयोजित कार्यक्रम के दौरान सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी, रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया एवं जिलाधिकारी श्रीमती दिव्या मित्तल की उपस्थिति में पात्र परिवारों को सब्सिडी प्रदान की गई।इस योजना के तहत जनपद देवरिया के 1,97,863 उज्ज्वला कनेक्शनधारकों को इस लाभ का सीधा फायदा मिलेगा।इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों एवं अधिकारियों ने लाभार्थियों से संवाद कर सरकार की योजनाओं की महत्ता को रेखांकित किया। उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल से महिलाओं को धुएं से मुक्ति मिली है, जिससे उनके स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है।इसके साथ ही, पर्यावरण सुधार के साथ ही घर-घर में स्वच्छ ईंधन की उपलब्धता सुनिश्चित हुई है योजना के अंतर्गत होली और दीपावली के अवसर पर पात्र लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सुविधा दी गई है। पहले चरण में (अक्टूबर से दिसंबर 2024) दीपावली पर आधार-प्रमाणित परिवारों को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी दी गई थी, जबकि दूसरे चरण में (जनवरी से मार्च 2025) होली के अवसर पर यह सब्सिडी अंतरित की जा रही है।प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के तहत प्रति गैस रिफिल पर केंद्र सरकार द्वारा ?334.78 तथा राज्य सरकार द्वारा ?508.14 की सब्सिडी दी जा रही है।योजना की पारदर्शिता सुनिश्चित करने के लिए सब्सिडी की राशि आधार-लिंक्ड बैंक खातों में सीधे अंतरित की गई है।

इस अवसर पर सदर विधायक शलभ मणि त्रिपाठी ने कहा कि प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना महिलाओं के सशक्तिकरण की दिशा में एक क्रांतिकारी कदम है।उन्होंने कहा कि यह योजना न केवल गरीब परिवारों को स्वच्छ ईंधन उपलब्ध करा रही है, बल्कि उनके स्वास्थ्य और पर्यावरण की भी रक्षा कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा होली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के तहत निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सौगात देकर गरीब परिवारों को बड़ी राहत दी गई है।सरकार की यह पहल हर घर को समृद्ध और खुशहाल बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण प्रयास है रामपुर कारखाना विधायक सुरेंद्र चौरसिया ने कहा कि उज्ज्वला योजना ने गरीब परिवारों, विशेष रूप से महिलाओं के जीवन में बड़ा बदलाव लाया है।उन्होंने कहा कि यह योजना ग्रामीण भारत के घर-घर तक स्वच्छ ऊर्जा पहुंचाने का कार्य कर रही है।मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में उत्तर प्रदेश सरकार गरीब एवं जरूरतमंद परिवारों के हित में निरंतर कार्य कर रही है।होली के अवसर पर उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेंडर रिफिल की सौगात उनके त्योहार की खुशियों को और बढ़ाएगी।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर वितरित

जिला संवाददाता(vol)



**बिजनौर।** विधानसभा नहटौर विधायक ओम कुमार की अध्यक्षता एवं जिलाधिकारी जसजीत कौर की उपस्थिति में निःशुल्क गैस सिलेण्डर, रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का भव्य रूप में आयोजन किया गया।इस अवसर पर चयनित लाभार्थियों को निःशुल्क गैस सिलेण्डर, प्रतिकात्मक चेक वितरित किए गए। बुधवार को कलेक्ट्रेट स्थित महात्मा विदुर सभागार में कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए विधायक ओम कुमार ने कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार अपने घोषणा पत्र में जनता से किए हुए सभी वादों को बिना किसी भेदभाव के पूरा कर रही है, सरकार की कथनी और करनी में अंतर न होने का यह जीता जागता प्रमाण है। उन्होंने प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को अपनी शुभकामनाएं प्रदान कीं। जिलाधिकारी जसजीत कौर ने उज्जवला गैस कनेक्शन के लाभार्थियों को होली के पावन पर्व पर निःशुल्क सिलेंडर एवं आधार आधारित नकद धनराशि अंतरण किए जाने पर शुभकामनाएं व्यक्त करते हुए कहा कि लाभार्थी उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाले इस उपहार का भरपूर लाभ अर्जित करें। इस अवसर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोक भवन सभागार लखनऊ से निःशुल्क सिलेण्डर, रिफिल सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कार्यक्रम तथा योजना में चयनित लगभग 100 लाभार्थियों को प्रतिकात्मक चेक वितरण तथा उनके संबोधन का लाइव कार्यक्रम भी प्रसारित किया गया।इस मौके पर अपर जिलाधिकारी प्रशासन विनय कुमार सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी अखंड प्रताप सिंह सहित जनप्रतिनिधि अन्य विभाग अधिकारी एवं लाभार्थी मौजूद थे।

## मनचले की प्रताड़ना से छोड़ी पढ़ाई

**ललितपुर।** थाना नाराहट क्षेत्रांतर्गत एक गांव में रहने वाली युवती ने पुलिस को तहरीर दी है।बताया कि गांव में रहने वाला धर्मेंद्र सोनी उर्फ अमित सोनी पुत्र रामकिशन सोनी उसे विगत कई महीनों से परेशान करता आ रहा है। इसी प्रताड ?ा के चलते उसने एम.एस.सी. की पढ़ाई भी छोड़ दी। बताया कि उक्त धर्मेंद्र सोनी उससे फोन पर बात करने का दबाव बनाता है और मना करने पर उसके माता-पिता को जान से मारने की धमकी दी जाती है। पीड़िता ने बताया कि उसने अपना नम्बर बदल दिया तो उक्त व्यक्ति द्वारा उसके नाम से कई इंस्टाग्राम आईडी बनाकर उसकी सहेलियों को मैसेज भेज रहा है।इतना ही नहीं आरोप है कि वह उसे धमका भी रहा है और कहीं भी काम से जाने पर वह परेशान करता है।पीड़िता की तहरीर पर पुलिस ने धर्मेंद्र सोनी उर्फ अमित सोनी के खिलाफ बीएनएस की धारा 351 (3) व आईटी एक्ट की धारा 67 के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## अखिल भारतीय सुरक्षा समिति ने सीतापुर के पत्रकार की हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंपा



**बिजनौर।** अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति की ओर से मुख्यमंत्री के नाम एक ज्ञापन नायब तहसीलदार को सौंपा गया।ज्ञापन में सीतापुर में पत्रकार के हत्यारों को गिरफ्तार किये जाने, उसके परिजनों को आर्थिक सहायता देने तथा परिवार के एक सदस्य को उसकी योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दिए जाने की मांग की गई है।अखिल भारतीय पत्रकार सुरक्षा समिति के नजीबाबाद नगराध्यक्ष नौशाद सैफी और महामंत्री मयंक कश्यप के नेतृत्व में बुधवार को संगठन से जुड़े पत्रकार तहसील परिसर पहुंचे जहा उन्होंने मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन नायब तहसीलदार ममता यादव को सौंपा। ज्ञापन में कहा कि अभी हाल ही में जनपद सीतापुर में बाइक सवार बदमाशों ने पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर हत्या कर दी। ज्ञापन में कहा गया कि पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की हत्या से पूरे प्रदेश ही नहीं बल्कि देशभर के पत्रकारों में आक्रोश है। भ्रष्टाचार उजागर करने वाले पत्रकारों को लगातार डराया धमकाया जा रहा है, उन पर जानलेवा हमले हो रहे हैं, यहां तक कि उनकी निर्मम हत्यायें हो रही हैं।इससे पहले भी कई पत्रकारों पर हमले हुए और उनकी हत्याएं हो चुकी है, मीडियाकर्मी डर के साए में पत्रकारिता करने को मजबूर है, यह बहुत ही चिंता का विषय है।सरकार द्वारा ऐसे में पत्रकारों की सुरक्षा के लिए ठोस कदम अपनाया जाए ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं में पुनरावृत्ति ना हो।ज्ञापन में मांग की गई है कि पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हमलावरों को शीघ्र गिरफ्तार किया जाए, सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में करवाकर हत्यारों को मृत्यु दण्ड दिया जाए। पत्रकार के परिवार को आर्थिक सहायता और परिवार के एक सदस्य को योग्यता अनुसार सरकारी नौकरी दी जाए तथा अन्य प्रदेशों की तरह उत्तर प्रदेश में भी पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किया जाए। ज्ञापन देने वालो में जिलाध्यक्ष हाशिम अहमद, नगराध्यक्ष नौशाद सैफी, महामंत्री मयंक कश्यप, मरगूब हुसैन नासिर, शाही अराफात सैफी, अल्ताफ रजा, शादाब जफर शादाब, अब्दुल रऊफ, सुहैल राजू आदि पत्रकार मौजूद रहे।

# परीक्षा बोर्ड गाइडलाइन की डीआईओएस ने उड़ायी धज्जियां


### संकलन केंद्र पर जमा बण्डल खुलवाकर हिंदी व हिन्दी सामान्य विषय की उत्तरपुस्तिका अलग कराने का मामला

जिला संवाददाता(vol)

**कुशीनगर।** सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ के भागीरथ प्रयास व सख्त निर्देश और माध्यमिक शिक्षा परिषद के गाइडलाइन के बावजूद कुशीनगर में संचालित बोर्ड परीक्षा की सुचिता व पारदर्शिता यहा के शिक्षा विभाग के हुक्मरान के मनमानेपन की भेट चढ गयी। बात चाहे अशोक विद्यापीठ में रिजर्व पेपर से परीक्षा कराने का मामला हो या फिर जनता इंटरमीडिएट कालेज का उत्तर पुस्तिका गायब होने की घटना। विभागीय गलियारों में इस बात की खूब चर्चा है कि बोर्ड परीक्षा ने डीआईओएस के कार्य क्षमता को फ्लोर साबित कर दिया है।डीआईओएस द्वारा बोर्ड परीक्षा के पहले दिन संकलन केन्द्र पर एक ही बण्डल मे जमा दो पेपर के उत्तर पुस्तिका का बण्डल खुलवाने का एक और सनसनीखेज एक मामला सामने आया है। हालाकि डीआईओएस ने बडी ही निर्लज्जता इस बात को सिरे से खारिज करते हुए कहा है कि कुछ अराजक तत्व बदनाम करने का प्रयास कर रहे है जबकि सूत्रो का दावा है कि संकलन केंद्र पर लगे सीसीटीवी कैमरा मे डीआईओएस का करतूत कैद है।

- **डीएम और सचिव परीक्षा बोर्ड पर भारी पड़ी डीआईओएस की मनमानी**
- **डीआईओएस का एक और कारनामा आया सामने**

बतादे कि उत्तर प्रदेश माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज द्वारा संचालित बोर्ड का शुभारंभ पूरे प्रदेश मे 24 फरवरी को हुआ था।सूत्र बताते है कि बोर्ड परीक्षा के पहले दिन यानी कि 24 फरवरी को कुशीनगर जनपद के खड्डा स्थित किलानी देवी इंटरमीडिएट कालेज केन्द्र पर संपन्न हुए इंटर के हिन्दी (कोड संख्या 301) व सामान्य हिन्दी (कोड संख्या 302) विषय की परीक्षा का उत्तर पुस्तिका केन्द्र व्यवस्थापक के लापरवाही के कारण एक ही बण्डल में बाधकर पडरौना



स्थित उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज मे बने संकलन केन्द्र पर जमा कर दिया गया। सूत्र बताते है कि जब परीक्षा केन्द्र व्यवस्थापक को अपनी लापरवाही का एहसास हुआ तो संकलन केन्द्र प्रभारी के जरिए जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त को मामले की जानकारी दी गयी।सूत्रो का कहना है कि परीक्षा के पहले दिन जब डीआईओएस को इतनी बडी लापरवाही की जानकारी हुई तो वह अपने कार्यालय के दो लिपिक व एक सिपाहसलार को साथ लेकर संकलन केन्द्र बने उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज पहुचें और संकलन केन्द्र प्रभारी के साथ मिलकर एक ही बण्डल में रखे गये हिन्दी 301 व हिन्दी सामान्य 302 का उत्तर पुस्तिका अलग-अलग बण्डलो मे कराकर जमा कराया जो नियम विरुद्ध है।डीआईओएस का यह कारगुजारी वहा लगे तीसरी आंख मे कैद है जैसा कि सूत्रो का दावा है।इस दावे मे कितनी सच्चाई है यह दिनांक 24 फरवरी-2025 के सांयकाल छह बजे से रात्रि आठ बजे के बीच सीसीटीवी टीवी कैमरा मे कैद दृश्य को खलागने के बाद ही स्पष्ट जायेगा।

### क्या है नियम

जानकारो की माने तो ऐसी स्थिति मे डीआईओएस को सर्वप्रथम जिलाधिकारी व सचिव बोर्ड गोरखपुर को पूरे मामले से अवगत करायेगे। इसके जिलाधिकारी द्वारा मजिस्ट्रेट के नेतृत्व मे टीम गठित कर संकलन केन्द्र पर जमा किये गये बण्डल को खोलकर उसमे रखे गये कोड संख्या 301 व कोड संख्या - 302 का उत्तर पुस्तिका अलग-अलग बण्डल मे रखकर पुनः संकलन केन्द्र पर जमा किये जाने का नियम है।

महत्वपूर्ण बात यह है कि बोर्ड के नियम को ताक पर रखकर जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त न तो जिलाधिकारी को मामले से अवगत कराया और न ही संकलन केन्द्र पर जमा किये गये बण्डल को खुलवाने के लिए डीएम से अनुमति लिया, जो न सिर्फ डीआईओएस के कार्य प्रणाली पर बडा सवाल बना हुआ है बल्कि इनके मनमानेपन का जीता-जागता प्रमाण है।

### बोले जिम्मेदार

इस संबंध मे जिला विद्यालय निरीक्षक श्रवण कुमार गुप्त से उनके सरकारी मोबाइल नम्बर पर सम्पर्क कर पूरे मामले से अवगत कराते हुए उनका पक्ष जानने का प्रयास किया गया तो उन्होने बडी ही निर्लज्जता व बेरुखी से जबाब देते हुए कहा कि कुछ अराजक तत्व बदनाम करने की कोशिश कर रहे है आपने बता दिया, दिखता हूं।

अब सवाल यह उठता कि डीआईओएस क्या दिखवायेगे जबकि खुद वो ही इस खेल के खिलाड़ी है। इसी कड़ी में संकलन केन्द्र प्रभारी /उदित नारायण इंटरमीडिएट कालेज के प्रधानाचार्य अरविन्द सिंह से बात किया गया तो उन्होंने कहा कि बण्डल खुलवाया नहीं गया है।

एक ही बण्डल में दोनो उत्तर पुस्तिका जमा कर लिया गया है। यह पूछे जाने पर कि अलग नही कराया गया तो फिर कापी जांच के दौरान दिक्कत नही होगी तो उन्होने बताया कि 301 कोड संख्या पर ही बण्डल जमा कर लिया गया 302 कोड पर शून्य दिखा दिया जायेगा

संक्षेप

## करंट लगने से बच्चे की मौत

सीतापुर। रेउसा क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। रण्डा कोंडर ग्रामसभा के मजरे गौढ़ी में मंगलवार रात एक 6 वर्षीय बच्चे की करंट लगने से मौत हो गई। मृतक की पहचान राकेश यादव के पुत्र दिवांश के रूप में हुई है। घटना उस समय हुई जब दिवांश घर की वायरिंग में लगे एसी करंट के नंगे तार के पास खेल रहा था। खेलते समय अचानक उसका पैर तार से छू गया और वह तुरंत जमीन पर गिर पड़ा। परिवार के लोग कुछ समझ पाते, इससे पहले ही बच्चे की मौके पर ही मौत हो गई। बच्चे की अचानक मौत से पूरे परिवार में मातम छा गया। घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीण मौके पर पहुंच गए। पीड़ित परिजनों ने अपनी इच्छा से बच्चे के शव का अंतिम संस्कार कर दिये हैं।

## एक घंटा अधिक खुलेंगे पब्लिक पोर्टल

सीतापुर। जिलाधिकारी ने समस्त उप निबन्धक को संबोधित करते हुए बताया कार्यालय महानिरीक्षक निबन्धन, उत्तर प्रदेश लखनऊ के पत्र द्वारा वित्तीय वर्ष 2024-2025 के वित्तीय समापन एवं होली व नवरात्रि के त्योहार के कारण माह-मार्च में आम जनमानस द्वारा अधिक संख्या में अचल सम्पत्तियों का पंजीकरण कराया जाना सम्भावित है। त्योहारों के सार्वजनिक अवकाश के कारण माह मार्च 2025 में उपलब्ध कार्य दिवस अपर्याप्त होने के दृष्टिगत आम जनमानस को विलेख पंजीकरण का अधिकाधिक अवसर व सुविधा उपलब्ध कराया जाना आवश्यक है। जिसके क्रम में निर्देशित किया जाता है, कि माह मार्च-2025 के सभी कार्य दिवस में प्रदेश के समस्त उप निबन्धक कार्यालय में निबन्धन कार्य सायं 06 बजे तक सम्पादित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में विभागीय वेबसाइट के पब्लिक पोर्टल पर पंजीकरण हेतु ऑनलाइन आवेदन के स्लॉट बुक कराने का जो समय सायं 04.00 बजे तक था वह 01 घण्टा बढ़कर सायं 05 तक रहेगा। जिससे आम जनमानस द्वारा अपने विलेखों का अधिकाधिक संख्या में पंजीकरण कराया जा सकें। इसके अतिरिक्त प्रदेश के समस्त उप निबन्धक कार्यालय माह मार्च 23 मार्च व 30 मार्च रविवार को सामान्य कार्य दिवस की भाँति खुले रहेगें तथा अपरिहार्य परस्थितियों से इधर कोई अवकाश का स्टेशन लीव अनुमन्य एवं स्वीकृत नही किया जायेगा।

## मैजिक वाहन चालक को पत्थर मारकर किया लहूलुहान

सीतापुर। टाटा मैजिक वाहन लेकर जा रहे चालक को दो बाइक सवार दबंग युवकों ने पत्थर से सिर फोड़ कर जख्मी कर दिया। जख्मी हुए युवक का पुलिस ने मेडिकल करवाया और कार्यवाही शुरू की। सिधौली कोतवाली के खरवलिया निवासी अभिषेक त्रिपाठी के अनुसार वह अपना टाटा मैजिक वाहन लेकर जा रहा थे। सिधौली कस्बा में निमार्णाधीन ओवरब्रिज के पास दो बाइक सवार युवक उससे भिड़ गए और एक युवक ने उसके सिर पर भारी पत्थर मार दिया और दूसरे ने ऊंगली पर मुख से काट लिया। इसी दौरान स्थानीय लोगों ने दोनों युवकों को पकड़ लिया और पुलिस बुलाई। दोनों युवकों को पुलिस के हवाले कर दिया। घायल अभिषेक को मेडिकल परीक्षण के लिये भेज कर कार्यवाही शुरू की।

## द्वितीय पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन

सीतापुर। पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष महेन्द्र सिंह वर्मा की द्वितीय पुण्यतिथि के अवसर पर उनके पैतृक गांव पोखराकलां में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। परिजनों, समर्थकों ने हवन पूजन के उपरांत उनकी प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धासुमन अर्पित किये। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व मंत्री नरेन्द्र सिंह वर्मा ने कहा कि स्व. महेन्द्र सिंह वर्मा गरीबों, पिछड़ों के नेता थे। उन्होने सभी वर्गों को साथ लेकर चलने का काम किया। अपने जिला पंचायत अध्यक्ष के कार्यकाल में उन्होने जिले का समुचित विकास कराया। गांवों तक विकास की रूपरेखा खींची इसके अतिरिक्त गरीबों को न्याय दिलाने का काम किया। वह बिना किसी भेदभाव के कार्य करते थे। पोखराकलां स्थित महेन्द्र सिंह वर्मा के आवास पर स्थापित प्रतिमा और समाधि के सम्मुख उनकी पत्नी सुशीला वर्मा, बेटे उत्कर्ष वर्मा सहित परिजनों ने हवन-पूजन किया।

# प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुएं से मिली आजादी




सीतापुर। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना से महिलाओं को धुयें से आजादी मिली है। स्वास्थ्य पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है। पर्यावरण सुधार में सार्थक मदद मिली हैं। जिसके फलस्वरूप उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 में 02 निःशुल्क एल०पी०जी० सिलेण्डर रिफिल प्रदान किये जाने का निर्णय लिया गया है।

इस वित्तीय वर्ष में प्रथम चरण (माह अक्टूबर 2024 से दिसम्बर, 2024) दीपावली पर प्रदेश में 88.6 लाख आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को एवं जनपद सीतापुर में 2,81,000 आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को तथा द्वितीय चरण (जनवरी 2025 से मार्च 2025) होली पर जनपद में 285000 आधार प्रमाणित पात्र परिवारों को निःशुल्क एल0पी0जी0 सिलेण्डर आधार प्रमाणित लाभार्थियों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण किया गया है। जिनमें से 71000 लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी भेजी जा चुकी है तथा शेष लाभार्थियों के खाते में सब्सिडी भेजे जाने की कार्यवाही प्रक्रियाधीन है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के वह लाभार्थी, जिनके बैंक खाते आधार लिंक हैं तथा जिनके आधार प्रमाणित हैं, वह उक्त योजना हेतु पात्र है तथा उन्हें 02 निःशुल्क सिलेण्डर रिफिल उपलब्ध कराया गया है। लाभार्थियों के आधार प्रमाणित खातों में सिलेण्डर रिफिल पर मिलने वाली सब्सिडी का अन्तरण किया गया है। प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजनान्तर्गत निर्गत होने वाले डी०बी०सी० (लाभार्थी को दिए गए दूसरे सिलेण्डर कनेक्शन) पर उक्त योजना लागू नहीं है। योजना के अन्तर्गत मात्र 14.2 किग्रा० के उज्ज्वला लाभार्थियों को निःशुल्क सिलेण्डरों की सुविधा प्रदान की गई है। जिन लाभार्थियों के पास 05 किग्रा० के सिलेण्डर हैं, उनके द्वारा 14.2 किग्रा० के सिलेण्डर प्राप्त किए जा सकेंगे। जिन लाभार्थियों का आधार प्रमाणन अभी तक नहीं हुआ है, उनके जैसे-जैसे आधार प्रमाणित होते जाएंगे, उन्हें उक्त सुविधा का लाभ प्राप्त होगा। तत्क्रम में जिला प्रशासन की ओर से जनप्रतिनिधिगण को आमंत्रित करते हुए, उनकी उपस्थिति में जनपद स्तर पर भी कलेक्ट्रेट सभागार सीतापुर में उक्त कार्यक्रम का सजीव प्रसारण किया गया। इस अवसर पर सम्पूर्ण जनपद से इण्डियन ऑयल कार्पोरेशन, भारत पेट्रोलियम लिमिटेड एवं हिन्दुस्तान पेट्रोलियम कार्पोरेशन लि0 के प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 150 लाभार्थियों को आमंत्रित किया गया। उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा सिलेण्डर के सापेक्ष दी जा रही सब्सिडी के प्रतीकात्मक चेक प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के 10 लाभार्थियों को राज्यमंत्री, कारागार सुरेश राही, 10 लाभार्थियों को राज्यमंत्री शहरी विकास, उ0प्र0 राकेश राठौर गुरू, 10 विधायक मिश्रित रामकृष्ण भार्गव, 10 लाभार्थियों को प्रतिनिधि अध्यक्ष, नगर पालिका परिषद मुनीन्द्र अवस्थी के कर कमलों से वितरित कराये गए।

## राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों की बैठक

लहरपुर/सीतापुर। निर्वाचक नामावलियों के निरंतर पुनरीक्षण 2025 के क्रम में विभिन्न राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक का किया गया आयोजन। प्राप्त जानकारी के अनुसार बुधवार को तहसील सभागार में विधानसभा क्षेत्र 148 के मतदेय स्थलों पर बूथ लेविल एजेंट नियुक्त करने और चल रहे निरंतर पुनरीक्षण की तैयारी के संबंध में विभिन्न राजनीतिक दलों की प्रतिनिधियों की एक बैठक उप जिलाधिकारी आकांक्षा गौतम की अध्यक्षता में आहूत की गई बैठक में विधानसभा क्षेत्र के बूथ लेवल एजेंट की नियुक्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया है कि बिगत 7 जनवरी से पुनरीक्षण कार्यक्रम निरंतर चल रहा है जिसमें प्रारूप 9, 10, 11, 11 ए, व 11 बी के बारे में जानकारी दी गई व समस्त मत देय स्थलों पर एजेंट तैनात किए जाने हेतु अपील की गई, उन्होंने मतदाता सूची में नाम बढ़ाने हेतु फार्म 6 नाम, पिता, पति, पता, फोटो, जन्मतिथि व मतदाता का नाम स्थानांतरित किए जाने एवं संशोधन हेतु फॉर्म 8 तथा मतदाता सूची में नाम यदि डबल है तो उसे व्यक्ति का नाम मतदाता सूची से हटाने हेतु फार्म सात भरने पर विस्तृत चर्चा की गई। इस मौके पर उन्होंने सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों से मतदाता सूची में 18 वर्ष आयु के मतदाताओं एवं महिलाओं के नाम जो मतदाता सूची में अपंजीकृत हैं उनका पंजीकरण कराने पर चर्चा की। इस मौके पर प्रमुख रूप से भारतीय जनता पार्टी के जिला उपाध्यक्ष राजेश्वर रस्तोगी, विधानसभा अध्यक्ष अपना दल एस दिनेश पटेल, नगर अध्यक्ष भाजपा रमेश बाजपेई, बहुजन समाज पार्टी से आरिफ अंसारी, समाजवादी पार्टी से नगर अध्यक्ष मेराज महबूब निर्वाचन से ओमप्रकाश, रामू वर्मा सहित भारी संख्या में तहसील स्तरीय अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## जिला क्षय रोग अधिकारी ने चलाया विशेष टीबी अभियान



सीतापुर। जिला क्षय रोग अधिकारी ने बताया कि जनपद में 7 दिसम्बर से 24 मार्च तक 100 दिवसीय विशेष टी0बी0 अभियान चलाया जा रहा है।

इस अभियान की प्रगति की जानकारी लेने के लिए सेन्ट्रल टी0बी0 डिवीजन, नई दिल्ली से नामित नोडल अधिकारी डा0 मो0 जुबेर द्वारा 12 मार्च को जनपद का भ्रमण किया गया। अपने भ्रमण कार्यक्रम में सर्वप्रथम भारत सरकार द्वारा नामित नोडल अधिकारी डा0 मो0 जुबेर द्वारा आयुष्मान आरोग्य मंदिर बेलगवाँ (ऐलिया) का भ्रमण किया गया। जहाँ पर उपस्थिति सी0एच0ओ0 से 100 दिवसीय विशेष टी0बी0 अभियान की जानकारी ली। नोडल अधिकारी ने सी0एच0ओ0 द्वारा अभी तक किये गये कार्यों पर संतोष व्यक्त किया तथा अति संवेदनशील जनसंख्या के अन्तर्गत स्क्रीन किये गये व्यक्तियों की शीघ्र अति शीघ्र शत-प्रतिशत निक्षय आई0डी0 बनाने तथा उनकी जाँचध्एक्स-रे का कार्य पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये गये। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा जिला क्षय रोग केन्द्र, सीतापुर का भ्रमण किया गया। यहाँ डा0 मनोज कुमार देशमणि, जिला क्षय रोग अधिकारी द्वारा जनपद की प्रगति सूचनाएं प्रस्तुत करते हुए अवगत कराया गया कि जनपद की कुल जनसंख्या 5304008 के सापेक्ष 804359 (15 प्रतिशत) अति संवेदनशील जनसंख्या के रूप में मैपिंग की गयी है। जिसके सापेक्ष 886192 (110 प्रतिशत) की स्क्रीनिंग कर ली गयी है। स्क्रीनिंग किये गये समस्त व्यक्तियों की निक्षय आई0डी0 बनाने का कार्य प्रगति पर है तथा लक्षण युक्त व्यक्तियों की नॉट जाँच तथा शेष सभी का एक्स-रे कराये जाने का कार्य तीव्र गति से चल रहा है। नोडल अधिकारी द्वारा समस्त प्रगति सूचनाओं का गहनता से मूल्याँकन किया गया तथा अभी तक की प्रगति पर संतोष व्यक्त किया गया। इसके उपरान्त नोडल अधिकारी रेडक्रास सोसाइटी द्वारा आयोजित टी0बी0 मरीजों को गोद लेने संबंधी कार्यक्रम में प्रतिभाग किया। इस कार्यक्रम में रेडक्रास सोसाइटी ने 05 टी0बी0 मरीजों को पोषण पोटली वितरित की गयी। इस कार्यक्रम में रेडक्रास से संजीव मेहरोत्रा अध्यक्ष, ललित श्रीवास्तव सचिव, ललित भट्ट एवं हसनैन साजिद सदस्य उपस्थित रहे। जिला क्षय रोग केन्द्र से इस कार्यक्रम में डा0 मनोज कुमार देशमणि जिला क्षय रोग अधिकारी एवं डा0 श्याम सुन्दर चेस्ट फिजीशियनध्उप जिला क्षय रोग अधिकारी उपस्थित रहे। जिला क्षय रोग केन्द्र सीतापुर का भ्रमण करने के उपरान्त नोडल अधिकारी द्वारा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र खैराबाद का भ्रमण किया गया तथा सायं में मुख्य चिकित्सा अधिकारी के साथ बैठक कर भ्रमण की जानकारी दी गयी।

## विद्यार्थियों व शिक्षकों ने होली खेल एक दूसरे को दी बधाई



सीतापुर। माध्यमिक शिक्षा परिषद प्रयागराज की हाईस्कूल व इंटरमीडिएट की बोर्ड परीक्षाएं सकुशल 12 मार्च बुधवार को संपन्न हुई। परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर केंद्र व्यवस्थापकों, अतिरिक्त केंद्र स्थापकों परीक्षा ड्यूटी में लगे अधिकारियों कर्मचारियों ने राहत की सांस ली।

यूपी बोर्ड परीक्षा समाप्त होने पर विद्यार्थियों व शिक्षकों ने जमकर रंग खेलते हुए एक दूसरे को होली की बधाई दी। नगर के कई विद्यालयों में यूपी बोर्ड द्वारा परीक्षा केंद्र बनाए गए थे। 12 मार्च को प्रथम पाली में हाईस्कूल का उर्दू व द्वितीय पाली में इंटरमीडिएट का इंग्लिश विषय का प्रश्न पत्र देकर निकले परीक्षार्थियों ने अमीर गुलाल लगाकर जमकर होली खेलते हुए एक दूसरे को बधाई दी। परीक्षा केदों पर तैनात अधिकारियों, शिक्षकों व कर्मचारियों ने भी जमकर रंग खेलते हुये बधाई दी। 24 फरवरी से शुरू हुई यूपी बोर्ड की परीक्षाएं 12 मार्च को सकुशल संपन्न हुई। परीक्षाएं शांतिपूर्ण संपन्न होने पर अधिकारियों सहित सभी केंद्र व्यवस्थापकों ने शिक्षकों विद्यार्थियों को बधाई दी।

## नीलामी प्रक्रिया सकुशल सम्पन्न

उन्नाव। तहसील बीघापुर मुख्यालय पाटन परिसर में स्थित जलपान गृह की नीलामी प्रक्रिया नायब तहसीलदार अशोक कुमार शुक्ला की अध्यक्षता में संपन्न हुई। नीलामी में पांच प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिसमें सर्वाधिक बोली 27,500 रुपये की रही। यह बोली शुभम पुत्र संतोष, निवासी गोसी खेड़ा ने लगाई, जिसके बाद जलपान गृह का ठेका उन्हें आवंटित किया गया। जलपान गृह की नीलामी में भाग लेने वाले प्रतिभागी निम्नलिखित रहे। जिसमे अमित कुमार पुत्र उदयवीर (पाटन), शाश्वत यादव पुत्र पवन कुमार (चिकंदर), शुभम पुत्र संतोष (गोसी खेड़ा), दुर्गेश पुत्र राम मोहन पाटन मौजूद रहे। नीलामी प्रक्रिया के दौरान सभी प्रतिभागियों ने अपनी-अपनी बोलियां लगाईं, लेकिन सबसे अधिक बोली शुभम ने लगाई।

## खेल प्रतियोगिता में उन्नाव ने लगायी स्वर्ण पदक की झड़ी



उन्नाव। 11 और 12 मार्च को आयोजित दो दिवसीय 35वीं बेसिक राज्यस्तरीय खेलकूद प्रतियोगिता में प्रदेश के सभी 18 मंडलों के 75 जनपदों ने प्रतिभाग किया।

आयोजित खेलों में फुटबॉल, क्रिकेट, योगा के साथ एथलेटिक्स की प्रतियोगिताएं संपन्न हुईं। खेलों के शुभारंभ में बेसिक शिक्षा मंत्री संदीप सिंह, लखनऊ मंडल सहायक शिक्षा निदेशक श्याम किशोर तिवारी, विभिन्न मंडलों के एडी बेसिक, बीएसए उन्नाव संगीता सिंह एवं बेसिक शिक्षा सचिव प्रताप सिंह बघेल, जिला खेल शिक्षक पुरुषोत्तम सिंह एवं निशा सिंह तोमर आदि उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का शुभारंभ उन्नाव के रामपुर गढ़ौवा की छात्रा खुशी ने शपथ पढ़कर करवाया। दो दिवसीय प्रतियोगिता में उन्नाव से विभिन्न खेलों में प्रतिभाग करने वाले कुल 83 बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रथम दिवस पर बालक एवं बालिका वर्ग की फुटबॉल, योग, रिले हीट्स के साथ क्रिकेट का आयोजन किया गया। द्वितीय दिवस में दौड़ किसाथ ही शेष बचे खेल संपन्न हुए। प्रथम दिवस के परिणाम में लखनऊ मंडल की ओर से प्रतिभाग करने वाली टीमों में उन्नाव, औरास से रामपुर गढ़ौवा और बिछिया के कोटरा की टीम दोनों ही वर्गों में विजेता बनकर उभरी। 400 मीटर दौड़, लंबी कूद और रिले के गोल्ड भी उन्नाव की झोली में आए। लखनऊ मंडल से कुल 93 बच्चे जिसमें अकेले उन्नाव से ही 83 रहे और मंडल को मिलने वाले सभी गोल्ड भी उन्नाव ने दिलवाए। ऊंची कूद में बिछिया के कंपोजिट कोटरा के प्रशांत, रिले में प्रशांत, नितिन, कृष्णा और अभिषेक ने गोल्ड मेडल हासिल किया। फुटबॉल बालिका वर्ग में प्रतिभाग कर जीतने वाले बच्चों में रामपुर गढ़ौवा की खुशी, उपासना, सेजल, पायल, समरीन, राशी तिवारी आदि रहीं तो वहीं बालक वर्ग में शुभम, आरिफ, राजकुमार, युवराज, गोविंद, अंकित ने शानदार प्रदर्शन कर खेलों में अपना स्थान बनाया और लंबे समय बाद उन्नाव को राज्यस्तर पर विजई बनाया। खेल शिक्षक पुरुषोत्तम और निशा सिंह के साथ ही शिक्षक डॉ प्रदीप कुमार वर्मा, रईसुल इस्लाम गौहर और विश्वजीत की मेहनत ने गौरवान्वित करने वाले परिणाम दिए। जिलाधिकारी गौरांग राठी ने जनपद में 5 स्वर्ण आने पर शिक्षक प्रदीप वर्मा के माध्यम से बच्चों को फोन पर बधाई दी। उन्होंने अपने संदेश में बेसिक के बच्चों की सराहना करते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं भी प्रेषित की। मैदान पर पूर्ण समय उपस्थित रहीं बीएसए उन्नाव के साथ ही बीईओ संजय शुक्ल व सुरेश वर्मा और खेल प्रभारी मनींद्र कुमार ने इसे उन्नाव के लिए बड़ी उपलब्धि बताया।

## राघवेंद्र की हत्या के विरोध में एकजुट हुए पत्रकार, सौंपा ज्ञापन




पाटन, उन्नाव। जनपद सीतापुर में दैनिक जागरण के पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की निर्मम हत्या के विरोध में पूरे पत्रकार समाज में आक्रोश व्याप्त है।

पत्रकारों ने इस हत्या को लोकतंत्र पर हमला करार देते हुए पत्रकार जनकल्याण एसोसिएशन के नेतृत्व में तहसील बीघापुर में एकत्रित होकर जोरदार विरोध प्रदर्शन किया। इसके बाद उत्तर प्रदेश के राज्यपाल को संबोधित ज्ञापन उपजिलाधिकारी को सौंपा गया। ज्ञापन में हत्या की उच्च स्तरीय जांच, दोषियों को शीघ्र गिरफ्तार कर कड़ी से कड़ी सजा देने, मृतक पत्रकार के परिवार को 50 लाख रुपये की आर्थिक सहायता, परिवार के एक आश्रित को सरकारी नौकरी, और प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करने की मांग की गई। पत्रकारों का कहना था कि अगर सरकार ने जल्द कोई ठोस कार्रवाई नहीं की, तो वे प्रदेशव्यापी आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे। उन्होंने यह भी कहा कि अगर सरकार पत्रकारों की सुरक्षा को लेकर गंभीर नहीं हुई, तो भविष्य में पत्रकारों पर हमले और बढ़ सकते हैं। पत्रकारों ने घटना की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ हैं, लेकिन उनकी सुरक्षा को लेकर सरकारें बिल्कुल गंभीर नहीं दिख रही हैं। प्रदेश में लगातार पत्रकारों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं, लेकिन अपराधियों पर कोई ठोस कार्रवाई नहीं हो रही है। अगर जल्द ही दोषियों को दंडित नहीं किया गया तो इससे अपराधियों के हौसले और बढ़ेंगे। पत्रकारों ने कहा कि प्रदेश में पत्रकार सुरक्षा कानून लागू करना बेहद जरूरी है, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो। इसके साथ ही मृतक पत्रकार के परिवार को न्याय दिलाने के लिए हर संभव प्रयास किया जाएगा। इस अवसर पर संगठन के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और पत्रकार मौजूद रहे। सभी ने एक स्वर में कहा कि जब तक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के हत्यारों को कड़ी सजा नहीं मिलती, तब तक संघर्ष जारी रहेगा। ज्ञापन सौंपने वालों में पत्रकार जनकल्याण एसोसिएशन के मुख्य संरक्षक यतींद्रनाथ मिश्रा, संयोजक विजय वर्मा, प्रदेश अध्यक्ष जितेंद्र कुमार सोनकर, वरिष्ठ उपाध्यक्ष अश्वनी सिंह यादव, महामंत्री प्रेम वर्मा, जिला अध्यक्ष राजकुमार, जिला उपाध्यक्ष राकेश तिवारी, तहसील अध्यक्ष रज्जन तिवारी, तहसील महामंत्री कल्लू तिवारी, सचिव अमन शुक्ला समेत कई प्रमुख पत्रकार शामिल रहे। इसके अलावा वरिष्ठ पत्रकार अभिनाश बाजपेई, दिनेश दीक्षित, निशाकांत दीक्षित, दिवाकर सिंह, प्रदीप मिश्रा, रामू दादा, मनोज सिंह, प्रशांत तिवारी, फुन्नी दादा, अनिल वर्मा, दुर्गेश सिंह, सूर्यपाल (प्रोटेक मीडिया प्रभारी), पत्रकार अंकित कुमार, शिवम सिंह, संदीप मिश्रा, राजेश कुमार अभिषेक समेत आधा सैकड़ा से अधिक पत्रकार इस विरोध प्रदर्शन में शामिल हुए।

## पश्चिम टोला की टीम ने मुंसफी 55 रनों से परास्त किया



पुरवा, उन्नाव। रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता के पहले मुकाबले में पश्चिम टोला की टीम ने मुंसफी टीम को 55 रनों से परास्त किया। मैन ऑफ द मैच ऋषिराज द्विवेदी को चुना गया। स्थानीय कस्बा के मोहल्ला मुंसफी में बीते दो वर्षों से पुरवा नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट का आयोजन किया जा रहा है। इसी कड़ी में मंगलवार की रात्रि क्रिकेट प्रतियोगिता का शुभारंभ मुख्य अतिथि नगर अध्यक्षा रेनू गुप्ता ने फीता काटकर किया। जबकि विशिष्ट अतिथि के रूप में भारतीय चौरसिया महासभा के जिलाध्यक्ष चौरसिया शिवम चौऋषि, आलोक कुशवाहा सभासद प्रतिनिधि, इस्लामुद्दीन सभासद, लेखपाल प्रशांत पाण्डेय मौजूद रहे। टूर्नामेंट के उद्घाटन मैच में पश्चिम टोला का मुकाबला मुंसिफ कोर्ट से हुआ जिसमें पश्चिम टोला टीम ने टास जीतकर 124 रनों का पहाड़ जैसा लक्ष्य बनाया। निर्धारित आठ ओवरों के मैच में मुंसफी टीम मात्र 69 रनों पर ढेर हो गई। इस तरह से पश्चिम टोला टीम विजई हुई। टीम के खिलाड़ी ऋषिराज उर्फ शरद द्विवेदी को मैन ऑफ द मैच दिया गया जिन्होंने 11 गेंद में धुआंधार 52 रन बनाए और एक विकेट भी लिया। पुरवा नाईट क्रिकेट टूर्नामेंट 2025 के मुख्य आयोजक व वर्तमान सभासद विशाल चौधरी ने सभी अतिथियों का आभार जताया। शिक्षक शशि प्रकाश ने स्कोरर की भूमिका निभाई जबकि अंपायर की भूमिका में आकाश, आशीष, मजहर अली उर्फ मुन्नू रहे। इस दौरान एडवोकेट धर्मेंद्र सिंह, एडवोकेट रत्नम चौरसिया, दीपक चौरसिया, दिलीप चौरसिया, बबलू समेत सैकड़ों की संख्या में दर्शक उपस्थित रहे।

## जिंदा व्यक्ति का बना दिया मृत्यु प्रमाण पत्र

सीतापुर। थाना सकरन क्षेत्र के करेंहका ऊंचगांव निवासी विश्राम चैहान (65) पुत्र छोटेलाल जो कि एक किसान है। दूध बेंचकर अपना जीवन यापन करता है। विश्राम कस्बा सकरन स्थित गांजर सेवा संस्थान (राम मनोहर लोहिया इंटर कालेज) सकरन की समिति का सदस्य भी है। जो अभी जीवित है। उसका मृत्यु प्रमाण पत्र सीएचसी बिसवां से जालसाजों द्वारा बनवा लिया गया। स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी मृत्यु प्रमाण पत्र में विश्राम की मौत 5 फरवरी 2023 को दशार्यी गई है। जिसका रजिस्ट्रेशन 8 अगस्त 2023 को कराया गया था। इसे सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बिसवां द्वारा 11 सितम्बर 2024 को जारी किया गया है। जालसाजों द्वारा मृत्यु प्रमाण पत्र पर विश्राम चौहान के पिता का नाम भी बदलवा दिया गया है। जो छोटेलाल की जगह पर रामजीवन चौहान कराया गया है। इस बात की जानकारी



विश्राम चौहान को विगत 1 मार्च को हुई थी तब से वह अपने जिंदा होने के सबूत पेश कर रहा है। मामले में जब सीएचसी अधीक्षक सांडा डॉ.अनिल सचान से बात की गई तो उन्होने बताया कि मृत्यु प्रमाण पत्र पर अंकित बार कोड के स्कैन न होने की वजह से यह फर्जी लग रहा है। जिसे एडिट करके बनाया गया है। मामले की जांच कराने पर सच्चाई सामने आ जाएगी। इस सम्बंध में जब सीएचसी अधीक्षक बिसवां डॉ.अमित कपूर से बात की गई तो उन्होने बताया कि ऐसा हो नही सकता है फिर भी मामले की जांच करवाई जाएगी।

## दिवंगत पत्रकार के परिजनों से मिले रालोद के राष्ट्रीय महासचिव

सीतापुर। राष्ट्रीय लोकदल के राष्ट्रीय महासचिव अनिल दुबे ने महोली में दिवंगत पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के पिता महेंद्र कुमार बाजपेई और परिजनों से मुलाकात कर शोक संवेदना व्यक्त कर हर संभव मदद करने का ढांढस बंधाया। उन्होंने कहा कि संकट की इस घड़ी में राष्ट्रीय लोकदल पत्रकार राघवेंद्र के परिवार के साथ हैं और हम सरकार से मदद दिलाएंगे। उनके परिजनों से मुलाकात के बाद सीतापुर में पत्रकार वार्ता में कहा कि उत्तर प्रदेश में कानून का राज है। दोषियों को किसी कीमत पर दंडित



कराया जाएगा और फास्ट ट्रैक कोर्ट में मुकदमा चलाकर हत्यारों को कड़ा दंड दिलाया जाएगा। श्री दुबे ने कहा कि उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ बेहद संवेदनशील हैं और अपराधियों को लेकर उनका रुख कड़ा है। उन्होंने कहा कि इस मामले को रालोद मुखिया चैधरी जयंत सिंह ने भी गंभीरता से लिया है। उन्होंने बताया कि रालोद प्रदेश महासचिव आरपी सिंह चैहान और जिला इकाई को पत्रकार राघवेंद्र के परिजनों से संपर्क में रहने के लिए निर्देशित किया गया है। श्री दुबे ने बताया कि राघवेंद्र बाजपेई के परिजनों की मांग है कि प्रकरण का सही खुलासा हो और किसी निर्दोष को फंसाया न जाये जो हत्यारे हैं उनको कठोर दंड मिले। राघवेंद्र की पत्नी को योग्यतानुसार कहीं समायोजित किया जाये। इस मांग का हम समर्थन करते हैं और हमारी पार्टी पत्रकार परिवार को इंसाफ दिलाने का हर संभव प्रयास करेगी और इस संबंध में हम उच्चाधिकारियों से मुलाकात करेंगे। हम मुख्यमंत्री से मांग करते हैं कि पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिजनों की आर्थिक मदद की जाये। इस दौरान रालोद प्रदेश सचिव अफसर अली, उमा शंकर बाजपेई, सत्य प्रकाश तिवारी, शाहरुख अंसारी, शैलेन्द्र चतुर्वेदी, लक्ष्मी मिश्रा, आदित्य जायसवाल, राज कुमार मिश्र, सूरज यादव, शोभित गुप्ता, शिवम सिंह, गोलू सिंह, बृजेंद्र सिंह, हर्षित गुप्ता, अनुराग जायसवाल, गौरव यादव आदि लोग मौजूद रहे।

## पुलिस प्रशासन अलर्ट, निकाला पैदल मार्च

सीतापुर। आगामी त्योहारों पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर रखते हुए उपजिलाधिकारी सिधौली नितिन सिंह, क्षेत्राधिकारी सिधौली कपूर कुमार, तहसीलदार सिधौली मुकेश कुमार शर्मा सहित कमलापुर के थानाध्यक्ष ने पुलिस बल के साथ पैदल मार्च किया गया। पैदल मार्च की जानकारी देते हुए थानाध्यक्ष कमलापुर प्रदीप सिंह ने बताया कि पैदल मार्च कमलापुर कस्बे में करने के उपरांत कस्बा मास्टरबाग में भी किया गया। कस्बे सहित क्षेत्र की सुरक्षा व्यवस्था पर कमलापुर थाने की पुलिस पूरी तरह से तैयार है। जिससे त्योहारों पर कोई बाधा उत्पन्न न हो और सभी त्यौहार क्षेत्र में खुशी पूर्वक सम्पन्न हो सके।

## खाद्य पदार्थों के लिए गये नमूने

सीतापुर। होलिका पर्व पर लोगों को शुद्ध खाद्य पदार्थ प्राप्त हो सके इसको लेकर खाद्य सुरक्षा विभाग जांच पड़ताल कर रहा है। इस दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग ने अलग-अलग स्थान से खाद्य पदार्थों के नमूने लिए। मंगलवार को विशेष प्रवर्तन अभियान चलाया गया। नगर क्षेत्र सीतापुर से 1 मूंग पापड़, 1 घी, 1 सूजी तथा मानपुर बिसवां से 1 बेसन, 1 रंगीन कचरी, 1 सूजी का नमूना संकलित किया गया।

## 7 वर्ष की आमिना जौहरा ने रखा पहला रोजा



सीतापुर। 7 वर्षीय आमिना जैहरा ने अपना पहला रोजा रखकर रमजान के रोजे की शुरूआत कर दी। आमिना जौहरा शायर पत्रकार नैयर शकेब की पुत्री हैं और अभी पढ़ाई कर रही हैं। आमिना जैहरा अपनी जिंदगी का पहला रोजा रखकर खुशी महसूस कर रही है। आमिना का कहना है कि घर में सभी लोग रोजा रखते हैं, उन्हें देखकर मुझे भी रोजा रखने का शौक हुआ। रोजा रखने के बाद दिल को बहुत ही सुकून मिला है और इफ्तार के वक्त मुल्क में अमन व चैन की दुआएं भी मांगी है। उन्होंने कहा कि यह मेरी जिंदगी का पहला रोजा है लेकिन रोजा रखकर भूख और प्यास की शिद्दत महसूस नहीं हुई क्योंकि अल्लाह की इबादत के आगे भूख और प्यास मायने नहीं रखती। वहीं नन्हे रोजेदारों के वालिदेन अपने रोजेदार बच्चों के लिए सब्र की दुआएं कर उनकी तरक्की की दुआ मांग रहे हैं। इसके अलावा अन्य लोगों ने खुशी का इजहार करते हुए मुबारकबाद पेश की है।

## प्रेम और आपसी सौहार्द के साथ मनाएं त्योहार: कादरी

सीतापुर। होली के त्यौहार व रमजान तथा जुमा की नमाज के दृष्टिगत मुस्लिम सेवा संघ के प्रदेश अध्यक्ष सय्यद हुसैन कादरी ने कहा कि रमजान शरीफ का महीना सब्र करने की हिदायत देता है। कुरान कहता है कि खुदा सब्र करने वालों के साथ है और पैगम्बर इस्लाम ने हदीस में फरमाया अच्छा मुसलमान वो है। जिसके हाथ से, पैर से, जुबान से किसी इंसान को कोई तकलीफ न पहुंचे। कादरी ने कहा कि रमजान शरीफ के मुकद्दस महीने को सब्र के साथ गुजारे। उन्होंने प्रदेश की मस्जिदों के इमामों और मुतवल्लीयो से अपील करते हुए कहा कि होली के दिन जुमा पड़ रहा है, इसलिए आपसी सौहार्द को कायम रखते हुए जुमा की नमाज होली के रंग का समय खत्म होने के बाद ही अदा करें। कादरी ने आम मुसलमानो और हिन्दूओं से अपील करते हुए कहा कि होली वाले दिन मुसलमान सिर्फ 3-4 घंटा रोडो और गलीयो पर न निकले, और अगर कही जरूरी काम से जाना भी है तो उसमें बहुत एहतियात बरतें। अगर कोई बच्चा या न समझ व्यक्ति रंग डाल देता है तो उससे उलझनें की जरूरत नहीं है, घर जाये पानी से धो डाले, इस तरह के रंगों के पानी से कपड़ा नापाक नहीं होता है। हिंदू भाइयों से भी सय्यद हुसैन कादरी ने अपील करते हुए कहा कि कोई भी रोजादार मुसलमान या हिजाब पहनी हुई महिला पर रंग न डाले, अपने बच्चों को भी इसी तरह समझायें, रमजान शरीफ का सम्मान करें। कादरी ने आगे कहा कि आला हजरत ने अपनी किताब में लिखा है कि कानून को किसी भी सूरत में अपने हाथ मे न ले।

संक्षेप

## शराब की दुकानें 14 को रहेंगी बंद

**बांदा।** जिले में होली पर शांति एवं कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए जिला मजिस्ट्रेट जे0 रीभा ने शराब की देशी, विदेशी, बियर, मॉडल शॉप, भांग की दुकानों को 14 मार्च को अपरान्ह 5 बजे तक बंद रखने के आदेश जारी किए हैं। उन्होने उत्तर प्रदेश आबकारी अधिनियम 1910 की धारा 59 के तहत प्रदत्त अधिकारों का प्रयोग करते हुए यह निर्देश दिए हैं। इस बंदी के दौरान शराब विक्रेताओं को किसी प्रकार का प्रतिफल और छूट नही दी जाएगी। जिला मजिस्ट्रेट का आदेश कड़ाई से पालन किया जाएगा।

## बाउण्ड्रीबाल तोड़कर ट्रॉलियों में भर ले गये दबंग

**ललितपुर।** शहर के मोहल्ला सिविल लाइन में रहने वाले अनूप ताम्रकार पुत्र स्व.बाबूलाल ताम्रकार ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि उसकी एक किता जमीन कोतवाली महरौनी के ग्राम किसरदा में है, जिसमें बाउण्ड्रीबाल भी है। बताया कि 8 मार्च 2025 की रात में ग्राम कुरौरा निवासी हरवेन्द्र पुत्र रावराजा, राजेन्द्र पुत्र रावराजा एवं राघवेन्द्र सिंह पुत्र रावराजा, इन्द्रपाल पुत्र राजेन्द्र सिंह एवं अन्य लोगों ने उक्त जमीन पर अवैध कब्जा करने की नीयत से उसकी जमीन पर स्थित बाउण्ड्रीबाल मय गेट ताला के जेसीबी मशीन से तोड़कर ट्रैक्टर ट्रॉलियों से उठा ले गये। बताया कि जब वह जानकारी होने पर जमीन पर पहुंचे तो उक्त लोगों द्वारा उन्हें जान से मारने की धमकी दी गयी। अनूप ताम्रकार की तहरीर पर पुलिस ने उक्त लोगों के खिलाफ 329 (3), 324 (4) व 351 (2) के तहत एफआईआर दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

# संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब

जिला संवाददाता(vol)



**ललितपुर।** उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्लखनऊ एवं संस्कृत विभाग नेमवि के संयुक्त तत्वावधान में तुलसी सभागार में आयोजित एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी का शुभारंभ प्रबन्धक प्रदीप चैबे, प्राचार्य डा.ओमप्रकाश शास्त्री एवं बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय संस्कृत शोध पीठ के निदेशक प्रो.बलबहादुर त्रिपाठी ने दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती पूजन कर किया। संगोष्ठी में मुख्य अतिथि महाविद्यालय के प्रबन्धक ने कहा कि संस्कृत साहित्य में निबद्ध, वेदों उपनिषदों पुराणों धर्मशास्त्रों दर्शन ग्रन्थों ने भारतीय संस्कृति हजारों वर्षों से सुदृढ़

- **संस्कृत भारत देश के जन-जन में बसने वाली भाषा: प्रो. शास्त्री**
- **नेमवि में एक दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी सम्पन्न**

रखा है। भारत की सामाजिक एकता में संस्कृत भाषा एवं साहित्य का अतुलनीय योगदान है। उन्होंने कहा कि विद्वानों का कार्य है कि वे युवा पीढ़ी को संस्कारवान बनाने हेतु उन्हें संस्कृत भाषा के समृद्ध साहित्य एवं विरासत का ज्ञान प्रदान करायें। प्राचार्य ने कहा कि संसार की अनेक प्राचीन सभ्यताएं धूल धूसरित हो चुकी हैं किंतु संस्कृत भाषा की वजह से भारतीय संस्कृति आज भी अपने स्थान पर अविचल खड़ी है।

सारे संसार में भारतीय संस्कृति की अजय पताका फहरा रही है। इसका श्रेय संस्कृत भाषा और उसके साहित्य पर जाता है भारत के पास विश्व को संजीवनी देने वाली संस्कृत भाषा एवं साहित्य है। उन्होंने कहा की संस्कृत विशुद्ध वैज्ञानिक भाषा हैं। संस्कृत साहित्य में ज्योतिष, वास्तु, योग, धर्म, दर्शन एवं विज्ञान का भंडार भरा पड़ा हुआ है। आज पश्चिमी देश भी संस्कृत साहित्य में छिपे ज्ञान को प्राप्त करने के लिए प्रयास कर रहे हैं। उन्होंने विद्यार्थियों से संस्कृत भाषा को सीख कर इसमें छिपे जीवन और प्रकृति के रहस्य को जानने की अपील की। मुख्य वक्ता प्रो.बलबहादुर त्रिपाठी ने कहा कि संस्कृत साहित्य हमारे इतिहास पुरातत्व संस्कृति सभ्यता धर्म कर्म आचरण और व्यवहार भारत वासियों को एक सूत्र में बांधे रहता है संस्कृत भाषा भारतीय संस्कृति का प्रतिबिंब है। इसके संवर्धन पर हमें ध्यान देना चाहिए। महर्षि महेश योगी वैदिक विश्वविद्यालय करौंदी कटनी की डा.नेहा मिश्रा ने कहा संस्कृत संसार की सबसे प्राचीनतम एवं समृद्ध भाषा है। इसका विशाल साहित्य भंडार है, इसमें आध्यात्मिक ज्ञान का कोश छिपा हुआ है वेद, उपनिषद, पुराण, महाभारत, गीता जैसे महान ग्रंथ संस्कृत भाषा में लिखे गए। डी.वी. कालेज उरई के सहायक आचार्य डा.सर्वेश शांडिल्य ने कहा कि संस्कृत साहित्य ने हमारे राष्ट्र में उत्तर से दक्षिण पूर्व से पश्चिम तक सांस्कृतिक एकता को बनाए रखने में अद्वितीय भूमिका निभाई है, जिन वैदिक ऋचाओं से उत्तर भारत में सभी संस्कार सम्पन्न यज्ञादि क्रियायें होते हैं। दक्षिण भारत में भी उन्हीं वैदिक ऋचाओं से सम्पन्न कराये जाते हैं यही विविधताओं में एकता संस्कृत साहित्य स्थापित करता है। प्रारम्भ में उत्तर प्रदेश संस्कृत संस्थानम्लखनऊ के प्रतिनिधि डा.रत्नेश त्रिवेदी ने राष्ट्रीय संगोष्ठी में विषय प्रवर्तन करते हुए कहा कि संस्कृत साहित्य ने भारत देश को सांस्कृतिक एवं सामाजिक एकता में सदियों से बांध रखा है। युवा पीढ़ी संस्कृत भाषा एवं साहित्य से दूर होती जा रही है। अतएव संगोष्ठी का उद्देश्य है युवा पीढ़ी संस्कृत भाषा एवं साहित्य से परिचित हो कर सांस्कृतिक विरासत को अक्षुण्ण बनाए रखने में मदद करें। राष्ट्रीय संगोष्ठी में प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांशधर द्विवेदी, अनीता, डा.मनोज कुमार, डा.रौशन सिंह, डा.दीपक पाठक, डा.प्रीति सीरोटिया आदि विद्वानों ने एवं आलोक तिवारी, गौरीश द्विवेदी, शिवा यादव, पुष्पेन्द्र, राधा झा आदि शोधार्थियों ने शोध पत्र प्रस्तुत किये। इस अवसर पर संस्कृत भारती की अध्यक्ष डा.जनककिशोरी शर्मा, राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व जिला कार्यवाह सजन कुमार शर्मा, प्रो.आशा साहू, प्रो.पंकज शर्मा, प्रो.अनिल सूर्यवंशी, हिमांशधर द्विवेदी, जितेन्द्र कुमार, अनीता, डा.मनोज कुमार, डा.रोशन सिंह, संस्कृत भारती की अध्यक्ष डा.जनक किशोरी शर्मा, राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के पूर्व जिला कार्यवाह सजन कुमार शर्मा, डा.सुधाकर उपाध्याय, डा.संजीव शर्मा, डा.सूबेदार सिंह, डा.शैलेन्द्रसिंह चैहान, डा.रामकुमार रिछारिया, डा.लक्ष्मीकांत मिश्रा, डा.अरिमर्दन सिंह, डा.विनीत अग्निहोत्री, संदीप श्रीवास्तव, डा.अनूप दीक्षित, डा.ऊषा तिवारी, डा.वर्षा साहू, डा.अभिलाषा साहू, डा.जगत कौशिक, डा.संतोष सिंह, इं.सौरभ श्रीवास्तव, इं.विपिन शुक्ला, डा.संतोष शुक्ला, डा.गीरेन्द्र सिंह, डा.दीपक यादव, डा.प्रीति सिरौटिया, डा.रेनू चंदेल, डा.रजनी चैबे, डा.बलराम द्विवेदी, अशेष नारायण द्विवेदी, फहीम बख्श, अंकित चैबे, धर्मेन्द्र यादव, हरीप्रसाद, जयंत चैबे, श्रीपत सिंह, गजेन्द्र यादव आदि उपस्थित रहे। संचालन डा.दीपक पाठक ने किया एवं अंत में प्राचार्य प्रो.ओमप्रकाश शास्त्री ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## निर्वाचन आयोग ने अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए किया आमंत्रित

**अयोध्या।** भारत निर्वाचन आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्यीय राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल, 2025 तक निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण अधिकारियों (ईआरओ), जिला निर्वाचन अधिकारियों (डीईओ) या मुख्य निर्वाचन अधिकारियों (सीईओ), जैसा भी मामला हो, के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए आपसी सहमति से निर्धारित सुविधाजनक समय पर राजनीतिक दलों के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत करने पर भी विचार कर रहा है। इससे पहले, पिछले सप्ताह हुए सम्मेलन के दौरान मुख्य निर्वाचन आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/संघ राज्य-क्षेत्रों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करने, ऐसी बैठकों में प्राप्त सुझावों को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर ही समाधान करने और आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट 31 मार्च, 2025 तक प्रस्तुत करने का आदेश दिया था। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत रूप से संबद्ध रखने के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। राजनीतिक दल संविधान और चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करने वाले सांविधिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से एक प्रमुख हितधारक हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में इस बात पर भी ध्यान दिलाया है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, निर्वाचक रजिस्ट्रीकरण नियम, 1960, निर्वाचनों का संचालन नियम, 1961, उच्चतम न्यायालय के आदेशों और आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किया है।

## सीतापुर में पत्रकार के हत्यारों को फांसी सजा की मांग



**ललितपुर।** सीतापुर में पत्रकार की जघन्य हत्या के मामले में जिले के पत्रकारों में आक्रोश पनपता जा रहा है। बुधवार को यू.पी. जर्नालिस्ट्स एसोशियेशन (उपजा) ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री को संबोधित एक ज्ञापन अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव को सौंपा है। ज्ञापन में उपजा ने पत्रकार के हत्यारों को फांसी की सजा और पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग को प्रमुखता से उठाया। ज्ञापन में आगे बताया गया कि सीतापुर में क्षेत्रीय संवाददाता राघवेन्द्र बाजपेयी की हत्या से ललितुपर जिले के पत्रकारों में काफी आक्रोश व्याप्त है। कहा कि देश की लोकतांत्रिक व्यवस्था में चैथा स्तम्भ कहलाने वाले पत्रकारों की इस प्रकार हत्या हो जाना कानून व्यवस्था पर भी प्रश्न चिह्न है। उन्होंने चार सूत्रीय मांगों को उठाते हुये हत्या की तत्काल जांच कराकर दोषियों की गिरफ्तारी किये जाने, हत्यारों को फांसी की सजा दिये जाने, मृतक आश्रित पत्नी को सरकारी नौकरी देकर पीड़ित परिवार को एक करोड़ रुपये का मुआवजा दिये जाने एवं प्रदेश में शीघ्र ही पत्रकार सुरक्षा कानून लागू किये जाने की मांग उठायी गयी। ज्ञापन देते समय जिला अध्यक्ष सूर्यकांत शर्मा, जिला मंत्री रामरतन राय, तहसील संरक्षक कन्हैयालाल विश्वकर्मा, वरिष्ठ उपाध्यक्ष शिखरचंद्र जैन, सुरेश कुमार कौंतेय, अजय प्रताप सिंह तोमर, द्वारिका प्रसाद रैकवार, धर्मसिंह कुशवाहा आदि मौजूद रहे।

# श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए योगी सरकार की नई पहल

जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने अयोध्या में श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए एक नई पहल शुरू की है। प्रमुख स्थानों पर डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे, जिससे श्रद्धालु राम मंदिर और हनुमानगढ़ी समेत अन्य मठ-मंन्दिरों के खुलने की टाइमिंग से लेकर उनकी दूरी तक आसानी से जान

- **प्रमुख स्थानों पर लगेंगे डिस्प्ले कियोस्क, अभी चार स्थानों पर लगेंगे**
- **मठ-मंन्दिरों के खुलने की टाइमिंग से लेकर दूरी तक की देंगे जानकारी**

सकेंगे।इस पहल के तहत, चार महत्वपूर्ण जगहों पर डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे, जिनमें रेलवे स्टेशन और एयरपोर्ट शामिल हैं। ये कियोस्क वास्तविक समय के अपडेट और निर्बाध कनेक्टिविटी सुनिश्चित करते हुए ऐतिहासिक, सांस्कृतिक और पर्यटन संबंधी जानकारी प्रदान करेंगे। श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद ने इस परियोजना को लागू करने के लिए काम शुरू कर दिया है। सफलता मिलने पर अन्य स्थानों पर भी डिस्प्ले कियोस्क लगाए जाएंगे। यह परियोजना अयोध्या के श्रद्धालुओं के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी। इस परियोजना के बारे में बात करते हुए श्री अयोध्या जी तीर्थ विकास परिषद के सीईओ संतोष शर्मा ने बताया कि ह्हमारा उद्देश्य अयोध्या के श्रद्धालुओं को एक सुविधाजनक और सूचनात्मक अनुभव प्रदान करना है। डिस्प्ले कियोस्क लगाने से श्रद्धालु आसानी से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपने यात्रा को अधिक सुविधाजनक बना सकेंगे।

यह परियोजना अयोध्या के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। डिस्प्ले कियोस्क पर्यटकों को अयोध्या के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी प्रदान करेंगे और उन्हें शहर के विभिन्न आकर्षणों के बारे में बताएंगे। योगी सरकार की यह नई पहल अयोध्या के श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक बड़ी सुविधा साबित होगी। यह परियोजना शहर के पर्यटन उद्योग को भी बढ़ावा देने में मदद करेगी। एक कियोस्क की ढाई लाख के करीब है।

कियोस्क पर एक टच स्क्रीन इंटरफेस होगा, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कियोस्क पर वॉइस कमांड की सुविधा भी हो सकती है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपनी आवश्यकताओं के अनुसार जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इसके अलावा कियोस्क पर एक क्यूआर कोड स्कैनर भी हो सकता है, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपने मोबाइल फोन के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। इंटरनेट कनेक्टिविटी की सुविधा होगी, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक ऑनलाइन जानकारी प्राप्त कर सकेंगे। कियोस्क पर एक पॉवर बैकअप सिस्टम होगा, जिससे बिजली कटौती की स्थिति में भी कियोस्क संचालित रहेगा।

कियोस्क पर एक सुरक्षा सिस्टम होगा, जिससे कियोस्क को नुकसान पहुंचाने वाले लोगों को रोका जा सकेगा। कियोस्क पर नियमित अपडेट किए जाएंगे, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक को नवीनतम जानकारी प्राप्त हो सकेगी।

**कियोस्क की खूबियाँ**

**1. वास्तविक समय के अपडेट: कियोस्क पर वास्तविक समय के अपडेट उपलब्ध होंगे, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अयोध्या के विभिन्न आकर्षणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।**

**2. ऐतिहासिक और सांस्कृतिक जानकारी: कियोस्क पर अयोध्या के ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व के बारे में जानकारी उपलब्ध होगी, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक शहर के बारे में अधिक जान सकेंगे।**

**3. मठ-मंदिरों की जानकारी: कियोस्क पर मठ-मंदिरों की जानकारी उपलब्ध होगी, जैसे कि उनके खुलने की टाइमिंग, दूरी और अन्य महत्वपूर्ण जानकारी।**

**4. निर्बाध कनेक्टिविटी: कियोस्क पर निर्बाध कनेक्टिविटी की सुविधा होगी, जिससे श्रद्धालु और पर्यटक अपने मोबाइल फोन या अन्य डिवाइस के माध्यम से जानकारी प्राप्त कर सकेंगे।**

**5. सुविधाजनक: कियोस्क श्रद्धालुओं और पर्यटकों के लिए एक सुविधाजनक साधन होगा, जिससे वे अयोध्या के विभिन्न आकर्षणों के बारे में जानकारी प्राप्त कर सकेंगे और अपने यात्रा को अधिक सुविधाजनक बना सकेंगे।**

## हेलमेट, सीट बेल्ट लगाने को किन्नरों ने किया जागरूक

बांदा। सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए परिवहन विभाग ने एक अनूठी पहल की शुरूआत की है। एआरटीओ प्रशासन शंकरजी सिंह ने लोगों को जागरूक करने के लिए किन्नर समाज के लोगों के सहयोग से शहर के व्यस्ततम बाबूलाल चैराहा, कालूकुआं चैराहा में वाहन चालकों को हेलमेट लगाने, तीन सवारी न बैठाने, शराब पीकर वाहन न चलाने, नाबालिग बच्चों से गाड़ी न चलवाने और चार पहिया वाहन चलाते समय सीट बेल्ट का उपयोग करने के लिए किन्नरों ने लोगों से अपील की। किन्नरों ने लोगों से कहा कि जब भी भाई बहन व पति घर से बाहर निकलें तो हेलमेट जरूर पहनें। इस दौरान बस चालकों की ब्रीथ एनालाइजर मशीन से जांच की गयी कि वह नशा कर तो वाहन नही चला रहे हैं। किन्नरों ने कहा कि किसी भी तरह का नशा कर वाहन न चलाएं, होली के त्योहार में अधिक सवारी न भरें और जीवन को सुरक्षित बनाएं। अभियान के दौरान एआरटीओ शंकरजी सिंह, पीटीओ रामसुमेर यादव, यातायात प्रभारी अनूप कुमार दुबे, सुनील सक्सेना सदस्य जिला दुर्घटना समिति के साथ किन्नर समाज से अंजना आदि है।

# प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता: एएन सार

जिला संवाददाता(vol)

**ललितपुर।** जिले में स्थापित बिजली निर्माण की सबसे बड़ी कंपनी ललितपुर पावर जेनरेशन कंपनी बजाज पावर प्लांट जिला में राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह का आयोजन किया गया

- **एलपीजीसीएल का 54 वां राष्ट्रीय संरक्षा सप्ताह का समापन**

जो 4 से 10 मार्च तक चला। इस राष्ट्रीय सुरक्षा सप्ताह की शुरूआत 4 मार्च को ध्वजारोहण एवं दीप प्रज्वलित कर तथा रक्तदान शिविर के साथ आरंभ की गई। पूरे सप्ताह लोगों में सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाने के उद्देश्य पूरे सप्ताह भर विभिन्न प्रकार के कार्यक्रम आयोजित किए गए, जिसमें सुरक्षा पोस्टर स्लोगन भाषण प्रतियोगिता फेस टू फेस प्रोग्राम हाउसकीपिंग, नुक्कड़ नाटक मंचन आदि कार्यक्रमों के अलावा पूरे सप्ताह प्लांट स्थित कार्य स्थल को कामगार मित्रों हेतु फायर सेफ्टी ट्रेनिंग डेमोंसट्रेशन एवं ऑन स्पोर्ट्स क्विज कंपटीशन जैसे कार्य किए गए एवं कामगारों को पुरस्कार वितरण किए गए। इस पूरे सप्ताह परिसर में कार्य करने वाले लोगों ने इस सुरक्षा सप्ताह मे सभी ने बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया एवं सुरक्षा के प्रति अपने दायित्वों और संकल्पों को दोहराया। पूरे सप्ताह चले इस कार्यक्रम के समापन पर मुख्य अतिथि कंपनी के सी.ई.ओ. ए.एन.सार ने कहा कि राष्ट्र निर्माण तभी संभव है, जब दुर्घटना को रोका जाए एवं निरंतर उस दिशा में प्रयास किया जाए।

उन्होने बताया कि प्लांट ऑपरेशन में सुरक्षा हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है इसलिए कार्यस्थल पर सुरक्षा से कोई समझौता ना हो भले ही कार्य पूर्ण होने में थोड़ा विलंब हो एवं समाज के प्रति जिम्मेवारियों के लिए अपनी प्रतिबद्धता को दोहराया। उन्होंने बताया की पिछले कई सालो से रक्तदान शिविर का आयोजन किया जाता है। शिविर में इस बार 78 युनिट रक्त का संचयन जिला ब्लड बैंक टीम के सहयोग से किया गया। उन्होने सभी रक्तदाताओं का आभार जताया। सुरक्षा सप्ताह मनाने का मुख्य उद्देश सभी में सुरक्षा संस्कृति का विकास करना। इस दौरान कंपनी के वरिष्ठ अधिकारी मनोज मेहता ने बताया कि कार्यस्थल पर सुरक्षित कार्य हेतु समझ, सहयोग समाधान एवं समर्पण भाव से कार्य करना चाहिए जिससे दुर्घटनाओं के रोकथाम में मदद हो सके। इसी क्रम में आलोक श्रीवास्तव ने बताया कि दुर्घटनाओं को काम के सही तरीके से दूर किया जा सकता है। सुरक्षा विभाग अध्यक्ष पीके सिंह ने विभाग द्वारा सुरक्षा हेतु पूरे साल में किए गए कार्यों का विवरण प्रस्तुत किया एवं सफल आयोजन हेतु सभी का आभार व्यक्त किया। कार्यक्रम में पावर प्लांट में कार्यरत सभी अधिकारी कर्मचारी कामगारों के अलावा महिला मैत्री क्लब के सदस्य एवं बच्चों ने भाग लिया एवं इस मौके पर विभिन्न प्रतियोगिताओं में विजेताओं को मुख्य अतिथि द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया।

# चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत बनाने के लिए पार्टी अध्यक्षों व वरिष्ठ नेताओं से बातचीत करेगा चुनाव आयोग

जिला संवाददाता(vol)

ललितपुर। भारत निर्वाचन आयोग नई दिल्ली ने प्रेस नोट जारी कर कानूनी ढांचे के भीतर चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पार्टी अध्यक्षों और वरिष्ठ नेताओं को बातचीत के लिए आमंत्रित किया। चुनाव आयोग ने सभी राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल,

- **राष्ट्रीय और राज्य राजनीतिक दलों से 30 अप्रैल 2025 तक अनसुलझे मुद्दों पर सुझाव आमंत्रित**

2025 तक ईआरओ, डीईओ या सीईओ के स्तर पर किसी भी अनसुलझे मुद्दे के लिए सुझाव आमंत्रित किए हैं। आज राजनीतिक दलों को जारी एक व्यक्तिगत पत्र में, आयोग ने स्थापित कानून के अनुसार चुनावी प्रक्रियाओं को और मजबूत करने के लिए पारस्परिक रूप से सुविधाजनक समय पर पार्टी के अध्यक्षों और वरिष्ठ सदस्यों के साथ बातचीत की परिकल्पना की है।

इससे पहले, पिछले सप्ताह ईसीआई सम्मेलन के दौरान मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने सभी राज्यों/केंद्र शासित प्रदेशों के सीईओ, डीईओ और ईआरओ को निर्देश दिया था कि वे राजनीतिक दलों के साथ नियमित बातचीत करें, ऐसी बैठकों में प्राप्त किसी भी सुझाव को पहले से मौजूद कानूनी ढांचे के भीतर हल करें और 31 मार्च, 2025 तक आयोग को कार्रवाई रिपोर्ट प्रस्तुत करें। आयोग ने राजनीतिक दलों से विकेंद्रीकृत जुड़ाव के इस तंत्र का सक्रिय रूप से उपयोग करने का भी आग्रह किया। संविधान और वैधानिक ढांचे के अनुसार आयोग द्वारा पहचाने गए 28 हितधारकों में से राजनीतिक दल प्रमुख हितधारकों में से एक हैं, जो चुनावी प्रक्रियाओं के सभी पहलुओं को कवर करते हैं। आयोग ने राजनीतिक दलों को लिखे अपने पत्र में यह भी उल्लेख किया है कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1950 और 1951, मतदाताओं का पंजीकरण नियम 1960, चुनाव संचालन नियम 1961, माननीय सर्वोच्च न्यायालय के आदेश और भारत के चुनाव आयोग द्वारा समय-समय पर जारी किए गए निर्देश, मैनुअल और हैंडबुक (ईसीआई वेबसाइट पर उपलब्ध) ने स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए एक विकेन्द्रीकृत, मजबूत और पारदर्शी कानूनी ढांचा स्थापित किया है।

## धूम्रपान निषेध दिवस पर दिलायी शपथ



**ललितपुर।** राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अन्तर्गत धूम्रपान निषेध दिवस (नो स्मोकिग डे) के अवसर पर कार्यालय सभागार में जन जागरूकता, सम्वेदीकरण कार्यशाला का आयोजन किया गया है। जिसमें सीएमओ डा.इम्तियाज अहमद ने सभी को शपथ दिलाई की हम आज से किसी भी प्रकार का तम्बाकू उत्पाद का सेवन नहीं करेंगे, ना ही करने देगे तम्बाकू धूम्रपान से होने वाली हानि से युवाओं को जागरूक करेंगे। तम्बाकू धूम्रपान विरोधी महाअभियान को सफल बनाने मे पूर्ण निष्ठा के साथ सहयोग करेंगे। कार्यक्रम के अन्तर्गत हस्ताक्षर अभियान भी चलाया गया, जिसमें नोडल अधिकारी राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा.अमित तिवारी द्वारा कार्यशाला मे उपस्थित समस्त चिकित्सकों को निर्देशित किया गया कि मरीजों को तम्बाकू उत्पाद के सेवन से होने वाले दुष्परिणामों के बारे मे जानकारी देकर उन्हे इसे छोड ? के लिये प्रेरित करे। जनपद सलाहकार राष्ट्रीय तम्बाकू नियंत्रण कार्यक्रम डा.रूद्रप्रताप सिह बुन्देला ने कोटपा एक्ट 2003 के बारे मे विस्तृत जानकारी देते हुए बताया कि अधिनियम धारा 4 के अन्तर्गत सार्वजनिक स्थानों पर धूम्रपान करना अपराध है। उक्त कार्यक्रम जनपद की समस्त स्वास्थ्य इकाईयों पर आयोजित किया गया, जिसमें तम्बाकू से होने वाली जानलेवा बीमारियों एवं दुष्परिणामों बारे में प्रचार-प्रसार करते हुए पूर्ण जानकारी दी गयी।

## उज्जवला लाभार्थियों को हुआ सब्सिडी वितरण



**ललितपुर।** मुख्यमंत्री की अध्यक्षता में लखनऊ स्थित लोक भवन सभागार में प्रदेश के उज्जवला लाभार्थियों को निरूशुल्क सिलेण्डर रिफिल की सब्सिडी वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया, जिसका सजीव प्रसारण जनपद में 12 मार्च 2025 को ही पूर्वान्ह 10 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में एल.ई.डी.,प्रोजेक्टर टी.वी. द्वारा कराया गया है। उपरोक्त कार्यक्रम में मुख्य अथिति राज्यमंत्री मनोहर लाल, विधायक रामरतन कुशवाहा, शिक्षक विधायक प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी एवं जिलाधिकारी अक्षय त्रिपाठी उपस्थित रहे। इसके अतिरिक्त प्रधानमंत्री उज्जवला योजनान्तर्गत 100 लाभार्थियों को आमंत्रित कर सजीव प्रसारण कार्यक्रम सम्पादित कराया गया। कार्यक्रम समापन के उपरांत उपस्थित समस्त लाभार्थियों को राज्यमंत्री, विधायक एवं जिलाधिकारी के साथ डीएसओ ने सब्सिडी का प्रतीकात्मक चेक रामदेवी, शिवजा, भागवती, उर्मिला, सावित्री, कुसुमदेवी, रमेशरा वारी, संगीता, नाजरीन, भागवती, नीता, सुन्दरबाई, शारदा आदि लाभार्थियों को वितरित किये गये। अन्त में राज्यमंत्री एवं विधायक द्वारा सम्बोधन किया गया। डीएसओ ने सभी का आभार व्यक्त किया।

## कम्प्यूटर की दुकान में चोरी का मामला दर्ज

ललितपुर। तालबेहट क्षेत्र के ग्राम थानागांव में रहने वाले धर्मेन्द्र प्रजापति पुत्र सुरेश प्रजापति ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि विगत 7 माह पहले से वह तहसील तालबेहट के सामने लोहे के डिब्बे में कम्प्यूटर की दुकान का संचालन करता आ रहा है। बताया कि 10 मार्च की शाम करीब 7.30 बजे वह अपनी दुकान का ताला लगाकर घर चला गया। अगले दिन 11 मार्च को जब वह सुबह 10.30 बजे दुकान पहुंचा तो उसकी दुकान का शटर एक फुट खुला हुआ था। उसने शटर उठाकर देखा तो उसके डिब्बे में रखा एक लैपटॉप, प्रिंटर, इनवर्टर एवं लेमीनेशन मशीन इत्यादि गायब थे, इन सभी की कीमत करीब 70 हजार रुपये होती है। पीड़ित ने बताया कि उसके लैपटॉप में दो जीमेल एकाउण्ट भी ओपिन हैं। पीड़ित की तहरीर पर पुलिस ने मामला दर्ज कर विवेचना शुरू कर दी।

## रूद्राक्ष समाचार समूह कार्यालय का शुभारंभ




**बांदा।** दैनिक रूद्राक्ष समाचार समूह के मंडल कार्यालय का उप निदेशक सूचना राममनोहर त्रिपाठी और संपादक पंकज दीक्षित ने दीप प्रज्वलित कर उद्घाटन किया। कार्यक्रम की मुख्य अतिथि नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू रहीं। रूद्राक्ष समाचार समूह लखनऊ से प्रकाशित तीन समाचारों का समूह है जिसमें संपादक पंकज दीक्षित हैं। इन समाचार पत्रों में रूद्राक्ष समाचार, अवध टुडे व हरित शक्ति शामिल हैं। सुभारंभ के दौरान पत्रकार भगत सिंह ने पत्रकारिता के अनुभवों को साझा किया। सुनील सक्सेना ने पत्रकारों की समस्याओं के बारे में चर्चा की इस अवसर पर जिला सूचना अधिकारी रामजी दुबे, अतिरिक्त जिला सूचना अधिकारी शारदा निषाद के अलावा पत्रकार राजेश पांडेय, शिवकांत अवस्थी, राजेन्द्र मिश्रा, अवधेश द्विवेदी, राजेन्द्र मिश्रा, नवीन मिश्रा, राजाबाबू दुबे, कुलदीप त्रिपाठी, अनवर रजा, पंकज शुक्ला, मदन गुप्ता, संदीप दीक्षित, फतेहपुर से उमेश तिवारी, रूपा गोयल, रजनी द्विवेदी, संध्या धुरिया व बड़ी संख्या में स्थानीय पत्रकार मौजूद रहे।

## धोखाधड़ी के आरोप में फ्रेंचाइजी मैनेजर गिरफ्तार

*बांदा।* कमासिन पुलिस ने 60 हजार रुपये बॉण्ड की धोखाधड़ी कर रुपये निकालने वाले बैंक फ्रेंचाइजी मैनेजर को गिरफ्तार किया है। कमासिन थाना क्षेत्र ग्राम पछौहां निवासी प्रेमसागर पांडेय ने 22 मई 2024 को थाने में सूचना दी कि उसने 7 दिसंबर 2017 को सहारा इंडिया बैंक फ्रेंचाइजी शाखा कमासिन से 16-16 हजार रुपये के तीन बॉण्ड और एक बॉण्ड 12 हजार रुपये का खरीदा था। सहारा इंडिया बैंक फ्रेंचाइजी शाखा कमासिन के बैंक मैनेजर जगदीश प्रसाद यादव ने बीती 10 जनवरी 2019 को फर्जी तरीके से निकाल लिया। इस संबंध में थाना कमासिन में अभियोग पंजीकृत कर विवेचनात्मक कार्रवाई करते हुए आरोपी की गिरफ्तारी के प्रयास किए जा रहे थे। पुलिस जानकारी के आधार पर आरोपी को प्रयागराज से गिरफ्तार कर लिया। बताते चलें कि आरोपी जगदीश प्रसाद यादव पुत्र चुनुबाद यादव निवासी कुम्हेड़ा सानी थाना कमासिन के विरूद्ध पहले भी धोखाधड़ी व गबन के मामले दर्ज हैं और वह जेल भी जा चुका है तथा इस समय जमानत पर बाहर है। कमासिन पुलिस ने धारा 408, 406, 420 के तहत दर्ज रिपोर्ट के आधार पर गिरफ्तारी की है।

## मंत्री, आयुक्त, डीएम ने 145829 को बांटी सब्सिडी



**बांदा।** प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत बुधवार को जलशक्ति राज्य मंत्री रामकेश निषाद, आयुक्त अजीत कुमार, डीएम जे0 रीभा व अन्य जन प्रतिनिधियों की मौजूदगी में 145829 पात्र परिवारों को सब्सिडी वितरित की गयी। होली के अवसर पर खुशियों के उपहार के रूप में प्रदेशवासियों को प्रधानमंत्री उज्वला योजना के तहत 1890 करोड़ की धनराशि से प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवारों को गैस सिलेण्डर रिफिल सब्सिडी का वितरण मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने लोक भवन सभागार से किया। इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार ने उज्वला योजना के तहत पात्र महिला लाभार्थियों व गण्यमान लोगों के बीच किया गया।

जलशक्ति राज्य मंत्री ने कहा कि पीएम उज्वला योजना के तहत केन्द्र व प्रदेश सरकार गरीब और वंचित बचे लाभार्थियों को मुफ्त गैस सिलेण्डर होली के त्योहार पर देने का कार्य किया जा रहा है। कहा कि 145829 लाभार्थियों को उनके खाते में फ्री उज्वला गैस सब्सिडी 511 रुपये प्रति लाभार्थी ऑनलाइन के जरिए दी जाएगी।

कार्यक्रम में नगर पालिका अध्यक्ष मालती गुप्ता बासू, मुख्य विकास अधिकारी वेद प्रकाश मौर्य, अपर आयुक्त प्रशासन अमर पाल सिंह, जिला पूर्ति अधिकारी उबैदुर रहमान, महिला लाभार्थी व लोग उपस्थित रहे।

# चैंपियन टीम इंडिया

टीम इंडिया ने एक बार फिर अपनी एकजुटता और पराक्रम का लोहा मनवाया। नौ महीने पहले टी-20 विश्व कप जीता था और अब चैंपियंस ट्रॉफी। एक साल के अंदर दो बार विश्व स्तरीय खिताबी जीत वह भी बिना एक भी लीग मैच हारे, यह साबित करती है कि हमारी टीम दुनिया की सर्वश्रेष्ठ क्रिकेट टीम है और वह किसी भी परिस्थिति या चुनौती का सामना करने में सक्षम है। टीम इंडिया एक बार फिर चैंपियन बनी है और तीसरी बार चैंपियंस ट्रॉफी जीतने वाली इकलौती टीम है। यह जीत भी विश्व चैंपियन के बराबर है, क्योंकि टीम इंडिया ने आईसीसी टूर्नामेंट में खिताबी जीत हासिल की है। जून, 2024 में टीम इंडिया ने टी-20 विश्व कप जीता था। उसके करीब 9 माह बाद फिर हम विश्व चैंपियन बने हैं। दोनों ही बार टीम अजेय रही है। टीम 2023 के एकदिनी विश्व कप में भी अजेय रहकर फाइनल में पहुंची। दुर्भाग्य से फाइनल में हम ऑस्ट्रेलिया से हमारी टीम पराजित हो गयी, लेकिन क्रिकेट की खासियत है। टीम इंडिया न तो प्रतिशोध लेती है और न ही पुराने स्कोर तय करती है। वह पेशेवर और रचनात्मक क्रिकेट खेलते



हुए आज एकदिनी और टी-20 क्रिकेट की सर्वश्रेष्ठ टीम बन गयी है। भारत के रोहित शर्मा, शुभमन गिल और विराट कोहली एकदिनी क्रिकेट के विश्व में, क्रमशः नंबर 2, 3, 4 स्थान के खिलाड़ी हैं। आईसीसी के एकदिनी टूर्नामेंट में रोहित ने कुल 68 छक्के मारे हैं और वह सिरमौर बने हुए हैं। क्रिकेट में वह कुल 345 छक्के उछाल चुके हैं। पाकिस्तान के शाहिद आफरीदी ही उनसे कुछ आगे हैं। रोहित और विराट ऐसे खिलाड़ी हैं, जिन्होंने क्रमशः 11,000 और 14,000 से अधिक रन एकदिनी क्रिकेट में बनाये हैं और अब भी वे खेल रहे हैं। सिर्फ सचिन तेंदुलकर का 18,000 से ज्यादा रनों का पहाड़ विराट को पार करना है। अलबत्ता वह सचिन के रिकॉर्ड लगातार तोड़ते जा रहे हैं। इन दोनों खिलाड़ियों ने ही आईसीसी टूर्नामेंट के 9 फाइनल खेल कर भी विश्व कीर्तिमान रचा है। बेशक दोनों बल्लेबाज बीते कुछ मैचों के दौरान नाकाम रहे थे, लिहाजा सांसदों तक ने सवाल उठाने शुरू कर दिए थे कि आखिर उन्हें कब तक मौके दिए जाते रहेंगे? चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल ने साबित कर दिया कि रोहित हमारे सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाजों में एक हैं और विराट कोहली ने फाइनल तक पहुंचाने में महत्वपूर्ण पारियां खेलीं। विराट ने इस प्रतियोगिता में एक शतक समेत 200 से अधिक रन बनाए। वह 7 बार आईसीसी टूर्नामेंट में 'प्लेयर ऑफ दि मैच' का अवार्ड भी हासिल कर चुके हैं। सचिन 10 ऐसे अवार्ड और रोहित 8 अवार्डों के साथ उनसे आगे हैं। करीब 36 साल की उम्र में विराट की मैदान पर फिटनेस और फुर्ती देखने लायक है। यकीनन यह रोहित शर्मा की टीम इंडिया की शानदार, असाधारण जीत है। भारत की झोली में 7 आईसीसी खिताब हैं। बेशक यह दुर्लभ जीत है, जो 12 साल के लंबे इंतजार के बाद हासिल हुई है। अब विश्व क्रिकेट की इबारत ऑस्ट्रेलिया, इंग्लैंड या वेस्टइंडीज की टीमें नहीं, टीम इंडिया लिखती है। चैंपियंस ट्रॉफी के दौरान चार स्पिनर गेंदबाज खिलाने का प्रयोग सफल रहा। नये दौर की चौकड़ी-वरुण चक्रवर्ती, कुलदीप यादव, रवीन्द्र जडेजा और अक्षर पटेल-ने 1960 और 80 के दशक की प्रसन्ना, बेदी, चंद्रशेखर, वेंकटराघवन नामक प्रहारक और कुल 853 विकेट लेने वाली चौकड़ी की यादें ताजा कर दीं। फाइनल मैच में वह टर्निंग प्वाइंट साबित हुआ, जब कुलदीप ने प्लेयर ऑफ दि टूर्नामेंट रचिन रवीन्द्रन और महान बल्लेबाज केन विलियम्सन की लगातार दो ओवर में गिल्लियां बिखेर दीं। टीम इंडिया के लिए श्रेयस अय्यर मध्यक्रम की बल्लेबाजी के नये हीरो बनकर उभरे हैं। उनके साथ अक्षर पटेल ने खूबसूरत पारियां खेल कर मैच बचाया भी और उसे जीता भी है। महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने यह भी भविष्यवाणी की थी कि मैच बीच में जाकर फंस सकता है। ऐसा हुआ भी, जब टीम इंडिया के 3 शीर्ष बल्लेबाज 17 रनों के अंतराल पर आउट हो गए। इस अग्नि-परीक्षा में भी टीम इंडिया सफल रही और मैच जीत कर खिताब देश के नाम किया। बहरहाल टीम इंडिया के लिए यह संक्रमण-काल है, जब शीर्ष खिलाड़ी पुराने हो चुके हैं और उभरते खिलाड़ियों को आजमाया जा रहा है। वे कसौटी पर चैंपियन की तरह खरे उतर रहे हैं। यह भारतीय क्रिकेट के स्वर्णिम भविष्य का संकेत है।

---

विचार

जो जीवों की हिंसा करता है, वह आर्य नहीं होता, सभी जीवों के प्रति अहिंसा का भाव रखने वाला ही आर्य कहलाता है।

-गौतम बुद्ध.

जिस कर्म में भोगने की कामना होती है, जो अहंकार से किया जाता है तथा जो बहुत प्रयास से होता है, वह राजस कर्म है।

-गीता.

इस जगत में कोई संबंध नित्य नहीं है, अपनी देह का भी नहीं। तब स्त्री-पुरुष का साथ सदा नहीं रहेगा, यह क्या कहने की आवश्यकता है?

-महर्षि वेदव्यास.

अहिंसा में इतनी ताकत है कि वह विरोधियों को मित्र बना लेती है और उनका प्रेम प्राप्त कर लेती है।

-महात्मा गांधी.

जो मेरा धन चुराता है वो मेरी सबसे तुच्छ वस्तु ले जाता है।

-शेक्सपियर.

# कौन रोकेगा राजनीति का अपराधीकरण

राधा रमण

चिंतन



इतिहास गवाह है कि जनता जिस तेजी से किसी को सिर पर बैठाती है, जायज वजह मिलने पर उससे दूनी गति से सत्ता से च्युत भी कर देती है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र लोकलाज से चलता है न कि हठधर्मिता से। हमारे नेताओं को यह बात समझनी ही होगी।

वैसे तो देश की राजनीति में 1957 के चुनाव में ही बूथ कैप्चरिंग की पहली वारदात बिहार के मुंगेर जिले (अब बेगुसराय जिला) के मटिहानी विधानसभा चुनाव में हो गई थी। उस समय दबंगों ने जबर्दस्ती बूथ पर कब्जा कर अपने पक्ष में लोगों के वोट डलवा लिए थे। हालांकि उस काले अध्याय की चर्चा आज तक होती है, लेकिन बाद के दिनों में बूथ कैप्चरिंग की वारदातें लगातार बढ़ती गईं। राजनीति जिसकी लाठी, उसकी भैंस सरीखी हो गई। राजनीति में अपराधियों के पदार्पण की मूल वजह भी यही है। अन्यथा आजादी के बाद की राजनीति इतनी खराब नहीं थी। सियासत के क्षेत्र में अच्छे लोग सक्रिय थे जो समाज का भला-बुरा सोचते थे। पूर्व प्रधानमंत्री चौधरी चरण सिंह अक्सर कहा करते थे कि बेटी की शादी अगर गलत घर में हो जाए तो परिवार बर्बाद हो जाता है, लेकिन वोट अगर गलत व्यक्ति को मिल जाए, तो समाज खराब हो जाता है।

क्या आज की राजनीति को आप अच्छी और आज के समाज को आप अच्छा समाज कहना चाहेंगे? पिछले करीब चार दशक से राजनीति के अपराधीकरण को लेकर सभी दलों के नेता हो-हल्ला मचाते रहे हैं। संसद और विभिन्न राज्यों की विधानसभाओं में भी यह मसला सिर चढ़कर बोलता रहा है। लेकिन सही बात तो यह है कि नेता खुद भी नहीं चाहते कि राजनीति साफ-सुथरी हो। राजनीति को समाज सेवा का दर्जा दिया गया है लेकिन आजादी के बाद से हमारे समाज सेवकों की सम्पत्ति में अकूत वृद्धि हुई है। अगर, मेरी बात पर भरोसा न हो तो सरकार किसी न्यायिक आयोग से सभी नेताओं की जो किसी सदन के सदस्य रहे हों, उनकी सम्पत्ति की जांच क्यों नहीं करा लेती। दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा। एक बार विधायक या सांसद क्या बन गए, नेताओं की सम्पत्ति रॉकेट की रफ्तार से बढ़ जाती है। मंत्रियों का तो कहना ही क्या! हद तो यह कि समाज सेवा के नाम पर उन्हें टैक्स में छूट भी मिलती है। सांसद-विधायक जब चाहते हैं, अपनी तनख्वाह में मनचाही वृद्धि कर लेते हैं। आज तक इस मामले में किसी सदन में कभी विरोध की बात नहीं देखी-सुनी गई। गजब तो यह कि यदि कोई व्यक्ति लोकसभा, राज्यसभा, विधानसभा और विधान परिषद चारों सदनों का सदस्य रहा हो तो किसी सदन की सदस्यता नहीं रहने पर वह चारों सदनों के एक साथ पेंशन का हकदार हो जाता है। जबकि निजी सेक्टर में काम करनेवाले और जीवन खपाने वाले लोग बुढ़ापे में पाई-पाई के मोहताज हो जाते हैं। आज भी लालू प्रसाद और आनन्द मोहन जैसे न जाने कितने लोग सजायाफ्ता होने के बावजूद प्रतिमाह लाखों रुपये पेंशन के ले रहे हैं। इस मामले में राजनीतिक दलों में गजब की एकता है। हमाम में सभी नंगे हैं वाली उक्ति यहां पूरी तरह चरितार्थ होती है।

हाल ही में सजायाफ्ता सांसदों, विधायकों समेत अन्य नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध लगाने संबंधी जनहित याचिका पर केन्द्र सरकार द्वारा दिया गया हलफनामा गौर करने लायक है। याचिका भारतीय जनता पार्टी के सक्रिय सदस्य वरिष्ठ अधिवक्ता अश्विनी उपाध्याय ने सुप्रीम कोर्ट में दाखिल की थी। इस पर सरकार का कहना है कि याचिका में जो अनुरोध किया गया है, वह संविधान को फिर से लिखने या संसद को एक विशेष तरीके से कानून बनाने का आदेश देने जैसा है, जो न्यायिक समीक्षा संबंधी उच्चतम न्यायालय की शक्तियों से पूरी तरह परे है। इस तरह की योग्यता तय करना केवल संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है।

सरकार द्वारा शीर्ष अदालत में दाखिल हलफनामे में कहा गया है कि आजीवन प्रतिबंध लगाना उपयुक्त होगा या नहीं, यह पूरी तरह संसद के अधिकार क्षेत्र में आता है। दंड के क्रियान्वयन को एक उपयुक्त समय तक सीमित कर, रोकथाम सुनिश्चित की गई है और अनावश्यक कठोर कार्रवाई से बचा गया है। सरकार ने कहा कि यह कानून का स्थापित सिद्धांत है कि दंड या तो समय या मात्रा के अनुसार निर्धारित होते हैं। सरकार ने अपने हलफनामे में कहा कि अदालत ने निरंतर यह कहा है कि एक विकल्प या दूसरे पर विधायी विकल्प की प्रभावकारिता को लेकर अदालतों में सवाल नहीं उठाया जा सकता। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 8 (1) के तहत, अयोग्यता की अवधि दोषसिद्धि की तारिख से छह साल या कारावास के मामले में रिहाई की तारीख से छह साल तक है। जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 11 के तहत चुनाव आयोग के पास ताकत है कि वह किसी मामले में इस अवधि को कम या पूरी तरह हटा सकता है। धारा 8 कहती है कि किसी विधायक या सांसद को दो साल या उससे अधिक की सजा होती है तो वह सजा पूरी करने के बाद छह साल तक चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसी तरह धारा 9 में प्रावधान है कि भ्रष्टाचार अथवा देश के प्रति अविश्वास के लिए बर्खास्त सरकारी अधिकारी या कर्मचारी को 5 साल तक अयोग्य घोषित किया जाता है।

बहरहाल, सुप्रीम कोर्ट ने दो हफ्ते में चुनाव आयोग से ऐसे दागी नेताओं की लिस्ट मांगी है जिन पर से आयोग ने चुनाव लड़ने से बैन के पीरियड को कम कर दिया था या हटा दिया था। साथ ही, याचिकाकर्ता अश्विनी उपाध्याय से कहा है कि वह चुनाव आयोग से जानकारी मिलने के दो हफ्ते के भीतर अपना जवाब दाखिल करें। अश्विनी उपाध्याय ने 2016 में ही यह याचिका दाखिल की थी, लेकिन सरकार की हीलाहवाली और टालमटोल रवैये के कारण मामला अभी तक परिणति तक नहीं पहुंच पाया है।

सवाल उठता है कि जो सरकार मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में सुप्रीम कोर्ट की बड़ी बेंच के उस फैसले को अध्यादेश के जरिये पलट देने की सामर्थ्य रखती हो, जिसमें मुख्य चुनाव आयुक्त की नियुक्ति में प्रधानमंत्री, नेता प्रतिपक्ष और सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश की सहभागिता को अपरिहार्य माना गया था। उस सरकार को सजायाफ्ता नेताओं के चुनाव लड़ने पर आजीवन प्रतिबंध से इतनी दिक्कत क्यों हो रही है? क्या सरकार ऐसा नहीं चाहती कि राजनीति से अपराधियों का सफाया हो अथवा सरकार में बैठे लोग कहीं अपने भविष्य को लेकर आशंकित तो नहीं हैं। नेताओं को यह कदापि नहीं भूलना चाहिए कि देश की जनता यह सब देख रही है। इतिहास गवाह है कि जनता जिस तेजी से किसी को सिर पर बैठाती है, जायज वजह मिलने पर उससे दूनी गति से सत्ता से च्युत भी कर देती है। भारत दुनिया का सबसे बड़ा लोकतांत्रिक देश है और लोकतंत्र लोकलाज से चलता है न कि हठधर्मिता से। हमारे नेताओं को यह बात समझनी ही होगी।

सोशल मीडिया

मॉरीशस में गंगा तलाओ में वापस आना बहुत भावुक अहसास था, अपने पवित्र पानी के पास खड़े होकर, कोई भी गहरे आध्यात्मिक संबंध महसूस कर सकता है, जो सीमाओं को पार करता है। पीएम मोदी.



## फागुन में चंदे की कालिख

व्यंग्यलोक

रामखेलावन काका ने चौपाल पर खैनी ठोकते हुए कहा देखिए! चंदे के फंदे में मत उलझिए यह फागुन है रंग और मस्ती का मौसम है। काहे को काले चंदे से अपना मुँह कला कर रहे हैं। अबकी सब गिले शिकवे भूल कर गले मिल जाइए। रंग उड़ाइए और गुलाल लगाइए। क्योंकि होली में रंगों में रंग मिल जाते हैं और दिल से दिल खिल जाते हैं फिर आपका काला चंदा कहाँ दिखेगा। फिर देर किस बात की रंग में भंग चढ़ाइए और होली की मस्ती में डूब जाइए। दैव संयोग से इस बार की होली भी कुछ खास होगी। एक तरफ फागुन के रंग होंगे दूसरी तरफ चुनावी रंग। दोनों रंग जब एक साथ मिलेंगे तो नया रंग बनेगा। आजकल राजनीति और राजनेता रंगीन हो चले हैं। क्योंकि यह चुनावों का मौसम है। वे गिरगिट से भी तेज रंग बदलने लगे हैं। फिर फागुन में हम चंदे की कालीख से अपना मुँह क्यों काला करने पर तुले हैं। रामगोपाल ने अखबार में छपी चुनावी चंदे की खबर पर रामखेलावन काका को आखिरकार छेड़ ही दिया। काका आजकल चंदे की खूब चर्चा है। अरे भईया! यह सब राजनीति का खेल है। हमारे झोपडी में जो वोट माँगने आएंगे वहीं चंदा भी मांगते हैं। चुनावी बांड का मतलब कानूनी घूस है। पहले यह घूस खुले आम चोरी-चोरी चुपके-चुपके लिए जाते थे लेकिन बाद में इस पर चुनावी बांड का कानूनी लिफाफा चढ़ा दिया गया। जो कल तक कालेधन को कानूनी तरीके से सफेद कर नेताजी और उनकी पार्टी को चुनावी चंदा के रूप में दे रहे थे। वे ही कालेधन को बांड के जरिए सफेद करने में लगे थे। लेकिन भला हो कोरट का जिसने दूध का दूध और पानी का पानी कर दिया। देखिए! रामगोपाल जी, वैसे भी हमारे देश में चंदा एक धंधा और अपन लोगों का जन्मसिद्ध अधिकार है। यह एक ऐसा धंधा है जो कभी मंदा नहीं पड़ता। हम चंदे के लिए जीते हैं और चंदे के लिए मरते हैं। हमारे यहाँ जितने भी काम होते हैं बगैर चंदे के नहीं होते हैं। चंदा मांगना एक लोकतांत्रिक अधिकार है। हम लोग भी चंदा मांगते आए हैं। अब देखिए, होली का त्यौहार करीब है। अपने मोहल्ले में चंदे वाले गिरोह फनफनाने लगे हैं। चंदा हमारी जिंदगी का एक फंडा बन गया है। अब जिसकी जितनी औकात है चंदा उसी के हिसाब से मिलता है। चंदा भी हिसाब से ही दिया जाता है, जितना काम बनता, उतना चंदा नेताजी के नाम। बस यही हिसाब। कभी -कभी चंदा देने वाले से अहम चंदा लेने वाला हो जता है। हम चंदा के लिए मरते और चंदा के लिए जीते हैं। चंदा हमारे जिंदगी का अहम हिस्सा है। फिर चंदे की बात छोड़िए, अब यह बात पुरानी है। नए दौर की राजनीति में आओ फिर से लिखे नई कहानी हम। बुरा न मानो होली है, हम चुनावों में हमजोली हैं।

# होली पर झरने लगती है गीतों की मस्ती



होली पर विशेष

होली की मस्ती रसभरे रसिया और शरारत भरे फगुआ गीतों का पर्याय होती है। वैसे भी कहते हैं, 'उल्लास में होठों से कविता फूट ही पड़ती है।' इसलिए यह संयोग नहीं है कि फागुन की आहट पाते ही यूपी बिहार से, गुजरात महाराष्ट्र तक और पंजाब-हरियाणा से सुदूर केरल-तमिलनाडु तक हवा में रंग-बिरंगे-बिरंगे शब्दों की मस्ती झरने लगती है। हवा में मादकता भरने लगती है और भावनाएं अंगड़ाई लेने लगती है। चूंकि किसी न किसी रूप में होली की मस्ती समूचे भारत में देखने को मिलती है, भले इनके नाम अलग अलग हों, जश्न के तरीके अलग अलग हों, लेकिन कश्मीर से लेकर कन्याकुमारी तक हर जगह होली मनाई जाती है और हर जगह होली की इस मस्ती को वहां की स्थानीय भाषा और साहित्य में भरपूर अठखेलियां करते देखा जाता है। इसीलिए भारत में किसी भी त्यौहार के मुकाबले होली का साहित्य सबसे समृद्ध है। इसीलिए फागुन शुरू होते ही हवा में होली के विशेष फाग गीत सरसराने लगते हैं। आइए देखते हैं देश के अलग अलग क्षेत्रों में ये फाल्गुनी गीत कैसे कैसे रंग-रूप लिए होते हैं।



**उत्तर भारत में उमगते हैं रसिया और फाग**

ब्रज, अवधी, भोजपुरी और मैथिली भाषाओं और बोलियों को तो मानो पूरे साल फागुन का ही इंतजार रहता है। फागुन की प्रतिपदा से ही इन इलाकों में फाग और रसिया गीतों का श्री गणेश हो जाता है जो होली के बाद चैत्र माह की पापमोचनी एकादशी तक चलते हैं। इस दिन जाकर ढोल मजीरे रखे जाते हैं। देश के ब्रज क्षेत्र (उत्तर प्रदेश और राजस्थान के कुछ हिस्से) में होली पर विशेष रूप से राधा-कृष्ण के प्रेम और उनके रंग-रास को चित्रित करने वाले ये फाग और रसिया गीत प्रसिद्ध हैं- 'खेलत हरी संग सकल ग्वालन, रंग गुलाल उड़ाय रे।', 'उड़े गुलाल लले लाल रे, रसिया खेले होली।', जबकि भोजपुरी में 'फगुआ में हरजाई भउजी, भौजी के भैया बिगड़लन।', 'जोगीरा सा रा रा रा, अरे फगुआ में सब खेलें फगुआ।' अवधी और भोजपुरी मिश्रित अवधी में गूंजते हैं, 'होली खेलें रघुवीरा अवध में..', 'खेले मसाने में होली दिगंबर, खेले मसाने में होली।' राजस्थान के मेवाड़ इलाके में मांड और गोरबंद लोकशैलियों गूंजते हैं- ह्यगोरी का छेड़ो रे मारी रे पिचकारी, रंग रंगीलो माथे री चूनर।

**पंजाब और हरियाणा**

पंजाबी लोकगीतों में होली के उल्लास को भांगड़ा और गिद्दा से जोड़ा जाता है। 'होली है आई रे, आई रे, सब रंग विच खो जाणा।' यह एक पारंपरिक पंजाबी लोकगीत है, जिसमें होली के रंगों और उल्लास का वर्णन है। भांगड़ा और गिद्दा के साथ इस गीत को गाने की परंपरा है। इसमें पंजाबी जोश और उमंग झलकता है। 'फागण आयो रंग बरसे, सतगुरु नाल खेलां।' यह पंजाबी का एक और होली गीत है जो गुरु नानक देव जी और गुरु गोबिंद सिंह जी के भजन-संगीत से प्रेरित है। इसमें आध्यात्मिकता और भक्ति रंगों से सराबोर हुआ जा सकता है। हरियाणवी रागनियों में भी होली और फाल्गुन पर आधारित एक से बढ़कर एक गीत मिलते हैं, जिन्हें रागनियां कहते हैं। रंग बरसे, ओ पिया संग बरसे। होली में उड़े रे गुलाल, गजब कर दया रंग लाल। बरसे गुलाल काले काले बादल, होली में भीग गई ओढ़नी। ये हरियाणा में गायी जाने वाली कुछ प्रसिद्ध रागनियां हैं।

**बांग्ला के बाउल होली गीत**

रवींद्रनाथ टैगोर ने 'बासंती होली' पर कई गीत लिखे हैं, जिन्हें बोलान, बाउल और कीर्तन शैली में गाया जाता है। मसलन ओरे गोरा, रंग लगाओ रे। 'यहां होली को डोल उत्सव' के रूप में मनाते हैं।

**मराठी और गुजराती**

मराठी में होली को 'शिमगा' कहते हैं और यहां भी फागुन में लोकगीतों में होली के गीत गाये जाते हैं और उनके सामाजिक संदर्भ भी होते हैं। मसलन रंग पंचमी आली रे आली, गोकुलात रंग खेळला हरि। 'जबकि गुजराती में होली के गरबा और लोकगीत प्रचलित हैं। यहां होली ढोल और ताली की धुनों के साथ गरबा शैली में गाई जाती है। मसलन ह्यफागण आयो रे, रंग उडावो रे।, 'रंग रसिया, रंग में रंगी जाए, गोपी संग नंदलाल खेले होली रे।', 'होली खेले श्याम विराजे, राधा संग हंसत मुखाजे।' ये गुजराती भाषा के होली गीत भक्ति और गरबा के अद्भुत संगम हैं, जिसमें श्रीकृष्ण और गोपियों की होली का मोहक चित्रण है। इन्हें ढोल, ताली और गरबा स्टेप्स के साथ प्रस्तुत किया जाता है।

**द्रविड़ भाषाओं में होली की मस्ती**

कर्नाटक, तमिलनाडु, आंध्र प्रदेश, तेलंगाना और केरल में होली का लोक साहित्य यूं तो उत्तर भारत जैसा व्यापक नहीं है, लेकिन होली के भक्ति रंग में रचे पगे काफी गीत मिलते हैं। कर्नाटक में होली को 'कामन हब्बा' और आंध्रप्रदेश तथा तेलंगाना में आमतौर पर 'कामदहनम' कहते हैं, कुछ मशहूर होली गीतों में ह्य'गोविंदा गोविंदा, होली रंग गोविंदा!' 'आदाथे उन्नोदू नानदा वाराई' यह भी एक तमिल होली गीत है जिसमें भगवान कृष्ण की होली खेलते हुए छवि को दशार्या गया है। इसे तमिलनाडु में विशेषकर रंग पंचमी के अवसर पर गाया जाता है। तमिल भक्ति साहित्य में अंडाल और पुरंदरदास जैसे संतों की कविताओं में कृष्ण की होली का भरपूर उल्लेख मिलता है, विशेष रूप से उनकी 'पाशुरम' रचनाओं में। मलयालम में एक लोकप्रिय होली गीत है 'कृष्णा कृष्णा होली... ' यह गीत भगवान कृष्ण और उनकी गोपियों के बीच होली खेलने की छवि प्रस्तुत करता है। इसमें रंगों की मस्ती और भक्तिपूर्ण उल्लास को दशार्या गया है।

**गीतों बिना अधूरी होली की मस्ती**

होली का त्योहार सिर्फ रंगों और गुलाल तक सीमित नहीं है, बल्कि इसमें गीत-संगीत का भी उतना ही महत्व है। फाग गीत (फगुआ) इस उत्सव की आत्मा हैं, जो इसकी मस्ती, भक्ति, हंसी-ठिठोली और सामाजिक मेल-मिलाप को गहराई से दर्शाते हैं। होली के दौरान ढोलक, मंजीरा, झांझ, हारमोनियम और खंजरी की थाप पर जब फाग गीत गाए जाते हैं, तो माहौल पूरी तरह होलीमय हो जाता है। बिना फाग गीतों के होली की मस्ती अधूरी लगती है। फाग गीतों का सबसे बड़ा प्रभाव यह है कि ये सामाजिक भेदभाव मिटाकर सबको जोड़ते हैं। आमतौर पर होली पर गांवों और कस्बों में सामूहिक रूप से फाग गायन होता है, जिससे आपसी संबंध मजबूत होते हैं। जाति, धर्म और ऊंच-नीच का भेद मिटाकर लोग एक साथ गाते-बजाते हैं। भोजपुरी और अवधी फाग गीतों में समाज की विडंबनाओं और राजनीति पर व्यंग्य भी किया जाता है, जैसे- नेता जी की होली कैसी, पांच साल में एक दिन ऐसी! जोगीरा सा रा रा रा जैसे गीतों में हंसी-मजाक और तंज होते हैं, जिससे होली की मस्ती दोगुनी हो जाती है। होली के रंग और संगीत का जादू तब सौ गुना बढ़ जाता है जब लोग रंगों में सराबोर होते हैं। ढोलक और मंजीरे की थाप के साथ ही फगुआ गानों से माहौल उमंग से भर जाता है।

**लोकमित्र.**

व्यंग्य

## डंकी रूट में नेताजी का जोगीरा सा रा रा रा..

होली पर होली बीतती जा रही थी और नेताजी को अभी तक रंग लगवाने और हौद में कूद-कूदकर नहाने का अवसर नहीं मिला था। वे अपना दुख किससे कहें? अपनी पार्टी के किसी नेता से कहते तो वह जैलसी के भाव से उनका बैंड बजवा देता। पत्नी से कहते तो वह मौका मिलते ही उन्हें लताड़ पिला देती। बच्चों से कहते तो वह छूटते ही कहते- हम तो कब से कह रहे हैं पार्टी बदल लो, पर आप उसी में मरे जा रहे हो? लिहाजा नेताजी ने अपने गुरुजी से कहा- सर, आपकी दी हुई शिक्षा-दीक्षा को फालो कर रहा हूं पर आज तक सफलता तो दूर उसका मुंह तक नहीं देखा। नेताजी के लिए सफलता ऐसे हो गई जैसे किसी दुल्हन के लिए मुंह दिखाई की रस्म। गुरुजी ने बहुत सोच-विचारकर गुरुमंत्र दिया, पुत्र तुम डंकी रूट पर चलकर दिखाओ कि नेता तुम्हीं हो कल के?

बस फिर क्या था, नेताजी ने उसी समय मेहनत, ईमानदारी, नेकनीयती से तलाक लेकर डंकी रूट पर पलायन कर दिया। विधायक बनने के लिए सबसे पहले नेताजी ने एक एजेंट से संपर्क किया तो उसने उन्हें सक्सेसनेस का एक पैकेज दिया। नेताजी ने इसे पूरी तरह फालो किया। क्षेत्रीय मंत्री से लेकर पार्टी अध्यक्ष तक को पटाने के लिए सुबह से उनके घर पहुंच जाते। मंत्री पत्नी के आगे-पीछे भाभीजी-भाभीजी के गीत गाते। आदेश होता-डो-डो (मंत्री जी का पालतू कुत्ता) को घुमा लाओ। नेताजी ने भले कभी अपने बच्चों को न घुमाया हो, पर उसे ऐसे घुमाते जैसे वह ही उन्हें विधायक का टिकट दिलावाएगा। कई बार पार्टी अध्यक्ष के यहां चले जाते और वहां पर भी भाभीजी के आदेश पर उनकी नौकरानी को दीदी-दीदी करते हुए टिंडे-लौकी सरकारी दर पर दिलावा लाते। पर डंकी रूट पर कभी एजेंटों की योजना सफल नहीं हुई है, सो यहां भी नहीं हुई। दो होलियां फिर बीत गईं तो नेताजी ने धीरे से वहां से खिसकने में ही भलाई समझी। जब वह, वहां से चोरों की तरह खिसक रहे थे तो एक चश्मदीद के अनुसार उनका चेहरा, होली में भाभी जी का शरारती देवर द्वारा रंगे गए चेहरे जैसा था। अब नेताजी को उनके चमचे ने सलाह दी, सर आप सीधे मुख्यमंत्री के पास जाइये। वहां पर आपकी जरूर मनोकामना पूरी होगी। नेताजी फिर डंकी रूट पर चल पड़े। उन्हें पता था कि सीधे रास्ते से उन्हें मंजिल नहीं मिलेगी। वैसे भी राजनीति में आजतक कोई सीधे ही सफल थोड़े ही हुआ है। एजेंट की सलाह पर लगे हाजिरी लगाने। एक दिन मुख्यमंत्री जी की उन पर नजर पड़ी तो पूछा-अरे आप यहां कैसे? नेताजी को जैसे भगवान मिल गए। खुद की उम्र से आधे अपने आका के चरणदंडवत करके बोले-हुकुम आपकी नजरों की ईनायती का ख्वाहिशमंद हूं? मुख्यमंत्रीजी को पता था कि वह उनके दुश्मन गुट के खास हैं। खीसें निकालते हुए बोले- आइये कभी सीएमआर में वहीं बात करेंगे। जी-जी करते हुए नेताजी उनके सामने झुककर अष्टावक्र बन गए और मुख्यमंत्री जी की गाड़ी उनके सामने लहराती हुई निकल गई।

नेताजी के चमचे का कहना है, उस समय उनका चेहरा ऐसा लग रहा था जैसे हरे रंग का पीला पड़ गया करेला हो। तारीख पर तारीख की तरह होली पर होली निकली ही जा रही थीं पर नेताजी को सफलता नहीं मिल रही थी। अब वह एक ज्योतिषी की शरण में पहुंचे। उसने उन्हें जंगली डंकी एजेंट से मिलने की सलाह दी। नेताजी फिर उसी राह पर । जंगली डंकी एजेंट की सलाह पर दो-तीन सांप लेकर पहुंच गए पार्टी अध्यक्ष के घर पर और मौका देखकर उनके बेडरूम में छोड़ दिए। कमबख्त किस्मत ने यहां भी धोखेबाज ट्रैवल एजेंट की तरह किस्मत ने धोखा दे दिया।

**मनोज कुमार.**

संक्षेप

## युवक पर जानलेवा हमला, रेफर

**गोसाईगंज-अयोध्या।** गोसाईंगंज कोतवाली इलाके में बीती शाम घर के सामने बैठे एक युवक प्रदीप वर्मा पर गांव के ही शिवम विश्वकर्मा ने अचानक जानलेवा हमला कर दिया।युवक की चीख पुकार पर सुनकर दौड़े पिता रामभवन को भी हमलावर ने डंडे से पीट कर बुरी तरह से घायल कर दिया। पिता पुत्र को घायलावस्था में मंडलीय चिकित्सालय दर्शननगर ले जाया गया जंहा पुत्र की हालत गम्भीर देख चिकित्सकों ट्रामा सेंटर लखनऊ रेफर कर दिया।पुत्र हालत गम्भीर बनी हुई है।वंही हमलावर युवक को लोगो ने दौड़ाकर पकड़ लिया और उसकी जमकर धुनाई कर दिया। पिटाई के दौरान हमलावर युवक अचेत होने का नाटक करने लगा जिससे लोगो ने उसे मुक्त कर दिया। मुक्त होते ही हमलावर वहां से भाग लिया। एसएचओ परशुराम ओझा के मुताबिक पिता रामभवन की तहरीर पर हमलावर युवक के खिलाफ केस दर्जकर उसकी तलाश की जा रही है।

## पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह 22 को

**बहराइच।** जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी सेवानिवृत्त कर्नल एम.सी. ध्यानी ने बताया कि 22 मार्च 2025 को जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास कार्यालय, बहराइच में पूर्व सैनिक पुनर्मिलन समारोह का आयोजन प्रस्तावित है।

## नगर पंचायत अध्यक्ष ने सफाई कर्मियों के साथ खेली होली

मिल्कीपुर-अयोध्या। नगर पंचायत कार्यालय कुमारगंज में नगर पंचायत अध्यक्ष विकास सिंह छोटू ने कर्मचारियों एवं सफाई कर्मियों के साथ अबीर गुलाल लगा कर होली खेली तथा होली कि शुभकामनाएं दी साथ ही उन्होंने सफाई कर्मियों से अपील की होली के दिन नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई का विषेश ध्यान देने की आवश्यकता है। तथा लोगों से अपील की होली का पर्व सौहार्द के साथ मनाये। विकास यादव, सुनील यादव, विक्रांत, राम गोपाल, दिनेश सहित सभी कर्मचारी एवं सफाई कर्मी मौजूद रहे।

# रामपथ के सुंदरीकरण और विकास कार्यों का मण्डलायुक्त ने किया निरीक्षण



जिला संवाददाता(vol)

**अयोध्या।** मण्डलायुक्त गौरव दयाल ने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण अश्विनी कुमार पांडेय के साथ प्राधिकरण द्वारा रामपथ के दोनों ओर अवशेष रिक्त भूमि के सौन्दर्यीकरण एवं विकास कार्यो का स्थलीय निरीक्षण किया। उन्होंने सहादतगंज बाईपास के समीप राम पथ के किनारे अवशेष राजकीय भूमि पर लैंड स्केपिंग तथा लगाये जा रहे कॉबल ब्लाक का अवलोकन करते हुये कहा कि इसी पैटर्न का अनुसरण करते हुये सम्पूर्ण रामपथ के किनारे अवशेष रिक्त भूमि पर कॉबल ब्लाक को लगाते हुये शेष कार्य को तीव्र गति से पूर्ण किया जाय। अगले चरण में मण्डलायुक्त ने उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण के साथ निमार्णाधीन अयोध्या विकास प्राधिकरण एवं नगर निगम अयोध्या के संयुक्त कार्यालय भवन के कार्यो का भौतिक निरीक्षण किया। उन्होंने निर्माण एजेंसी के प्रतिनिधि से कहा कि शेष बचे फिनिसिंग के कार्यो को फ्लोर वाइज डेडिकेटेड टीम लगाकर बेहतर कार्य कुशलता के साथ निर्धारित समयावधि पूर्ण करायें। उन्होंने कहा कि भवन के बाहर परिसर में सी0सी0 रोड का ही प्रावधान रहे कहीं भी इंटरलाकिंग ईट का प्रयोग न किया जाए। इस दौरान उन्होंने कार्यालय भवन के परिसर के बाहर आस-पास रिक्त पड़ी भूमियों का भी अवलोकन किया तथा खाली पड़ी भूमि पर जर्जर कर्मचारी आवासों के सम्बंध में सम्बंधित विभाग को जीर्णोद्वार हेतु प्रस्ताव तैयार करने के निर्देश दिये। तथा यह भी निर्देश दिया कि जनपद मुख्यालय पर जो भी कर्मचारियों के आवासीय भवन है उनकी वर्तमान स्थिति का सर्वे कराकर उनके जीर्णोद्वार आदि का प्रस्ताव तैयार करा कर शासन को प्रेषित किया जाय। निरीक्षण के दौरान उपाध्यक्ष अयोध्या विकास प्राधिकरण द्वारा कार्यो के प्रगति आदि के बारे में विस्तृत जानकारी दी गयी।

## चप्पे चप्पे पर रहेगी पुलिस की पैनी नजर

**मिल्कीपुर-अयोध्या।** सर्किल के तीनों थाना क्षेत्रों में होलिका दहन को लेकर प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट है ,मिल्कीपुर सर्किल में 303 स्थलों पर होलिका दहन होना है। होली त्योहार शांति पूर्ण ढंग से मनाने के लिए प्रशासन की ओर से तैयारी पूरी कर ली गई। होलिका को लेकर बाजार से लेकर घरों तक में उत्साह और उमंग का माहौल है।मिल्कीपुर तहसील क्षेत्र के थाना कुमारगंज क्षेत्र में 91 स्थानों पर थाना खण्डासा क्षेत्र में 92 स्थानों पर व थाना कोतवाली इनायत नगर क्षेत्र में 120 स्थानों पर गुरुवार की रात होलिका दहन किया जाएगा। पुलिस प्रशासन ने सारी तैयारियां मुकम्मल कर ली है। पुलिस क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर श्रीयस त्रिपाठी ने बताया कि, रंग में भंग मचाने वाले हुड़दंगियों पर पुलिस प्रशासन की पैनी नजर बनी रहेगी। प्रत्येक ग्राम पंचायत में होलिका दहन स्थान पर थाने के चैकीदार भी मौजूद रहेंगे।

## जिले में 4948 स्थानों पर होगा होलिका दहन

**बहराइच।** जिले में बृहस्पतिवार को 4948 स्थानों पर होलिका दहन होगी। इसके दूसरे दिन 70 स्थानों पर होली का जुलूस निकाला जाएगा। सुरक्षा को लेकर पुलिस की ओर से जिले को 02 जोन व 44 सेक्टरों में बांटा गया है। सुरक्षा के दृष्टिगतगत 05 कंपनी पीएसी तैनात की जायेगी तथा ड्रोन कैमरे से भी निगरानी की जायेगी। जिले में शुक्रवार को रंगों का पर्व होली मनाया जाएगा। उसी दिन रमजान माह के जुमा की नमाज भी अदा की जानी है। इसको देखते हुए पुलिस अधीक्षक राम नसन सिंह की ओर से सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। एसपी ने बताया कि जिले में 4948 स्थानों पर होलिका दहन होगी। जबकि शुक्रवार को 70 स्थानों पर होली का जुलूस निकाला जाएगा। इसको देखते हुए होली पर्व सुरक्षा के कड़े प्रबंध किए गए हैं। पुलिस लाइन में प्रेस वार्ता करते हुए एसपी ने कहा कि रंगों के पर्व को सभी मिलकर मनाएं। किसी के मन को ठेस न पहुंचाएं। डीजे पर प्रतिबंधित गाने न बजाएं। उन्होंने बताया कि जिले को होली के दिन दो जोन में बांटा गया है। जिसके प्रभारी अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण रहेंगे। इसके अलावा जिले में कुल छह सुपर जोन बनाए गए हैं। जिसके प्रभारी पुलिस क्षेत्राधिकारी और एसडीएम होंगे।

# मकान पर कब्जा कर मालिक सहित परिजनों को किया लहूलुहान

**रुदौली-अयोध्या।** बैनामे के भूमि पर बने मकान में पड़ोसी ने रातो रात कब्जा कर मकान मालिक समेत परिजनों को लहूलुहान कर दिया। मौके पर पहुची इलाकाई पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।जबकि घायलों को सीएचसी रूदौली में भर्ती

- प्राथमिक उपचार के बाद तीनों घायल जिला अस्पताल रेफर

कराया जहां डॉक्टरों ने हालत नाजुक होने पर तीनो घायलों को जिला अस्पताल के लिए रेफर कर दिया है। मामला रुदौली कोतवाली क्षेत्र के बनगांवा गांव का है।

जहां आज सुबह दो पक्षो के बची जमकर लाठी ,डंडे चले। जिसमे एक पक्ष के तीन लोग बुरी तरह जख्मी हो गए। जबकि दूसरे पक्ष के लोगो को मामूली चोटें आई है। गांव निवासी राम



अभिलाख यादव ने बताया कि लगभग 20 वर्ष पूर्व गांव के ही निवासी सियाराम से जमीन और मकान का बैनामा लिया था। तभी से उक्त भूमि और मकान पर खुद का कब्जा है।आज सुबह जानकारी हुई के मेरे मकान पर पड़ोसियों ने रातो रात कब्जा कर लिया है। मकान के कब्जे की जानकारी होने पर वहां पहुचा और जानकारी लेनी चाही तो विपक्षी हरिकिशन ,विष्णु व बुधराम आदि एक जुट होकर लाठी डंडो से हमला कर मारपीट शुरू कर दी। मारपीट में राम अभिलाख पुत्र राम सुमिरन ,अवधेश पुत्र राम अभिलाख ,राम सिंह पुत्र राम अभिलाख को गम्भीर चोटे आई है। प्रभारी निरीक्षक रुदौली संजय मौर्य ने बताया कि तहरीर के आधार पर आरोपियों के खिलाफ कार्यवाही की जा रही है।

# मां कामाख्या धाम महोत्सव में किसानों को किया गया सम्मानित



**रुदौली-अयोध्या।** रूदौली विधानसभा में चल रहे सात दिवसीय माँ कामाख्या धाम महोत्सव के समापन पर कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही पहुचे कामाख्या धाम।कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व विधायक रामचंद्र यादव ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।महोसत्व में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला प्रदर्शनी में मुख्य अतिथि कृषि मंत्री सूर्य प्रताप

- कृषि मंत्री और विधायक ने किया सम्मानित

शाही व पूर्व विधायक इंद्र प्रताप तिवारी,जिला अध्यक्ष प्रतिनिधि आलोक सिंह रोहित का महोत्सव न्यास के मुख्य संरक्षक विधायक रामचंद्र यादव व अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने माता जी की प्रतिमा व चुनरी भेंटकर स्वागत किया।मुख्य अतिथि ने प्रगतिशील किसानों व कृषि विभाग द्वारा लगाए विभिन्न स्टालों का अवलोकन किया।दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान गोष्ठी के समापन के अवसर पर कृषि मंत्री श्री शाही ने सपा सरकार पर जुबानी हमला बोलते हुए कहा कि सपा सरकार में किसानों का दो साल तक भी गन्ना भुगतान नहीं होता था।और किसानों के करोड़ो रुपए का गन्ना भुगतान रुका हुआ था।बीजेपी सरकार ने सत्ता में आने के बाद सभी किसानों का समय पर गन्ने का भुगतान किया। गन्ना मीलों की क्षमता में वृद्धि की है। कृषि मंत्री ने कहा कि सपा सरकार में एमएसपी पर 7 मीट्रिक टन फसल की खरीदारी होती थी और हमारी सरकार ने एमएसपी पर 52 हजार मीट्रिक टन फसल की खरीदारी की, जिससे किसानों की आय दोगुनी हुई। कृषि मंत्री ने बताया कि कृषि विभाग ने विगत वर्षों में किसानों को ज्वार, बाजरा, रागी,कोदो और सावा जैसी फसलों के मिनीकिट निःशुल्क वितरित किए। साथ ही, उन्होंने दलहन और तिलहन के उत्पादन और क्षेत्रफल में वृद्धि के निर्देश भी दिए। विधायक रामचंद्र यादव ने कहा सरकार किसानों को समृद्ध करने के लिए कई योजनाएं लेकर आई है, और किसानों को इनका भरपूर लाभ उठाना चाहिए। मेले में कृषि और सहकारी विभाग द्वारा विशेष स्टाल लगाए गए हैं, जो किसानों को नवीनतम तकनीकों और योजनाओं की जानकारी दे रहे हैं।जिला कृषि अधिकारी ओपी मिश्रा ने किसानों को धान, मोटा अनाज सहित विभिन्न फसलों की जानकारी दी।उन्होंने जैविक खेती और खरीफ फसलों के बारे में भी महत्वपूर्ण जानकारी साझा की। इस दौरान सब्जी, सोलर पंप और कृषि को उन्नत बनाने के तरीकों पर भी चर्चा की गई। किसानों ने उत्साह के साथ मेले में भाग लिया और खेती-बाड़ी से संबंधित सवाल पूछकर अपनी शंकाओं का समाधान किया।इस मौके पर कृषि विभाग के वैज्ञानिकों ने भी किसानों को विस्तृत जानकारी दिया। कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने किसानों को ट्रैक्टर की चाभी, अनाज मिनी किट व उज्ज्वला योजना के लाभार्थियों सहित प्रगतिशील किसानों को सम्मानित किया गया।माँ कामाख्या धाम महोसत्व न्यास के अध्यक्ष रविकांत तिवारी मोनू ने आये हुए अतिथियों का स्वागत करते हुए सबका धन्यवाद ज्ञापित किया।इस मौके पर बीकापुर विधायक इन्द्रप्रताप तिवारी खब्बू जिला पंचायत अध्यक्ष प्रतिनिधि रोहित सिंह आलोक ,उपनिदेशक पीके कन्नौजिया, जिला कृषि रक्षा अधिकारी डॉ शैलेन्द्र प्रताप सिंह, उपाध्यक्ष कमलेश यादव, संयोजक शीतला प्रसाद शुक्ला, अजय शुक्ला, तेज तिवारी, ड्रोन दीदी सबीना खातून, माधुरी सिंह, निर्मल शर्मा, आलोक चन्द्र यादव, सचिन कसौधन, राघवेंद्र शर्मा, राज किशोर सिंह, बब्बन शुक्ला, आशीष शर्मा, किशोरीलाल भारती, मयंक पाठक, आलोक चंद्र यादव ,बृजेश यादव, आदि लोग मौजूद रहे।

## 51 प्रगतिशील किसान हुए सम्मानित

मां कामाख्या धाम महोत्सव में आयोजित दो दिवसीय क्षेत्रीय किसान मेला में कृषि मंत्री सूर्य प्रताप शाही व विधायक रामचंद्र यादव द्वारा प्रगतिशील किसान बुधराम, तुंग बहादुर सिंह, काशीराम, ऋषिकेश सिंह, राजेंद्र कुमार, जंग बहादुर, परमेश्वर प्रसाद, लल्लन, शेर बहादुर सिंह, सीमा, यश्मिता, जमुना देवी, इंद्रकला किरण, उमाशंकर सिंह, बाबादीन, हरिभान, राजेश कुमार, जगन्नाथ, सत्रोहन, रामनरेश, शिव शंकर तिवारी, राममिलन, गया प्रसाद, राकेश कुमार, रामनरेश वर्मा, राजेंद्र कुमार, राजेंद्र सिंह सहित अन्य किसानों को खेती के विभिन्न क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य को लेकर सम्मानित किया गया। महोत्सव न्यास के मुख्य संरक्षक बीजेपी विधायक रामचंद्र यादव ने महोत्सव के समापन पर क्षेत्रवासियों को धन्यवाद ज्ञापित किया।विधायक श्री यादव ने कहा कि माँ कामाख्या धाम में आज इस भव्य व दिव्य महोत्सव का समापन हुआ।जिसमे जिले से लेकर प्रदेश व देश के कई नामचीन कलाकार और नेता अभिनेता ने इस महोत्सव में आकर इस महोत्सव कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।जिसमें भोजपुरी के सुपर स्टार पवन से लेकर दिनेश लाल यादव निरहुआ ने भी महोत्सव के मंच पर अपनी प्रस्तुति दिए।सभी का धन्यवाद आभार।

# प्रतापगढ़ सांसद ने किया बास्केटबाल कोर्ट का उदघाटन

## जिले में स्टेडियम बनाने की योजना पर कर रहे काम: सांसद

**बाराबंकी।** असैनी मोड़ स्थित लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज परिसर मे बास्केटबाल कोर्ट का उद्घाटन प्रतापगढ़ सांसद एंव चेयरमैन डॉ. एस0पी सिंह ने फीता

- एलपीएस मे शिक्षा के साथ खेलों को भी दिया जाता है महत्वः डॉ. एसपी सिंह
- फ्रेंड़ली मैच में आम्रपाली ब्रांच टीम के छात्रों ने पहना जीत का सेहरा

काटकर किया। उद्घाटन से पूर्व सांसद श्री सिंह ने प्रेस वार्ता करते हुये बताया कि चाहे बेसिक शिक्षा हो या माध्यमिक शिक्षा। दोनों ही जगह शिक्षकों की भारी कमी है। इसके अलावा शिक्षकों से दूसरे कार्य भी कार्य जाते हैं। इसकी वजह से वर्तमान शैक्षिक व्यवस्था काफी बदतर होती जा रही है। इसे सुधारने की जरूरत है। प्रेस वार्ता मे सांसद श्री सिंह ने आगे कहा कि लखनऊ पब्लिक स्कूल में शिक्षा के




साथ-साथ खेलों को भी उतना ही महत्व दिया जाता है। जिससे छात्रओं के व्यक्तित्व का समत विकास हो सके। जिसको लेकर बाराबंकी ब्रांच मे बास्केटबॉल कोर्ट का निर्माण किया गया है। ये प्रयास खेलों को बढ़ावा देकर छात्रों को स्वस्थ रखने की प्राथमिकता दी जाती है। बास्केटबॉल कोर्ट के निर्माण का उद्देश्य भी यही है कि जिले के छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की सुविधाएं मिले। ये लखनऊ पब्लिक स्कूल्स एंड कॉलेजेज की अन्य शाखाओं में पहले से उपलब्ध है। उन्होंने कहा कि जनपद को खेलों का हब बनाना भी हमारा मकसद है। इसलिए हम जिले में एक स्टेडियम बनाने की योजना पर काम कर रहे हैं। जहां पर अंतर्राष्ट्रीय मानक के हिसाब से 400 मीटर का रनिंग ट्रैक होगा। प्रेसवार्ता को महाप्रबंधक शिखर सिंह ने कहा खेल केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं हैं। बल्कि यह व्यक्तित्व निर्माण का एक सशक्त साधन नी है। खेलों के माध्यम से छात्रों में



अनुशासन, टीम वर्क, आत्मनिर्भरता, समस्या का त्वरित समाधान, सहनशीलता और निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। इसीलिए हमारे विद्यालयों के विभिन्न कैम्पसों में आधुनिक खेल सुविधाओं को बढ़ावा देने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। जनपद शाखा का यह बास्केटबॉल कोर्ट उसी संकल्प का हिस्सा है। जो छात्रों को उच्चतम स्तर की खेल प्रशिक्षण सुविधाएं प्रदान करेगा। विद्यालय में पहले से ही ओपन जिम, फुटबॉल ग्राउंड एथलेटिक्स ट्रैक, स्वीमिंग पूल, इंडोर गेम्स एरिया और ऑडीटोरियम जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। उद्घाटन के बाद एलपीसी ए ब्लाक, लखनऊ व एलपीसी आम्रपाली लखनऊ के बीच फ्रेड़ली मैच खेला गया। जिसमे आम्रपाली ब्रांच टीम ने जीत हासिल की। इस अवसर पर पूर्व एमएलसी कांति सिंह, प्रधानाचार्य डॉ0 रितु सिंह, प्रदीप सारंग, राम प्रकाश वर्मा, अंगद वर्मा, पंकज सिंह आदि मौजूद रहे।

# पेयजल परियोजनाओं के लिए भूमि उपलब्धता कार्य की डीएम ने की समीक्षा

**बहराइच।** अमृत 2.0 कार्यक्रम अन्तर्गत पेयजल योजनाओं हेतु जरवल व सदर में हेतु भूमि का चिन्हांकित किये जाने, भूमि के अविवादित होने एवं प्रभारी अधिकारी द्वारा सम्बन्धित प्रकरणों की स्वयं समीक्षा किये जाने के सम्बन्ध में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता करते हुए डीएम ने पेयजल योजनाओं हेतु भूमि की उपलब्धता के बारे में जानकारी करने पर बताया गया कि जरवल के मोहल्ला सराय तकिया कटरा दाक्षिणी में चिन्हित भूमि विवादित है। इस सम्बन्ध में उप जिलाधिकारी कैसरगंज को निर्देश दिया गया कि विवाद सुलझा कर शीघ्र कार्य प्रारम्भ कराएं। इसी प्रकार तहसील नानपारा में पेयजल योजनाओं के सम्बन्ध में एसडीएम नानपारा को निर्देशित किया गया कि शीघ्र ही भूमि चिन्हित कराकर अधिशाषी अभियन्ता जल निगम को अवगत करा दें।

डीएम मोनिका रानी ने प्रभारी अधिकारी नगर निकाय/एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव को निर्देशित किया कि



नगर निकायों में भूमि उपलब्धता की स्वयं समीक्षा कर ले। शिरोपरि जलाशय के निर्माण हेतु तहसील सदर में 02 व मिहींपुरवा में 03 स्थानों पर भूमि की उपलब्धता के सम्बन्ध में तहसीलदार सदर ने बताया कि ग्राम जगतापुर व मोहम्मदनगर में चिन्हित की गई भूमि के सम्बन्ध में अधि. अभि. जल निगम द्वारा भूमि को आबादी से दूर होने पर अनुपयुक्त बताया गया है। डीएम ने एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया कि दसरे उपयुक्त स्थान पर शीघ्र ही भूमि चिन्हित करें। तहसीलदार मिहींपुरवा ने बताया कि शिरोपरि जलाशयों हेतु ग्राम मिहींपुरवा एवं मोतीपुर में भूमि चिन्हित कर ली गई है। जबकि 01 स्थान के लिए भूमि चिन्हांकन की कार्यवाही की जा रही है। एसडीएम व तहसीलदार को निर्देश दिया कि अवशेष भूमि का शीघ्र चिन्हांकन कर विभाग को अवगत करा दें। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी, एडीएम गौरव रंजन श्रीवास्तव, सीआरओ देवेन्द्र पाल सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी मौजूद रहे।

# सड़क सुरक्षा समिति की बैठक सम्पन्न




**बाराबंकी।** कलेक्ट्रेट स्थित लोकसभागार में जिलाधिकारी शशांक त्रिपाठी की अध्यक्षता में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक हुई। बैठक में जिलाधिकारी ने कहा कि सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिये रोड सेफ्टी एक्शन प्लान बनाकर सड़क एक्सीडेंट रोकने के प्रयास किये जायें। दुर्घटना बाहुल्य इलाकों को ब्लैक स्पॉट के रूप में चिन्हाकिंत करते हुए उन स्थानों पर संकेतक लगाकर दुर्घटनाओं को रोकने के प्रयास किये जाये। पुलिस व परिवहन विभाग द्वारा दिये जाने वाले निदेर्शों पर अमल लाया जाए। एनएच पर इनलीगल कट को बंद कराया जाए। जिलाधिकारी ने कहा कि दुर्घटनाओं को रोकने के लिये दोपहिया वाहनों में नो हेलमेट नो फ्यूल की कार्यवाही जारी रखी जाए। बैठक मे जिलाधिकारी ने कहा कि ट्रकों और रोडवेज की बसों की स्पीड को नियंत्रित करने के लिये विशेष प्रयास किये जायें। जिलाधिकारी ने कहा कि गत वर्ष की तुलना में रोड एक्सीडेंट में हर हाल में कमी लाने के प्रयास किये जाए। जिले के सभी टॉप ब्लैक स्पॉट के विषय में समीक्षा करते हुए दुर्घटनाओं को रोकने के लिये प्रभावी कदम उठाने के निर्देश सम्बंधित अधिकारियों को दिये। इस मौके पर ज्वाइंट मजिस्ट्रेट काव्या सी, एआरटीओ अंकिता शुक्ला, जिला आबकारी अधिकारी कुलदीप दिनकर, ट्रक एसोसिएशन अध्यक्ष अधिवक्ता अंगद वर्मा सहित सड़क सुरक्षा समिति सदस्य उपस्थित रहे।

## खातों में भेजी गई सिलेण्डर रिफिल की धनराशि

**बहराइच।** प्रदेश सरकार द्वारा प्रधानमंत्री उज्वला योजना के लाभार्थियों को होली के शुभ अवसर पर निःशुल्क एल.पी.जी. सिलेण्डर रिफिल दिये जाने के निर्णय के क्रम में लोकभवन सभागार, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम के दौरान प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी द्वारा बटन दबाकर प्रदेश के 1.86 करोड़ लाभार्थियों के खातों में रू. 1,890 करोड़ की धनराशि का अन्तरण किया गया। इस अवसर पर कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम में माननीय जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ जिलाधिकारी व बड़ी संख्या में लाभार्थियों के समक्ष लोक भवन, लखनऊ में आयोजित कार्यक्रम का सजीव प्रसारण दिखाया गया। इस दौरान मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के सम्बोधन तथा महाकुम्भ पर तैयार की गई लघु फिल्म व खाद्य एवं रसद विभाग की लघु फिल्म का सजीव प्रसारण किया गया। कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित कार्यक्रम के दौरान जिलाधिकारी मोनिका रानी ने बहराइच जानकी, अंकिता, गुलफसा, नसीब जहां, निर्मला, अनीता, मधु वर्मा, नगीना, शील आदि है।

# डीएम और एसपी ने अधिकारियों के साथ की बैठक

**बहराइच।** जनपद में आसन्न त्योहारों के अवसर पर कानून एवं शान्ति व्यवस्था के साथ-साथ अन्य साफ-सफाई, जलापूर्ति एवं विद्युत आपूर्ति से सम्बन्धित व्यवस्थाएं बनाये रखने के उद्देश्य से मंगलवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी व पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने अधिकारियों को निर्देश दिया कि होलिका दहन स्थल पर ऊपर से गुजरने वाले तारों की स्थिति को देख ले। जर्जर तारों को टाइट करा दिया जाय।इसके साथ-साथ नगर व ग्रामीण क्षेत्र में होलिका दहन स्थलों पर साफ-सफाई, पानी, बिजली की व्यवस्था सुनिश्चित करायी जाय। जिससे होलिका दहन में कोई दिक्कत न हो। डीएम ने निर्देश दिया कि जिन कार्मिकों की ड्यूटी होलिका दहन स्थलों पर लगायी गयी है उनके नाम व नम्बर की सूची बना ली जाय तथा सम्बन्धित अधिकारी नियमित सम्पर्क में रहे।

बैठक में चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग को निर्देश दिया कि होली त्यौहार में एक्सीडेन्ट व बर्न केसेज की अधिकता की सम्भावना के दृष्टिगत



मेडिकल कालेज तथा ग्रामीण क्षेत्रों में सीएचसी, पीएचसी पर चिकित्सकों व स्टाफ की उपलब्धता सुनिश्चित की जाय साथ ही सभी एम्बुलेन्स को जीवन रक्षक औषधियों व उपकरणों सहित एलर्ट मोड में रखने के निर्देश दिये। इसी प्रकार अग्निशमन की गाड़ियों को भी स्टाफ, उपकरण व प्रचुर मात्रा में पानी आदि तैयारियों के साथ अलर्ट रहने एवं आग लगने की स्थिति में तत्काल मौके पर पहुंचने के निर्देश दिये।

डीएम व एसपी ने सम्बन्धित एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया कि वह अपने-अपने क्षेत्रों में निरन्तर भ्रमणशील रहकर स्थिति पर सतर्क दृष्टि बनाये रखें। पुलिस व प्रशासनिक अधिकारियों को निर्देश दिया कि अपने वाहनों पर सुरक्षा व्यवस्था बनाये रखने के दृष्टिगत डंडा, हेल्मेट व ध्वनि विस्तारक यन्त्र अवश्य रखें ताकि किसी आपात स्थिति में बेहतर ढंग से नियंत्रण किया जा सके। होली त्यौहार के दृष्टिगत डीएम ने सभी एसडीएम व सीओ को निर्देश दिया कि पूर्व घटनाओं के दृष्टिगत त्योहारों पर संवेदनशीलता और समझदारी से स्थितियों पर समुचित नजर बनाये रखें। उन्होनें सख्त निर्देश दिये कि कहीं पर भी किसी तरह की अप्रिय घटना नहीं होनी चाहिए। विशेषकर धार्मिक स्थलों, होलिका दहन स्थलों, घाटों तथा शोभा यात्रा के मार्गो इत्यादि पर विशेष प्रबन्ध किये जाएं। पुलिस अधीक्षक राम नयन सिंह ने कहा कि त्योहारों के अवसर पर जिले में गुड पुलिसिंग की व्यवस्था रहेगी। कानून एवं शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए पुलिस प्रशासन पूरी तरह से सजग व सतर्क है। तथा सोशल मीडिया व असामाजिक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। इस दौरान उच्चाधिकारियों द्वारा विशेष तौर पर निर्देशित किया गया कि जहां दो अथवा अधिक समुदायों के धार्मिक स्थल पास-पास है वहां पर अधिकारी विशेष सतर्कता बरतते हुए निरन्तर भ्रमणशील रहकर स्थितियों पर पैनी नजर रखे।

बैठक के अन्त में डीएम व एसपी ने होली के एक दिन बाद मरीमाता मन्दिर पर लगने वाले मेले की सभी व्यवस्थाओं को चुस्त, दुरूस्त बनाये रखने पर भी उपस्थित अधिकारियों के साथ विस्तृत चर्चा की और सम्बन्धित विभागों यथा चिकित्सा विभाग, नगर पालिका व पुलिस विभाग के अधिकारियों को निदेर्शानुसार समस्त व्यवस्थाएं सुनिश्चित करते हुए सतर्कता बनाये रखने के निर्देश दिये। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र, एडीएम गौरव रंजन आदि उपस्थित रहे।

## 139 कन्याओं का विवाह संपन्न

**बहराइच।** मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह योजना अन्तर्गत गेंद घर परिसर बहराइच में जिले के समस्त विकास खण्डों एवं नगर निकायों के गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन करने वाले जरूरतमन्द, निराश्रित/निर्धन परिवारों की हिन्दू समुदाय की 122 व मुस्लिम समुदाय की 17 सहित कुल 139 विवाह योग्य कन्याओं का विवाह उनकी सामाजिक/धार्मिक मान्यता एवं परम्परा/रीति-रिवाज के साथ सम्पन्न कराया गया। मुख्य अतिथि सदर विधायक श्रीमती अनुपमा जायसवाल के प्रतिनिधि अशोक जायसवाल द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारम्भ किया गया।वैवाहिक कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए विधायक प्रतिनिधि श्री जायसवाल ने कहा कि प्रदेश के मा. मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी के नेतृत्व में समाज कल्याण विभाग द्वारा समाज के अन्तिम पायदान पर खड़े व्यक्तियों के लिए अनेकों योजनाएं संचालित की जा रही है। उन्होंने कहा कि हर जरूरतमन्द तक कल्याणकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाने हेतु केन्द्र व राज्य सरकार प्रतिबद्ध है।

संक्षेप

## टॉवर से चोरी करने वाले तीन अभियुक्त गिरफ्तार

**फिरोजाबाद।** थाना शिकोहाबाद पुलिस ने नेटवर्क टॉवर की केबिन का ताला तोड़कर चोरी करने वाले 03 शातिर चोरो को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया है। थाना शिकोहाबाद पुलिस टीम ने नेटवर्क टावर की केबिन का ताला तोडकर एयरटेल कम्पनी का बेसबैंड बीटीएस एल 850 चोरी कर लेने के सम्बन्ध मे थाना शिकोहाबाद पर पंजीकृत अभियोग में 3 वांछित अभियुक्तगण कान्ती उर्फ पिप्पल पुत्र ईश्वर दयाल बन्ने सिंह उर्फ बनी सिंह पुत्र रोशनलाल शिवम उर्फ मनीष पुत्र निरोत्तम सिंह को अभियुक्तों के मसकन से चोरी के सामान सहित गिरफ्तार किया। पुलिस ने गिरफ्तार अभियुक्तों के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## रजा मुराद ने किया पुस्तक का विमोचन

**आगरा।** आगरा पब्लिक ग्रुप ऑफ इंस्टीट्यूशंस ने चेयरमैन महेश चंद्र शर्मा के जन्मदिन के अवसर पर प्लैटिनम जुबली समारोह का विजय नगर स्थित आगरा पब्लिक स्कूल में आयोजन किया गया। समारोह की शुरूआत चेयरमैन महेश चंद्र शर्मा ने सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलित कर की। कार्यक्रम का आगाज गणेश वंदना व बृज वंदना के साथ हुआ। आगरा पब्लिक ग्रुप के वाइस चेयरमैन अभिनव शर्मा ने बताया कि मंच से बॉलीवुड अभिनेता रजा मुराद ने पुस्तक का विमोचन किया। उसके बाद डांस इंडिया डांस फेम ऋषिका सिंह ने अपनी शानदार प्रस्तुति दी। म्यूजिकल बैंड ने अपनी मधुर आवाज से लोगों को थिरकाया। होली के माहौल में राधा कृष्ण के लोक नृत्य और बृज के मयूर नृत्य ने सबका मन मोह लिया। कार्यक्रम का संचालन डॉ. मधु भारद्वाज ने किया। कार्यक्रम में पद्मश्री डॉ. आरएस पारिख, पूर्व वीसी डॉ. जीसी सक्सेना, डॉ. संजय टंडन, विधायक कुंवर मानवेन्द्र सिंह, राजा महेंद्र अरिदमन सिंह, डॉ. विजय कुमार गौतम, डॉ. अशोक विज, डॉ. अपूर्व चतुर्वेदी, डॉ. बृजेश चंद्रा, विधायक पुरुषोत्तम खंडेलवाल, चौ. वाजिद निसाद, निर्मला दीक्षित, डॉ. डीसी गोयल, अरुण डंग, डॉ. अलका रावत, अप्सा एसोसिएशन के अध्यक्ष सुशील गुप्ता, डॉ. गिरधर शर्मा, डॉ. प्रधुम्न शर्मा, टीएस राणा, डीएस राणा आदि उपस्थित रहे।

## होली मिलन समारोह में उड़े रंग- गुलाल

**मथुरा।** बी0एस0ए0 कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एण्ड टैक्नोलॉजी व एएसएम पॉलीटेक्निक मथुरा के डा0 सी0वी0 रमन सभागार में होली मिलन समरोह का आयोजन किया गया। इस समारोह में कालेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल, पूर्व चेयरमैन मट्टोमल अग्रवाल, निदेशक प्रोफेसर डा0 श्याम सुन्दर अग्रवाल, एएसएम पॉलीटेक्निक निदेशक प्रोफेसर डा0 लोकेन्द्र कुमार शर्मा, फामेर्सी निदेशक डा0 राजेश कुमार सैनी, रजिस्ट्रार भगवान सिंह, समस्त विभागाध्यक्ष, शिक्षक-शिक्षिकायें एवं समस्त स्टाफ ने पूरे हर्ष और उल्लास के साथ होली मिलन समारोह मनाया। इस कार्यक्रम के दौरान शिक्षक व अन्य स्टाफ ने होलीगीत व भजन गा कर कार्यक्रम का समा बांधा और सभी गुलाल के रंग में उत्साहित दिखे। इस अवसर पर कालेज के चेयरमैन एडवोकेट उमाशंकर अग्रवाल ने कहा कि यह पर्व हमें गिले शिकवे भुला कर एक हो जाने व सामाजिक भेदभाव मिटाने का संदेश देता है। अंत में कालेज के चेयरमैन द्वारा समस्त शिक्षक व स्टाफ को उपहार देकर शुभकामनायें दीं।

# विधवाओं ने सुध-बुध खोकर किया नृत्य, खुशनुमा हुआ माहौल



**मथुरा।** वृंदावन के कृष्ण कुटीर महिला आश्रय सदन में आज निराश्रित पश्चिम बंगाल की विधवा माताएं होली के रंगों में सराबोर होकर ऐसा नृत्य किया कि वह सुध-बुध खो बैठी। यह होली का सिलसिला काफी देर तक चला। एक दूसरे को रंग लगाते हुए होली के गीतों के बीच नृत्य करके माहौल को खुशनुमा बना दिया। वृंदावन नगर के नगला रामताल स्थित कृष्णा कुटीर महिला आश्रय सदन में मंगलवार दोपहर को आयोजित होली महोत्सव में होली के गीत और नृत्य के प्रदर्शन के बीच होली का उल्लास घंटों चला। जिन विधवा माताओं का परिवेश सफेद साड़ी में था, वह त्योहार मनाने के लिए एक-दूसरे पर रंग बिखेरती रहीं। इन माताओं में ज्यादातर पश्चिम बंगाल की मूल निवासी हैं, उन्होंने एक-दूसरे पर फूलों की पंखुड़ियां फेंकी और रंग लगाया। नृत्य किया और कृष्ण भजन, होली गीत गाए। फूलों की होली के बाद शुरू हुई रंगों की होली। रंगों से एक-दूसरे को सराबोर किया। चेहरे की मुस्कान बता रही थी कि वह

● वृंदावनः आश्रय सदन में होली महोत्सव

कह रही हैं कि इससे अधिक खुशी कुछ भी नहीं। करीब 70 वर्ष की उम्र पार कर चुकी राधा दासी के लिए यह बड़ा उत्सव था, साथी कुंती मां और कमला दासी को रंग लगाया और बोलीं, सखी आओ री खेलो होरी। होली में भगवान श्रीराधाकृष्ण के स्वरूपों संग विधवा माताओं ने फूलों की होली खेलीं। होली का आनंद दूर से कुर्सियों पर बैठ बैकुंठी देवी ले रही थीं। होली क्यों नहीं खेल रही, बोलीं, कौन न खेलना चाहेगा, लेकिन हमारे पैर काम नहीं करते। सखियों को खुश देख रही हूं तो खुशी में हमारी आंखें भी नम हो गईं। हां, साथियों का उत्साहवर्धन तालियां बजाकर किया। सदन संचालिका शिल्पा मुमगई ने कहा होली में विधवाओं कि भागीदारी रूढ़िवादी परंपरा से एक विराम का प्रतीक है, जो एक विधवा को रंगीन साड़ी पहनने से भी मना कर रही थीं।

**आश्रम गोदा बिहार में हुई लठामार होली**

**वृंदावन।** कान्हा की नगरी में होली की खुमारी बढ़ती जा रही है। मंदिर देवालयों में भक्तो द्वारा पूरे भक्तिभाव के साथ होलिकोत्सव मनाया जा रहा है। इसी क्रम में ज्ञानगुदड़ी स्थित आश्रम गोदा बिहार में ठाकुर राधा बिहारी जी महाराज के पावन सान्निध्य में होलिकोत्सव मनाया गया। महोत्सव में फूलों की होली के बाद लाठामार होली खेली गई। जिसमे ब्रज की हुरियारिनों ने प्रेम पगी लाठियां भक्तो पर बरसाईं। आश्रम गोदा बिहार में होलिकोत्सव का शुभारंभ ठाकुर राधा बिहारी जी महाराज को गुलाल निवेदित कर हुआ। इसके बाद ब्रज के पारंपरिक परिधान में सजी हुरियारिनों ने भक्तो पर जमकर प्रेम से पगी लाठियां बरसाई।

## धनगर जाति प्रमाण पत्र : बहती गंगा में नेताओं ने भी हाथ धो लिये

● फतेहाबाद तहसील में तैनात रहे चकबंदी लेखपाल राजीव कुमार ने किया सारा खेल, तहसीलदार ने लिखाया मुकदमा

**आगरा।** भला ऐसा कौन होगा जो बहती गंगा में हाथ नहीं धोना चाहेगा। फतेहाबाद तहसील से जारी हुए 18 धनगर जाति प्रमाण पत्रों के मामले का जो खुलासा हुआ है, उसके लाभार्थियों में भाजपा, और कांग्रेस के नेता भी हैं। कोई सदर क्षेत्र का निवासी है तो कोई एत्मादपुर तहसील का रहने वाला है। इन सभी को फतेहाबाद के वाजिदपुर गांव का निवासी बताकर अनुसूचित जाति के धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी कर दिए गए।

फतेहाबाद के तहसीलदार आशीष कुमार त्रिपाठी ने इस मामले में फतेहाबाद थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। रिपोर्ट में इस सारे फर्जीवाड़े के लिए फतेहाबाद तहसील के तत्कालीन चकबंदी लेखपाल राजीव कुमार को तो लपेटा ही गया है, उन नामों का खुलासा किया गया है, जिन्होंने लेखपाल से मिलीभगत कर स्वयं को फतेहाबाद क्षेत्र के गांव का निवासी दर्शाकर धनगर जाति प्रमाण पत्र हासिल किए हैं। रिपोर्ट में जिन लोगों के द्वारा फर्जी तरीके से जाति प्रमाण पत्र हासिल करने का आरोप लगाया गया है, उनमें भाजपा नेता प्रेम सिंह बघेल भी हैं। प्रेम सिंह बघेल सदर तहसील के नगला तलफी (दयालबाग) गांव के निवासी हैं और बसपा सरकार में मंत्री रहे स्व. सेठ किशन लाल बघेल के पुत्र हैं। इनका गांव नगला तलफी है और आगरा शहर में रहते हैं। प्रेम सिंह बघेल बसपा के अलावा सपा में भी रह चुके हैं और आजकल भाजपा में हैं। इन्हें फतेहाबाद के वाजिदपुर गांव का निवासी दर्शाकर धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी हुआ है। यही नहीं प्रेम सिंह बघेल की पुत्री खुशी का भी धनगर प्रमाण पत्र यहीं से बना है।

कांग्रेस के जिला उपाध्यक्ष तेज सिंह बघेल एडवोकेट का धनगर जाति प्रमाण पत्र भी वाजिदपुर गांव का निवासी बताकर फतेहाबाद तहसील से बनाया गया है। तेज सिंह बघेल मूल रूप से धनौली के निवासी हैं।

सैंया क्षेत्र के गांव छत्तापुरा झंडीपुर मजरा स्यारमऊ के निवासी सुभाष आगरा शहर में पश्चिमपुरी क ?लोनी में रहते हैं। फतेहाबाद के तत्कालीन चकबंदी लेखपाल राजीव कुमार ने सुभाष को भी गांव वाजिदपुर का बताकर उनका धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी करवा दिया। शमसाबाद क्षेत्र के गांव हिरनेर के निवासी भावना बलवीर भी लाभार्थियों में शामिल हैं। एत्मादपुर क्षेत्र के छलेसर स्थित महावीर ढाबा के मालिक महावीर सिंह के छोटे भाई मुनेश का भी फतेहाबाद से धनगर जाति प्रमाण पत्र जारी हुआ है।

## गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी के चेक वितरित किये



**फिरोजाबाद।** शासन प्रशासन का उद्देश्य है कि समाज के सभी तबकों को सरकारी योजनाओं से आच्छादित करते हुए उनके जीवन में उत्पन्न समस्याओं को दूर किया जाए, इसी विचार के तहत प्रधानमंत्री उज्ज्वला योजना के अंतर्गत रु. 1890 करोड़ की धनराशि से उत्तर प्रदेश के 1.86 करोड़ पात्र परिवार को गैस सिलेंडर रिफिल सब्सिडी का वितरण उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा लोकभवन सभागार कक्ष में आयोजित कार्यक्रम में वितरित किया गया, जनपदों में इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण लाभार्थियों की उपस्थिति में देखाा गया। इस कार्यक्रम की अध्यक्षता महापौर कामिनी राठौर ने की उनके साथ कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व विशु राजा एवं उज्वला के नोडल अधिकारी मोहम्मद वसीम जिला पूर्ति अधिकारी स्वीटी सिंह भी उपस्थित रहीं, साथ ही साथ बड़ी संख्या में महिला लाभार्थियों ने भी इस कार्यक्रम में शिरकत की। जनपद में इस योजना के कुल लाभार्थियों की संख्या 2 लाख 33 हजार 322 है, इस अवसर पर महापौर ने नन्नी देवी, रूबी बेगम, नीरज पिंकी देवी, बबली, बबीता, सुरजमुखी, मार्गश्री, सुनीता देवी, मीरेश देवी, पुष्पा देवी, अनीता देवी, पिंकी, सोनी कमला देवी, फिजा, नूरजा बेगम, इमराना हुस्नबानो, इमराना, सबाना आयशा इशरत नगीना आदि लाभार्थियों को चेक वितरण किया।

## डीएम ने जे.एस विवि शैक्षिक अभिलेखों में फर्जीवाड़ा की जांच समिति गठित की

**फिरोजाबाद।** जेएस विवि शिकोहाबाद में हुए शैक्षिक अभिलेखों में फर्जीवाड़ा के सम्बन्ध में डीएम ने सीडीओ की अध्यक्षता में जांच समिति का गठन किया है। समिति में सीडीओ अध्यक्ष एडीएम विरा सदस्य, एएसपी ग्रामीण, सदस्य, क्षेत्रीय उच्च शिक्षा अधिकारी सदस्य, वरिष्ठ कोषाधिकारी फिरोजाबाद शामिल हैं। समिति द्वारा बुधवार को जेएस विवि, शिकोहाबाद, फिरोजाबाद का स्थलीय निरीक्षण किया गया। स्थलीय निरीक्षण के समय विश्वविद्यालय में केवल गार्ड, माली उपस्थित मिले, विश्वविद्यायल के अन्य कोई प्रशासनिक अधिकारी, अन्य अधिकारी, कार्मिक प्राध्यापक आदि उपस्थित नहीं मिले। अतः जांच के सन्दर्भ में जेएस विवि शिकोहाबाद के कुलपति, उप कुल सचिव, परीक्षा नियन्त्रक, अन्य को अपना पक्ष, अभिलेख, साक्ष्य आदि दिनांक 17-3-2025 को अपरान्ह 5 बजे तक समस्त प्रमाणित अभिलेखों, साक्ष्यों सहित अपना पक्ष मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय, सिविल लाइन, दबरई, फिरोजाबाद में उपलब्ध कराने का निर्देश समिति द्वारा दिया गया है। इसके अतिरिक्त समिति ने जे०एस० विवि, शिकोहाबाद जनपद फिरोजाबाद के सन्दर्भ में कोई भी छात्र, अभिभावक या व्यक्ति, संस्था आदि उपरोक्त के सन्दर्भ में अपना पक्ष साक्ष्य, अभिलेख, बयान रखना चाहते हैं, तो किसी भी कार्य दिवस में अपरान्ह 05 बजे तक मुख्य विकास अधिकारी कार्यालय सिविल लाइन, दबरई, फिरोजाबाद में उपलब्ध करा सकते हैं।

## बगीचे में बैठ द्वारिकानाथ ने भक्तों संग खेली होली, पीले और लाल गुलाब से

**मथुरा।** प्रसिद्ध द्वारिकाधीश मंदिर में आज भगवान द्वारिकानाथ ने बगीचे में बैठकर भक्तों पर रंग-बिरंगे रंगों को बड़ी-बड़ी पिचकारियों से डाला तो भक्त निहाल हो गये। टेसू के चहकते पीले फूलों और रूह- गुलाब के अत्यंत मोहक रंगों ने आज द्वारिकाधीश मंदिर में अदभुत छटा बिखेर दी। दूर-दूर से आये श्रद्धालु प्रभु के दरबार से चली पिचकारी का रंग अपने ऊपर लेने के लिये आतुर नजर आये। मंदिर परिसर में स्थानीय ब्रजवासियों की तो भीड़ थी ही, दूरदराज से होली देखने आये लोग द्वारिकानाथ प्रभु के बगीचे में होली खेलने के दृश्य को देखकर धन्य हो गये। मंदिर में होली के रंग चैतरफा बिखरे नजर आये। रंग गुलाल और अबीर के इंद्रधनुषी बादल मंदिर प्रांगण में बरबस ही भक्तों का ध्यान अपनी ओर आकृष्ट कर रहे थे। ब्रज में होली तो अनूठी होती ही हैं, एक से एक रंगों के उत्सव इस ब्रज की परंपरा में अब शामिल हो गये हैं जिसे देखने और निभाने के लिये भक्त और ब्रजवासी 15 दिनी होली का खूब आनंद लेते हैं। जगह- जलग रसिया, नृत्य, गायन, रंग-गुलालों की बरसात सभी कुछ तो इस ब्रज में है जिसके लिये लोग यहां आते हैं। आज द्वारिकाधीश मंदिर में बगीचे मे जब प्रभु द्वारिकानाथ बिराजे तो भक्त गदगद हो गये। होली का यह उत्सव लगभग डेढ घंटे तक चला। इस दौरान पूरा मंदिर प्रांगण रंग, गुलाल, अबीर और भिन्न-भिन्न प्रकार की खुशबूओं से महक उठा।



# खाना पूर्ति न करें बल्कि समस्याओं का हल निकालेंः जिलाधिकारी



**फिरोजाबाद।** डीएम रमेश रंजन की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक का आयोजन किया गया, डीएम ने इस बैठक में इन बिंदुओं पर विशेष रूप से चर्चा की, जिसके कारण जनपद में दुर्घटनाएं होती हैं, डीएम ने कहा कि नए ब्लैक स्पॉटों की पहचान करें, साथ ही साथ उन कारणों का भी अवलोकन करें जिसके कारण दुर्घटनाएं होती हैं, डीएम ने कहा कि जो भी जागरूकता कार्यक्रम या स्कूल के बच्चों या अन्य के द्वारा प्रचार-प्रसार हेतु जागरूकता फैलाई जाती है, उस दौरान पुलिस ट्रैफिक एवं प्रशासन के अधिकारी उपस्थित रहें, जिससे इन कार्यक्रमों की प्रासंगिकता रहे, गोल्डन आवर में एंबुलेंस की व्यवस्था हो, साथ ही जहां ज्यादा दुर्घटनाएं हो रही हैं, वहां एआरटीओ के साथ अन्य प्रशासन के अधिकारियों को मिलाकर समिति का गठन किया जाए, जो इन घटनाओं की त्वरित जांच कर सके।

यूपीडा के अधिकारियों को निर्देशित करते हुए कहा कि खड़े वाहनों का चालान किया जाए, साथ ही पेट्रोलिंग वाहनों की संख्या बढ़ाई जाए, जहां तीन या तीन से अधिक मृत्यु हो वहां 48 घंटे के अंदर टीम जांच कर सही स्थिति से अवगत करायें, जिससे ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो, नेशनल हाईवे पर स्थित शराब की दुकानों को तुरंत बंद कराएं, साथ ही ऐसी बसें जो बिना परमिट के सड़कों पर चल रही है और जुर्माना इत्यादि लगाने पर भी इसमें कोई सुधार नहीं आ रहा है, तो ऐसी बसों पर पूर्णतयः प्रतिबंध लगायें, साथ ही उन्होंने जल जीवन मिशन के तहत जहां-जहां सड़क क्षतिग्रस्त की जा रही हैं, उन्हें तुरंत दुरुस्त करने के निर्देश दिए, उन्होंने एआरएम को निर्देशित किया कि प्राइवेट बसों की पार्किंग की व्यवस्था हो, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके, बैठक के दौरान एसएसपी सौरभ दीक्षित सीडीओ शत्रोहन वैश्य, सीएमओ डॉ. राम बदन राम, एडीएम विशु राजा सहित सम्बन्धित जिला स्तरीय अधिकारी आदि उपस्थित रहे।

## उटंगन, खारी व किवाड़ नदियों में यूपी के हिस्से का जल लाकर रहेंगे : चाहर

**आगरा।** राजस्थान में बांध बनाकर आगरा के हिस्से का पानी रोक लेने के मुद्दे को सांसद राज कुमार चाहर ने अपने हाथ में ले लिया है। सांसद ने उटंगन, खारी और किवाड़ नदी समेत आगरा की पांच नदियों का आगरा के हिस्से के पानी को आगरा जिले को दिलाने की ठान ली है। इस दिशा में अपने कदम भी आगे बढ़ा दिए हैं। सांसद राज कुमार चाहर ने सिंचाई विभाग के अधीक्षण अभियंता धर्मेंद्र सिंह फोगाट, अधिशासी अभियंता करन पाल के साथ बैठकर यह समझा कि आगरा जिले से गुजरने वाली उटंगन, खारी और किवाड़ समेत अन्य नदियों के पानी में से आगरा (यूपी) का कितना हिस्सा है। राजस्थान में कहां-कहां पर बांध बनाकर आगरा के हिस्से का पानी रोक लिया गया है। अधिकारियों के साथ बैठक में सांसद ने यह तय किया कि आगरा को उसका हक दिलाने के लिए किस दिशा में चलकर लड़ाई लड़नी है। सांसद चाहर ने कहा कि वे इन नदियों को जल बंटवारे में मिले यूपी के हिस्से को लाकर रहेंगे। इसका लाभ आगरा जनपद की किरावली, खेरागढ़, फतेहाबाद और बाह तहसील के सैकड़ों गांवों को मिलेगा। कभी इन नदियों में साल भर पानी रहता था, लेकिन पिछले कुछ वर्षों से इनमें मानसून के मौसम में ही पानी दिखता है। बाकी के दिनों में ये नदियां जल शून्य हो जाती हैं। इसका विपरीत असर आगरा के हजारों किसानों पर पड़ा है। भाजपा किसान मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने कहा कि वे इस मामले को लेकर जल्द मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से मुलाकात कर उनके समक्ष पूरा विषय रखेंगे। यूपी सरकार के जरिए राजस्थान सरकार के समक्ष इन नदियों के यूपी के हिस्से के पानी की दावेदारी प्रस्तुत की जाएगी। उन्होंने कहा कि नदियों के जल पर उन सभी राज्यों का अधिकार होता है जहां से वे गुजरती हैं। राजस्थान सरकार ने यूपी के हिस्से का पानी पांचना और अजान बांध बनाकर रोक लिया है। इससे आगरा की जल संचय संरचनाएं वीरान पड़ी हुई हैं। हम आगरा का हक नहीं छोड़ेंगे। इसे लेकर रहेंगे।

# जिला जेल में जागरूकता कार्यक्रम, बंदियों को दिखाया सचल ऑडियो वीडियो



**मथुरा।** जिला कारागार मथुरा में निरुद्ध बंदियों को समाज की मुख्य धारा से जोड़ने एवं नशे के दुष्प्रभाव के प्रति जागरूक करने के लिए ब्रह्मकुमारी के सचल ऑडियो वीडियो वाहन के माध्यम से कार्यक्रम प्रस्तुत किए गए। उक्त कार्यक्रम में प्रस्तुत किए गए वीडियो से बंदी बहुत प्रभावित हुए। कार्यक्रम का शुभारम्भ अंशुमन गर्ग जेल अधीक्षक ने किया उन्होंने नशे से होने वाले दुष्प्रभाव की जानकारी बंदियों को दी। इस अवसर पर चिकित्साधिकारी डॉ उपेंद्र पाल सिंह सोलंकी, जेलर सुशील कुमार वर्मा, डिप्टी जेलर रविन्द्र कुमार, दुर्गेश प्रताप, अनूप कुमार एवं सुश्री करुणेश, सीएम तिवारी लेखाकार व अन्य कार्मिक उपस्थित रहे।

## रमजान और होली को लेकर पुलिस ने किया पैदल मार्च

**मथुरा।** मथुरा पुलिस उपमहानिरीक्षक वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडे के निर्देशन में आगामी त्यौहार होली और रमजान को लेकर थाना प्रभारी गोविंद नगर कमलेश कुमार सिंह ब अजय कुमार सिंह चैकी प्रभारी डीग गेट ब अरुण त्यागी चैकी प्रभारी बिरला मंदिर मुस्ताक मेंहदी ब अनुज तोमर ब आमोद आदि लोगों के साथ थाना गोविंद नगर चैकी डीग गेट से लेकर भरतपुर गेट होते हुए चैक बाजार होते मंडीराम होते हुए क्षेत्र में कानून व्यवस्था दुरुस्त बनाए रखने के लिए संदिग्ध व्यक्तियों चेकिंग करते हुए पैदल मार्च किया। डीआईजी शैलेश पांड़े ने बताया कि होली पर ब्रज में हमेशा भाईचारा कायम रहा रहा है। यहां सभी समाज के लोग मिलजुल कर सभी त्योहारों को प्यार प्रेम और उमंग के साथ मनाते है। उन्होने बताया कि होली की धूल वाले दिन ही जुमे की नमाज है। इसको लेकर पीस कमेटी की बैठक हर थाना स्तर पर कर ली गई है। धर्म गुरुओं से नमाज के समय में बदलाव के लिए कहा गया है, जिससे नमाजियों को किसी तरह की असुविधा नहीं हो।

## भाजपा नेताओं के खिलाफ एफआईआर के बाद तनातनी बढ़ी

**आगरा।** मंगलवार का यह चित्र तब का है जब भाजपा के दो नेता एडीए वीसी से मिलने पहुंचे थे। यह मानते हुए कि भाजपा वाले फिर से एडीए का घेराव करने आए हैं, वीसी दफ्तर परिसर में ही कुर्सी डालकर बैठ गईं थीं। नामजद भाजपा नेताओं ने एडीए की शह पर हो रहे अवैध निमार्णों की कुंडली तैयार कर ली है और इसको लेकर वे वीसी के खिलाफ मोर्चा खोलने की तैयारी में हैं। सोमवार को युवा मोर्चा के कार्यकताओं ने अध्यक्ष शैलू पंडित और ब्रज क्षेत्र मंत्री गौरव राजावत के नेतृत्व में एडीए में तालाबंदी कर दी थी। साथ ही कार्यकर्ता वहीं धरना देकर बैठ गए थे। धरने के बाद दबाव में आए प्राधिकरण ने दोपहर बाद भाजपा नेताओं की शिकायत पर जगदीशपुरा क्षेत्र के दो निर्माण सील कर दिए थे। इसके बाद धरना भी समाप्त हो गया था। मंगलवार को भाजपा नेता गौरव और शैलू एडीए वीसी को प्राधिकरण कर्मियों की शह पर हो रहे उन अवैध निमार्णों की सूची सौंपने पहुंचे थे, जिनके खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं हुई है। प्राधिकरण की फाइलों में इन अवैध निमार्णों के सील और ध्वस्तीकरण के आदेश हो रखे हैं पर आज तक कोई कार्रवाई नहीं हुई है। जब ये दोनों नेता प्राधिकरण कार्यालय पहुंचे तो उन्हें सुरक्षाकर्मियों ने गेट पर ही रोक लिया। इतना ही नहीं, वीसी खुद प्राधिकरण कार्यालय के अंदर बने मंदिर वाली सड़क पर कुर्सी डालकर बैठ गईं और पूरा स्टाफ उनके इर्द-गिर्द खड़ा हो गया था। इसके बाद दोनों पक्ष आमने-सामने थे। वीसी के निर्देश पर प्राधिकरण के इंजीनियर ने दोनों नेताओं को नामजद करते हुए 40-50 अज्ञात लोगों के खिलाफ रिपोर्ट भी दर्ज करा दी है। रिपोर्ट दर्ज के बाद दोनों भाजपा नेताओं ने भी प्राधिकरण वीसी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। वह अवैध निमार्णों की पूरी सूची मुख्यमंत्री को सौंपने की तैयारी कर रहे हैं। यदि उनके द्वारा तैयार सूची पर कार्रवाई हुई तो कई चौंकाने वाले खुलासे होंगे।

## ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन ने सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में ज्ञापन सौंपा



**फिरोजाबाद।** सीतापुर में पत्रकार की हत्या के विरोध में ग्रामीण पत्रकार एसो. फिरोजाबाद के पदाधिकारियों व सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर एडीएम को राज्यपाल के नाम सौंप नाराजगी जताई। बुधवार को ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन फिरोजाबाद के पदाधिकारी एवं सदस्यों ने जिला मुख्यालय पर अपर जिला अधिकारी को राज्यपाल के नाम एक ज्ञापन आगरा मंडल अध्यक्ष अखिलेश सक्सेना के नेतृत्व में सौंपा इस दौरान जिलाध्यक्ष उद्देश्य तिवारी ने कहा कि सीतापुर में एक पत्रकार साथी राघवेंद्र बाजपेई की गोली मारकर निर्मम हत्या का मामला आया वह बेहद दुखद व चिंताजनक है घटना के आरोपियों की जल्द गिरफ्तारी की जाए, वहीं महासचिव धर्मेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई के परिवार के एक व्यक्ति को सरकारी नौकरी व उचित मुआवजा दिलाया जाए। सह सचिव विपिन कुमार ने कहा कि पत्रकार लोकतंत्र का चौथा स्तंभ होते हैं सीतापुर में पत्रकार की दिनदहाड़े गोली मारकर हत्या का मामला बेहद चिंताजनक है तथा पत्रकारों की सुरक्षा के लिए आयोग का गठन होना चाहिए जिससे पत्रकार निडरतापूर्वक निष्पक्ष खबरें प्रकाशित कर सके। इस दौरान एडीएम को ज्ञापन सौंपने के बाद सभी पत्रकारों ने दो मिनट का मौन रख कर मृतक पत्रकार राघवेंद्र बाजपेई की आत्मा की शांति तथा परिवार के लोगों को यह अटूट दुख सहने की शक्ति प्रदान करने की ईश्वर से कामना की, इस दौरान यशवंत प्रताप सिंह श्रीकृष्ण चित्तौड़ी संजीव कुमार, सोमेंद्र पोनियां दुर्वेश कुमार नेमीचन्द्र कुशवाह अवनीश कुमार, दिनेश प्रताप सिंह विनेश कुमार जे पी गौतम आदि के साथ अन्य पत्रकार मौजूद रहे।

## राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत पुलिस लाइन में ली गयी शपथ



**फिरोजाबाद।** बुधवार को राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत पुलिस लाइन फिरोजाबाद में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित किया गया। इस कार्यक्रम का उद्देश्य तंबाकू उत्पादों के दुष्प्रभावों के प्रति जागरूकता फैलाना और समाज को तंबाकू मुक्त बनाने के लिए संकल्प लेना है। कार्यक्रम में क्षेत्राधिकारी लाइन प्रतिसार निरीक्षक व अन्य अधिकारी कर्मचारियों ने भाग लिया। सभी ने तंबाकू सेवन से दूर रहने और समाज में इसकी रोकथाम के लिए कार्य करने की शपथ ली। कार्यक्रम के दौरान तंबाकू के स्वास्थ्य पर पड़ने वाले गंभीर प्रभावों के बारे में बताया गया और सभी से इस सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूकता फैलाने की अपील की। इस अवसर पर उपस्थित अधिकारियों ने कहा कि आम जनता को तंबाकू छोड़ने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा तथा तंबाकू नियंत्रण अधिनियम- 2003 के प्रभावी क्रियान्वयन को सुनिश्चित किया जाएगा।

# संस्कृति विवि में छात्रों को उद्यमी बनने के लिए किया जागरूक



**मथुरा।** संस्कृति विवि में स्कूल ऑफ इंजीनियरिंग, सूचना प्रौद्योगिकी, स्कूल ऑफ मैनेजमेंट एंड कामर्स, स्कूल ऑफ एग्रीकल्चर द्वारा संयुक्त रूप से उद्यमिता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। विकास आयुक्त, एमएसएमई, निर्माण भवन, नई दिल्ली द्वारा प्रायोजित इस महत्वपूर्ण कार्यक्रम में विशेषज्ञ वक्ताओं ने संस्कृति विवि के विद्यार्थियों को उद्यमी बनने के लिए जरूरी कौशल और समझ के बारे में विस्तार से जागरूक कर प्रोत्साहित किया।

संस्कृति विवि के कुलपति प्रो. एमबी चेट्टी के स्वागत भाषण से प्रारंभ हुए इस जागरूकता कार्यक्रम में रोजगार कार्यालय आगरा के क्षेत्रिय निदेशक सौरभ परमार ने कहा कि विद्यार्थियों से कहा कि जरा सोचकर देखें कि जब आप किसी कंपनी में नौकरी करते वक्त कुछ अपने हिसाब से कर सकते हैं, आपको सारा काम कंपनी के निदेर्शानुसार ही करना पड़ेगा। उसके बाद आपको निर्धारित वेतन ही मिलेगा, ऐसा नहीं हो सकता कि आप एक साथ करोड़ों कमा लें। ऐसा तभी हो सकता है जब आप अपना खुद का काम करें। तब सारे नियम आपके होंगे, आप अपने हिसाब से काम कर सकेंगे। अनेक लोगों को रोजगार दे सकेंगे। उन्होंने उद्यमी बनने के लिए तीन विशेषताएं होना जरूरी बताया, रिस्क लेने की क्षमता, आगे बढ़ने की इच्छा, वेल्यु क्रिएटर, ये तीन बातें आपको अच्छा उद्यमी बना सकती हैं। उन्होंने कहा असफलता से डरना नहीं चाहिए और हमेशा सीखने के लिए तैयार रहना चाहिए। रोजगार कार्यालय आगरा के सहायक निदेशक डा.चंद्रचूढ़ द्विवेदी ने कहा कि हमारा नजरिया हमेशा व्यापक होना चाहिए। उन्होंने कहा कि कोई भी काम शुरू करने वाले तीन तरह के लोग होते हैं, एक वो जिन्हें हर काम कठिन लगता है, दूसरी श्रेणी के वो जो काम को शुरू तो करते हैं लेकिन बीच में ही छोड़ देते हैं और तीसरी श्रेणी के वे लोग होते हैं जो काम शुरू करते हैं और अंजाम तक पहुंचकर ही मानते हैं। उन्होंने खरगोश और कछुए की कहानी के माध्यम से विद्यार्थियों को लगन और इरादे के महत्व को समझाया। उन्होंने कहा कि यह हमारे यहां कि बहुत बड़ी विडंबना कि हमारे यहां विद्यार्थी एक तो सुनते नहीं दूसरा अच्छा बोल नहीं पाते। ये बेसिक स्किल्स हैं, ये आपके अंदर हैं, इन्हें आपको बाहर निकालना होगा। बैंक आफ इंडिया के स्माल स्केल इंडस्ट्री प्रोजेक्ट से जुड़ी ग्रांट थार्टन कंपनी के मैनेजर मनजीत ने विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं से जुड़ी महत्वपूर्ण साइटों की जानकारी देते हुए कहा कि आपके लिए सरकार हर स्तर पर सहयोग के लिए तैयार है। आप उद्यमी बनने का सपना रखते हैं तो उस सपने को पूरा करने के लिए सरकार हर सहायता देने के लिए तैयार है। कोई भी उद्योग शुरू करें आपके अंदर सबसे पहले जरूरी है आकांक्षा, फिर कौशल और उसके बाद आपका ज्ञान। ये तीनों गुण आपके अंदर हैं तो आप अच्छे उद्यमी बन सकते हैं। एमएसएमई आगरा के सहायक निदेशक योगेश श्रीवास्तव ने विद्यार्थियों को सरकारी योजनाओं की जानकारी दी। जिला रोजगार अधिकारी मथुरा ने विद्यार्थियों को कई महत्वपूर्ण जानकारियों और उद्यमिता के मौकों के बारे में विस्तार से प्रकाश डाला।




# आईसीसी वनडे रैंकिंग में रोहित तीसरे नंबर पर

## रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में 83 गेंदों पर 76 रन की पारी खेल टीम को जीत दिलाये

दुबई। भारतीय कप्तान रोहित शर्मा चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) की नवीनतम एकदिवसीय बल्लेबाजों की रैंकिंग में दो पायदान के सुधार के साथ तीसरे स्थान पर पहुंच गए, जबकि उनके सलामी जोड़ीदार शुभमन गिल शीर्ष स्थान पर बरकरार हैं।

रोहित ने न्यूजीलैंड के खिलाफ चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में बल्लेबाजी के लिए मुश्किल परिस्थितियों में 83 गेंदों पर 76 रन की पारी खेल टीम को चार विकेट से जीत दिलाने में अहम भूमिका अदा की। आठ टीमों के आईसीसी टूर्नामेंट में 218 रन बनाने वाले स्टार भारतीय बल्लेबाज विराट कोहली एक पायदान नीचे खिसककर पांचवें स्थान पर आ गए, जबकि श्रेयस अय्यर आठवें स्थान पर है। रैंकिंग में शीर्ष 10 में चार भारतीय शामिल हैं। न्यूजीलैंड के डेरिल मिचेल (एक स्थान ऊपर चढ़कर छठे स्थान पर), रचिन रवींद्र (14 स्थान ऊपर चढ़कर 14वें स्थान पर) और ग्लेन फिलिप्स (छह स्थान ऊपर चढ़कर 24वें स्थान पर) की तिकड़ी भी रैंकिंग में बड़ा सुधार करने में सफल रही। न्यूजीलैंड के कप्तान और बाएं हाथ के स्पिनर मिचेल सेंटनर ने वनडे गेंदबाजों की सूची में बड़ा सुधार किया है। फाइनल में दो विकेट के साथ चैंपियंस ट्रॉफी में कुल नौ विकेट लेने वाले सेंटनर छह स्थान के सुधार के साथ दूसरे पायदान पर पहुंच गये। इस सूची में श्रीलंका के ऑफ स्पिनर महीश तीक्षणा शीर्ष पर हैं। कुलदीप यादव और रविंद्र जडेजा की स्पिन जोड़ी चैंपियंस ट्रॉफी में अपने शानदार प्रदर्शन के बाद तीन-तीन पायदान ऊपर चढ़कर शीर्ष 10 में पहुंच गयी। बाएं हाथ के स्पिनर कुलदीप (तीसरे स्थान पर) ने टूर्नामेंट में सात विकेट चटकाकर अपने प्रदर्शन में बड़ा सुधार किया है। चैंपियंस ट्रॉफी में भारत के अजेय प्रदर्शन के दौरान पांच विकेट चटकाने वाले बाएं हाथ के स्पिनर जडेजा तीन पायदान ऊपर चढ़कर 10वें स्थान पर पहुंच गए हैं। अफगानिस्तान के स्टार अजमतुल्लाह उमरजई ने एकदिवसीय हरफनमौला खिलाड़ियों की रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर अपनी बढ़त बनाए रखी है। उन्हें हालांकि न्यूजीलैंड के तीन खिलाड़ियों से चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। सेंटनर एक पायदान ऊपर चढ़कर चौथे स्थान पर पहुंच गए जबकि माइकल ब्रेसवेल सात पायदान के फायदे से सातवें स्थान पर हैं। रचिन रवींद्र आठ पायदान चढ़कर आठवें स्थान पर पहुंच गए।



# शुभमन गिल आईसीसी के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी चुने गये

दुबई। भारत के स्टार सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल को फरवरी महीने के लिए आईसीसी (अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद) का महीने का सर्वश्रेष्ठ पुरुष खिलाड़ी चुना गया।

आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी और इंग्लैंड के खिलाफ सीमित ओवरों की घरेलू श्रृंखला के मैचों में बल्ले से यादगार प्रदर्शन करने वाले गिल ने ऑस्ट्रेलिया के स्टीव स्मिथ और न्यूजीलैंड के ग्लेन फिलिप्स को पछाड़ते हुए बुधवार को यह पुरस्कार जीता। गिल ने फरवरी में पांच वनडे मैचों में 101.50 की औसत और 94.19 के स्ट्राइक रेट से 406 रन बनाये। उन्होंने इंग्लैंड के खिलाफ तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में दो अर्धशतक और एक शतक जड़कर भारत को 3-0 से जीत दिलाने में अहम भूमिका निभाई। उन्होंने खेले गये पहले एकदिवसीय में 87, कटक में खेले गये दूसरे एकदिवसीय में 60 और फिर अहमदाबाद में खेले गये तीसरे वनडे में 112 रन बनाये। अहमदाबाद में 102 गेंद की पारी में 14 चौके और तीन छक्के जड़कर वह प्लेयर ऑफ द मैच के साथ श्रृंखला के सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार जीतने में सफल रहे। उन्होंने इस शानदार लय को चैंपियंस ट्रॉफी में भी जारी रखा। दुबई में भारत के पहले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 101 रन की पारी खेलने के बाद उन्होंने पाकिस्तान के खिलाफ 46 रन बनाये। भारत यह दोनों मैच आसानी से जीतने में सफल रहा। गिल के लिए यह तीसरा आईसीसी महीने का सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ी का सम्मान है। उन्होंने इससे पहले 2023 में दो बार (जनवरी और सितंबर) में इसे जीता था।



## दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को हराकर वेस्टइंडीज मास्टर्स आईएमएल सेमीफाइनल में

रायपुर। लेंडल सिमंस के शतक और रवि रामपॉल के पांच विकेट की बदौलत वेस्टइंडीज मास्टर्स ने यहां दक्षिण अफ्रीका मास्टर्स को 29 रन से हराकर इंटरनेशनल मास्टर्स लीग क्रिकेट टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। वेस्टइंडीज की टीम ने मंगलवार की रात को खेले गए मैच में पहले बल्लेबाजी के लिए आमंत्रित किए जाने पर सिमंस के 108 रन, कप्तान ब्रायन लारा के 34 गेंदों पर 29 रन और चैडविक वाल्टन के नाबाद 38 रन की मदद से पांच पर 200 रन बनाए। इसके जवाब में दक्षिण अफ्रीका की टीम आठ विकेट पर 171 रन ही बना पाई। उसकी तरफ से जॉक कैलिस ने 45, रिचर्ड लेवी ने 44 और जैक्स रूडोल्फ ने 39 रन का योगदान दिया। वेस्टइंडीज की तरफ से रामपॉल ने 26 रन देकर पांच विकेट लिए। वेस्टइंडीज की पारी का आकर्षण सिमंस का शतक रहा।

# बीएफआई ने चुनाव के लिए निर्वाचक मंडल से अनुराग ठाकुर का नाम हटाया

नयी दिल्ली। भारतीय मुक्केबाजी महासंघ (बीएफआई) ने 28 मार्च को होने वाले चुनाव के निर्वाचक मंडल में शामिल करने के लिए अनुराग ठाकुर के नामांकन को बुधवार को खारिज कर दिया और कहा कि पूर्व खेल मंत्री हिमाचल प्रदेश का प्रतिनिधित्व करने के पात्र नहीं हैं।

हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ ने चुनाव के लिए ठाकुर और उपाध्यक्ष राजेश भंडारी के नाम भेजे थे। बीएफआई ने 60 सदस्यीय निर्वाचक मंडल की सूची जारी की जिसे जांच के बाद अंतिम रूप दिया गया। बीएफआई ने निर्णय की व्याख्या करते हुए कहा कि अनुराग सिंह ठाकुर (हिमाचल प्रदेश मुक्केबाजी संघ) का नाम राज्य इकाई ने भेजा था। हालांकि उन्हें भारतीय मुक्केबाजी महासंघ के सात मार्च 2025 के नोटिस और भारतीय राष्ट्रीय खेल विकास संहिता 2011 के उल्लंघन के कारण अयोग्य पाया गया है। सभी संबद्ध राज्य संघों को भेजे गए सात मार्च के नोटिस में कहा गया था कि चुनाव एजीएम (बीएफआई को विधिवत अधिसूचित) के दौरान



बीएफआई से संबद्ध राज्य इकाइयों के केवल वास्तविक और विधिवत निर्वाचित सदस्य ही अपने संबंधित राज्योंकेंद्र शासित प्रदेशों का प्रतिनिधित्व करने के लिए अधिकृत होंगे। बीएफआई के एक सूत्र ने कहा, ठाकुर हिमाचल प्रदेश राज्य संघ के निर्वाचित सदस्य नहीं हैं इसलिए उनका नाम खारिज कर दिया गया है। सभी नामों की जांच करना और योग्य उम्मीदवारों की सूची निर्वाचन अधिकारी को भेजना बीएफआई का काम है जो अब सूची को अपलोड करेंगे। बीएफआई ने लैरी खारप्रान (मेघालय) और आशीष कुमार साहा (त्रिपुरा) के नामों को भी इसी कारण से खारिज कर दिया और स्पष्ट किया कि दिल्ली राज्य संघ द्वारा भेजे गए दो नाम रोहित जैनेंद्र जैन और नीरज कांत भट निर्वाचन अधिकारी से मंजूरी के अधीन थे। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) ने बीएफआई द्वारा समय पर चुनाव कराने में विफल रहने के बाद देश में मुक्केबाजी के दैनिक कामकाज की देखरेख के लिए पांच सदस्यीय तदर्थ पैनल का गठन किया था। हालांकि महासंघ द्वारा दिल्ली उच्च न्यायालय में अपील किए जाने पर चार मार्च को न्यायालय ने इस आदेश पर रोक लगा दी और इस कदम को मनमाना और अवैध करार दिया।

## पीएसए स्क्वाश प्रतियोगिता की सात साल बाद भारत में वापसी

मुंबई। रमित टंडन और अनाहत सिंह जैसे भारत के शीर्ष स्क्वाश खिलाड़ी 24 से 28 मार्च तक यहां होने वाली पीएसए प्रतियोगिता में हिस्सा लेंगे। इंडिया ओपन की कुल इनामी राशि 40 हजार डॉलर है और इसका आयोजन बॉम्बे जिमखाना के इंडोर कोर्ट में होगा। प्रतियोगिता में मिस्र, कनाडा, मलेशिया और जापान जैसे देशों के खिलाड़ी भी हिस्सा लेंगे। टंडन और अनाहत के अलावा वेलावन सेंथिलकुमार, वीर चोटरानी और आकांक्षा सालुंखे जैसे शीर्ष भारतीय खिलाड़ी भी टूर्नामेंट में प्रतिस्पर्धा पेश करेंगे।

## एशियाई कुश्ती चैंपियनशिप के लिए ट्रायल्स 15 मार्च को दिल्ली में

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती महासंघ ने राष्ट्रीय खेल महासंघ के रूप में अपनी स्थिति बहाल होने के बाद बुधवार को घोषणा की कि आगामी एशियाई चैंपियनशिप के लिए चयन ट्रायल 15 मार्च को दिल्ली के इंदिरा गांधी खेल परिसर में आयोजित किया जाएगा। यह डब्ल्यूएफआई के नए प्रशासन की देखरेख में पहला चयन ट्रायल होगा। डब्ल्यूएफआई के नए पदाधिकारियों को चुनने के लिए 21 दिसंबर 2023 को चुनाव होने के तीन दिन बाद इसे निलंबित कर दिया गया था।










## पीएसजी, बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान चैंपियंस लीग के क्वार्टर फाइनल में

मैड्रिड। जियानलुइगी डोनारुम्मा के शानदार प्रदर्शन की मदद से पेरिस सेंट जर्मेन (पीएसजी) ने लिवरपूल को पेनल्टी शूटआउट में हराकर बार्सिलोना, बायर्न म्यूनिख और इंटर मिलान के साथ चैंपियंस लीग फुटबाल टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश किया। पीएसजी ने दूसरे चरण के मैच में लिवरपूल को 1-0 से हराकर कुल स्कोर 1-1 से बराबर कर दिया। पीएसजी की तरफ से यह महत्वपूर्ण गोल ओस्मान डेम्बेले ने 12वें मिनट में किया। पेनल्टी शूटआउट में डोनारुम्मा ने डार्विन नुनेज़ और कर्टिस जोन्स के पेनल्टी शॉट्स को रोककर अपनी टीम को 4-1 से जीत दिला दी। पीएसजी का अगला मुकाबला एस्टन विला या क्लब ब्रुगे से होगा। बार्सिलोना ने अपने घरेलू मैदान पर रफिन्हा के दो और लैमिन यमल के एक गोल की मदद से बेनफिका को 3-1 हराया। बार्सिलोना ने इस तरह से 4-1 के कुल स्कोर से जीत हासिल की। वह क्वार्टर फाइनल में बोरूसिया डॉर्टमुंड या लिली से खेलेगा। पहले चरण में 3-0 से जीत के बाद बायर्न म्यूनिख को अपने जर्मन प्रतिद्वंद्वी बायर लीवरकुसेन को हराने में किसी तरह की परेशानी नहीं हुई।

## रोहन-रुतविका की जोड़ी ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप के दूसरे दौर में

बर्मिंघम। भारत के रोहन कपूर और रुतविका शिवानी गाडे की जोड़ी ने बुधवार को यहां कड़े मुकाबले में तीन गेम में जीत दर्ज करके ऑल इंग्लैंड बैडमिंटन चैंपियनशिप की मिश्रित युगल स्पर्धा के दूसरे दौर में जगह बनाई। रोहन और रुतविका की दुनिया की 40वें नंबर की जोड़ी ने यी होंग वेइ और निकोल गोंजालेस चैन की चीनी ताइपे की जोड़ी को यहां एरेना बर्मिंघम में पहले दौर के मुकाबले में 21-10 17-21 24-22 से हराया।
























# राष्ट्रीय शिक्षा नीति के तहत नवाचार को दे रहे बढ़ावा

एजेंसी

चंडीगढ़। राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने पंजाब विश्वविद्यालय (पीयू) के नीति निर्माताओं से बुधवार को विश्वविद्यालय और उद्योग जगत के बीच संबंधों तथा भविष्य की तैयारियों पर ध्यान देने के लिए कहा। मुर्मू ने इस बात पर जोर दिया कि ऐसी शिक्षा दी जानी चाहिए जिससे छात्रों को उनके जीवन और संघर्षों में मदद मिल सके। मुर्मू ने पंजाब विश्वविद्यालय के 72वें दीक्षांत समारोह को संबोधित करते हुए ये बातें कहीं। उन्होंने कहा कि यह सराहनीय है कि विकसित राष्ट्र के लक्ष्य को ध्यान में रखते हुए और राष्ट्रीय शिक्षा नीति के अनुरूप पीयू में अनुसंधान, नवाचार और वैश्विक भागीदारी को बढ़ावा दिया जा रहा है। वह इस समारोह को संबोधित करने वाली छठी राष्ट्रपति थीं। इससे पहले



डा.राजेंद्र प्रसाद ने 1951 में, नीलम संजीव रेड्डी ने 1981 में, ज्ञानी जैल सिंह ने 1985 में, ए. पी. जे. अब्दुल कलाम ने 2007 में और प्रणब मुखर्जी ने साल 2015 में दीक्षांत समारोह को संबोधित किया था। इस मौके पर पंजाब के राज्यपाल गुलाब चंद कटारिया, हरियाणा के राज्यपाल बंडारू दत्तात्रेय, पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान और हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी मौजूद थे। मुर्मू ने समारोह को संबोधित करते हुए कहा कि पिछले 140 वर्षों में पीयू उच्च शिक्षा के एक प्रमुख केंद्र के रूप में विकसित हुआ है। उन्होंने कहा, इस विश्वविद्यालय ने शिक्षा, खेल, अनुसंधान और सांस्कृतिक क्षेत्रों में अपनी अलग पहचान बनाई है। मुर्मू ने कहा, पीयू ने 17 बार मौलाना अबुल कलाम आजाद ट्रॉफी हासिल की है। यह इस विश्वविद्यालय के एथलीट्स के समर्पण और दृढ़ संकल्प का प्रमाण है।

## 15 को मिजोरम का दौरा करेंगे शाह

आइजोल। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह 15 मार्च को मिजोरम का दौरा करेंगे, जहां वह असम राइफल्स के प्रतिष्ठानों को आइजोल से करीब 15 किलोमीटर दूर जोखावसांग में स्थानांतरित किए जाने के लिए आयोजित एक समारोह में हिस्सा लेंगे।




## यूक्रेन में रूस का मिसाइल हमला

एजेंसी

कीव। रूस की ओर से यूक्रेन में मंगलवार देर रात किए गए मिसाइल हमलों में कम से कम पांच नागरिकों की मौत हो गई। यूक्रेनी अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। ये हमले ऐसे समय में किए गए, जब सऊदी अरब में कीव और वाशिंगटन के बीच मंगलवार को हुई बातचीत के दौरान अमेरिका के डोनाल्ड ट्रंप प्रशासन ने यूक्रेन को रूस के आक्रमण से निपटने के लिए दी जाने वाली सैन्य मदद पर लगाई गई रोक हटा ली ।


## तीन गुना और बढ़ा डिजिटल अरेस्ट व साइबर अपराध


नयी दिल्ली। सरकार ने बुधवार को संसद को बताया कि 2022 से 2024 के बीच देश में डिजिटल अरेस्ट और संबंधित साइबर अपराध के मामलों की संख्या लगभग तीन गुना हो गई और इस अवधि के दौरान धोखाधड़ी के जरिये निकाली गई राशि में 21 गुना की वृद्धि हुई। गृह राज्य मंत्री बंदी संजय कुमार ने एक प्रश्न के लिखित उत्तर में राज्यसभा में कहा कि राष्ट्रीय साइबर क्राइम रिपोर्टिंग पोर्टल (एनसीआरपी) पर पिछले तीन साल के डिजिटल अरेस्ट घोटालों के अद्यतन आंकड़े और संबंधित साइबर अपराध के मामलों के आंकड़े बताते हैं कि 2022 में ऐसी 39,925 घटनाओं की सूचना मिली जिनमें धोखाधड़ी के जरिये 91.14 करोड़ रुपये निकाले गए थे। आंकड़ों के अनुसार 2024 में, इस तरह के मामलों की संख्या लगभग 1,23,672 हो गई, जिनमें धोखे से निकाली गई राशि 21 गुना बढ़कर 19,35.51 करोड़ रुपये हो गई। कुमार ने बताया कि आंकड़ों के अनुसार, 2025 के शुरुआती दो महीनों के भीतर, 8 फरवरी तक डिजिटल अरेस्ट, साइबर अपराध के 17,718 मामलों की सूचना मिली जिसमें 210.21 करोड़ रुपये निकाले गए। कुमार ने बताया इस पोर्टल पर साइबर क्राइम की घटनाओं की सूचना दी गई जिन्हें प्राथमिकी में तब्दील किया गया और संबंधित कानून प्रवर्तन एजेंसियों ने उनकी जांच शुरु की। सरकार ने इस सम्बंध मे प्रणाली तैयार की है।










Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी** (पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com